
सुविचार
हितकारी और मनोरम बात दुर्लभ होती है। — भारवि

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi • Thursday, 19 October 2023 • Year : 01 • Issue : 272 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : 3 • www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

कुछ फिल्में करने का ऋचा चड्ढा को आज...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 65,877.02 |
| निफ्टी | : | 19,671.10 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,705 |
| चांदी | : | 78.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### रांची के ट्रैफिक एसपी बने कुमार गौरव

**RANCHI :** झारखंड सरकार ने 23 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। इसमें 13 पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत आईपीएस अधिकारी को नयी पोस्टिंग दी गयी है। जबकि दस नवनियुक्त आईपीएस को भी पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने बुधवार देर शाम अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना के अनुसार पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत कुमार गौरव को रांची का ट्रैफिक एसपी बनाया गया है। इसीप्रकार पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत अंजनी कुमार झा को एसीबी के एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया है।

### सिक्किम में फंसे पर्यटकों को सेना ने सुरक्षित निकाला

**GANGTOK :** सिक्किम में आई अचानक बाढ़ के बाद स्थिति में सुधार होने लगा है। सेना ने सिक्किम में फंसे पर्यटकों को निकालने का काम पूरा कर लिया है। अब सेना स्थानीय लोगों के साथ मजदूरों को निकालने के काम में जुटी है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक सिक्किम में आई बाढ़ की वजह से अभी तक 40 लोगों की मौत हो चुकी है। 14 दिन बाद भी 76 लोग अभी लापता हैं। इनकी तलाश में सेना जुटी हुई है।

### पाक की गोलीबारी में दो जवान घायल

**JAMMU :** जम्मू जिले के अरनिया सेक्टर की अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास विक्रम पोस्ट पर मंगलवार देररात पाकिस्तान की गोलीबारी में बीएसएफ के दो जवान घायल हो गए। घायल जवानों को जम्मू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पाकिस्तान की गोलीबारी में एक जवान के पेट तथा दूसरे के हाथ में गोली लगी है। विक्रम पोस्ट पर बीएसएफ की 120 बटालियन तैनात है। बीएसएफ तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया है।

### आजम खान, उसके पत्नी व बेटे को 7-7 साल की सजा

**RAMPUR :** रामपुर से बड़ी खबर है। अब्दुल्ला के फर्जी बर्थ सर्टिफिकेट मामले में आजम खान, पत्नी तंजीन फातिमा और अब्दुल्ला को 7-7 साल की सजा सुनाई है। अब्दुल्ला के दो बर्थ सर्टिफिकेट मामले में आजम फैमिली को रामपुर की स्पेशल एमपी/एमएलए कोर्ट ने बुधवार को दोषी करार दिया था।



### बकरी बाजार दुर्गा मंडप का खुला पट, राज्यपाल ने किया उद्घाटन

बुधवार को बकरी बाजार के दुर्गा मंडप का पट भक्तों के लिए खोल दिया गया। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भारतीय नवयुवक संघ बकरी बाजार के दुर्गा मंडप का उद्घाटन किया। इस दौरान सांसद संजय सेठ, सांसद महुआ माजी, विधायक सीपी सिंह, विधायक नवीन जयसवाल, संजीव विजयवर्गीय, समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर राज्यपाल ने ओसीसी क्लब दुर्गा पूजा समिति बंगला स्कूल के पंडाल का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ओडिशा के राज्यपाल बनाए गए पूर्व सीएम रघुवर दास

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ओडिशा के राज्यपाल बन गए हैं। राष्ट्रपति भवन से जारी एक विज्ञप्ति में बुधवार 18 अक्टूबर की रात को यह जानकारी दी गई। राष्ट्रपति भवन से जो कम्यूनिक जारी किया गया है, उसमें कहा गया है कि भारत की राष्ट्रपति ने आज दो राज्यपाल नियुक्त किए। इसमें बताया गया है कि इंद्र सेना रेड्डी नल्लू को त्रिपुरा का राज्यपाल नियुक्त किया जाता है, जबकि



रघुवर दास को ओडिशा का राज्यपाल बनाया जाता है। जिस दिन से ये लोग पदभार ग्रहण करेंगे, उसी दिन से इनकी नियुक्ति प्रभावी मानी जाएगी।

## इजराइल-हमास के जंग का दायरा बढ़ने का खतरा

### लोगों को लेबनान छोड़ने को कहा



गाजा सिटी में अस्पताल पर हमले में अपनों को खोने के बाद रोती हुई महिला




**AGENCY TEL AVIV-YAFO :** इजराइल-हमास जंग के 12वें दिन अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन ने अपने नागरिकों से लेबनान छोड़ने को कहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक जंग का दायरा बढ़ता देख अमेरिका और ब्रिटेन ने अपने नागरिकों से लेबनान नहीं जाने की भी अपील की है। ब्रिटेन ने अपने नागरिकों से कहा है कि जब तक वहां से फ्लाइट्स उड़ान भर रही हैं, तब तक वहां से निकल जाएं। वहीं, अमेरिका ने भी बेरूत में तैनात डिप्लोमेट्स के परिवारों को लेबनान से निकल जाने के लिए कहा है। दरअसल, 7 अक्टूबर को इजराइल की जवाबी कार्रवाई के बाद से ही लेबनान की तरफ से आतंकी संगठन हिजबुल्लाह इजराइल पर हमले कर रहा है।

### गाजा में हॉस्पिटल पर हमला, 500 लोगों की मारे जाने की खबर

मंगलवार देर रात गाजा सिटी के अहली अरब सिटी हॉस्पिटल पर हुए रॉकेट हमले में 500 लोगों के मारे जाने की खबर सामने आई। हमास ने दावा किया कि हमला इजराइल ने किया। वहीं, इजराइल ने कहा है कि हॉस्पिटल पर हुए हमले में उसका हाथ नहीं है। इस बीच इजराइली सेना ने एक फोन कॉल रिकॉर्डिंग रिलीज की है। इसमें दो हमास ऑपरेटिव अस्पताल पर हमले को लेकर बात कर रहे हैं

# झारखंड में 8 लाख बेघरों को मिलेगा तीन कमरों का मकान

## अबुआ आवास योजना को मिली स्वीकृति, 29 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**कैबिनेट का फैसला**

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 29 प्रस्ताव पारित किए गये। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि बैठक में सीएम अबुआ आवास योजना शुरू करने की स्वीकृति दी गयी। इस योजना से वैसे बेघरों को घर मिलेगा जिन्हें पीएम आवास, भीमराव अंबेडकर आवास सहित अन्य आवास योजनाओं से आवास देने की स्वीकृति नहीं मिली या वे वंचित रह गये। तीन कमरों का आवास दिया जाए। गरीबों को इस योजना का लाभ मिलेगा। 8 लाख लोगों को उसका लाभ मिलेगा। 31 वर्ग फीट का घर तीन कमरों का बनेगा। घर बनाने के लिए सहयोग राशि 2 लाख रुपए दिए जाएंगे। दिव्यांग को भी आवास मिलेगा।



### ग्राम गाड़ी योजना के लिए निजी बस ऑपरेटरों को रियायत

झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के सफलता के लिए निजी बस ऑपरेटर को रियायतें दी गई । नई वाहनों के लिए ही रियायत होगी। गाड़ी की बैठने की क्षमता भी बढ़ाई गई है। अधिकतम सीट की क्षमता 33 से 42 की गई है। द्वितीय सहायता 7 से 7.30 रुपए प्रति किलोमीटर। 25 से 32 सीट के लिए 14.5 प्रति किलोमीटर और 33 से 42 सीट तक के लिए 18 रुपए प्रति किलोमीटर अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जाएगी। मार्ग की दूरी अधिकतम लंबाई 70 किलोमीटर पहले थी जिसे बदलकर 125 किलोमीटर किया गया है। इसके अलावा फिटनेस जांच सुख नए वाहन के निबंध में 100 प्रतिशत छूट ,इसके अलावा जो छूट दी गई थी सारे छूट लागू रहेंगे। बताती योजना अक्टूबर 2022 में लांच हुई थी। विधायक योजना की आवंटित राशि को अब राष्ट्रीयकृत बैंकों में भी रखा जा सकता है इसके लिए नियम शिथिल किए गए।

### झारखंड कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण फैसले

- कर्मचारियों को पेंशन मद में मिलने वाली राशि को वित्तीय संस्थान में निवेश किया जाएगा।
- जेल अस्पतालों में चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए नियमावली बनायी गई।
- 2018 में भारत बंद को लेकर दर्ज मामले वापस होंगे। संजय महली, रूपा कुजूर, सुमंती टुडू, सुरीली टुडू के मामले वापस होंगे।
- जल सहिया को बकाया मानदेय और प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा।
- साड़ी-धोती योजना : ब्लॉक मुख्यालय तक ले जाने के लिए परिवहन भत्ता 2 रुपये तक मिलेगा।
- एमएलए फंड की राशि लैप्स होने से बचाने के लिए अब राशि पीएल खाते में नही, बैंक में रखे जाएंगे।

## पीएम मोदी कैबिनेट : केंद्रीय कर्मचारियों का 4% बढ़ा DA

सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) 4 प्रतिशत बढ़ाकर 46 प्रतिशत कर दिया है। इसका सीधा फायदा करीब 48.67 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 67.95 लाख पेंशनर्स को होगा। केंद्रीय कैबिनेट की बुधवार को हुई मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया। कर्मचारियों को नवंबर से बढ़ी हुई सैलरी मिलेगी। इसमें जुलाई और अक्टूबर के बीच की अवधि का एरियर भी शामिल होगा। इस फैसले से सरकार पर हर साल 12,857 करोड़ रुपए का भार आएगा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि रेलवे विभाग के 11 लाख 07 हजार 340 नॉन गजेटेड कर्मचारियों के लिए 78 दिन की सैलरी के बराबर बोनस देने का फैसला भी लिया गया है। इस पर 1,969 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस साल 2010-2011 से दिया जा रहा है। महंगाई भत्ता ऐसा पैसा है जो महंगाई बढ़ने के बावजूद सरकारी कर्मचारियों के जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए दिया जाता है।

## राष्ट्रपति पद से मुक्त होने के बाद गांव जाकर करूंगी खेती : मुर्मू

### राष्ट्रपति ने पटना में चौथे कृषि रोडमैप का किया शुभारंभ

**AGENCY PATNA :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को पटना के बापू सभागार में राज्यपाल और मुख्यमंत्री की उपस्थिति में चौथे कृषि रोडमैप का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति पद से मुक्त होने के बाद अपने गांव जाकर खेती करूंगी। उन्होंने कहा कि बिहार भी मेरा राज्य है। यहां कभी मेरे पूर्वज रहते थे। मैं किसान की बेटी हूं। कृषि रोडमैप की सारी जानकारी मुझे लेनी है। राष्ट्रपति ने कहा कि



संबोधित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि बिहार की प्रमुख फसल से एथेनॉल का उत्पादन किया जा रहा है। यह देश के ऊर्जा संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम है। सब्जियों और फलों का उत्पादन भी आर्थिक और पर्यावरण दृष्टिकोण से अच्छी पहल है। यहां कई तरह की सब्जियां भी प्रचुर मात्रा में उत्पादित की जाती हैं। मुर्मू ने कहा कि बिहार भगवान बुद्ध की धरती है, जिन्होंने संपूर्ण मानवता को शांति और सद्भाव का पाठ पढ़ाया। आप इस पावन धरती के वासी हैं। इसलिए आपसे यह अपेक्षा की जाती है कि आप आप एक ऐसे समाज का आदर्श प्रस्तुत करेंगे, जिसमें देश में कलह की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

### रांची में इंडिगो पायलट की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**RANCHI :** रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर आज बड़ा हादसा होने से टल गया। अगर समय पर विमान में आयी तकनीकी खराबी को पता नहीं चल पाता तो 150 यात्रियों की जान सांसत में रहती। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह 8.30 बजे रांची से कोलकाता के लिए उड़ान भरने जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 7562 के इंजन में तकनीकी परेशानी हो गई। यह फ्लाइट उड़ान भरने ही वाली थी। टैक ऑफ करने से पहले पायलट को तकनीकी खराबी की जानकारी हुई। जिसके बाद उसने प्रबंधन को इस बात की सूचना दी। इंडिगो की फ्लाइट संख्सा 6ए 7562 कोलकाता के लिए उड़ान भरने ही वाली थी। सभी यात्री अपनी सीट पर बैठ चुके थे। इसी बीच पायलट को इंजन में तकनीकी खराबी का पता चला।

## पीएम मोदी कल देश को पहली रैपिडएक्स रेल की देंगे सौगात

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में शुक्रवार (20 अक्टूबर) को देश की पहली क्षेत्रीय रेल रैपिडएक्स का उद्घाटन करेंगे। प्रथम चरण में यह सेवा 17 किलोमीटर लंबी होगी, जिसमें पांच स्टेशन होंगे। इन पांच स्टेशनों में साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई-डिपो शामिल है। इसकी सेवाएं हर 15 मिनट पर उपलब्ध होंगी और यह 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की चाल से चलेगी। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक रेलगाड़ी में एक



डिब्बा महिलाओं के लिए आरक्षित होगा। दोनों ओर से पहली रेलगाड़ी छह बजे और अंतिम सेवा रात 11 बजे उपलब्ध रहेगी। आम नागरिकों के लिए सेवाएं शनिवार से चालू की जाएंगी। उद्घाटन से पहले एनसीआरटीसी ने बुधवार को मीडिया ट्रेन का ट्रायल रन कराया। इसमें मीडिया प्रतिनिधियों ने भाग लिया और रैपिडएक्स ट्रेन की एक तरह से प्रीमियर शो का आनंद लिया। रैपिडएक्स का ट्रायल साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से लेकर दुहाई स्टेशन तक चला। इस दौरान ट्रेन में 157 किलोमीटर प्रति घंटा के हिसाब से भी दौड़ लगाई और चंद मिनट में अपने गंतव्य तक पहुंच गई। इस दौरान एनसीईआरटी के प्रवक्ता पुनीत वत्स व अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने ट्रेन की खूबियों के बारे में विस्तार से बताया।

**गढ़वा में घटी हैरान कर देने वाली घटना, करके गांव के रहने वाले विनोद को आया हार्ट अटैक**

## रामलीला के मंच पर गिर गया जीवन का पर्दा

**PHOTON NEWS GARHWA :** कम उम्र में ही हृदय रोग किस तरह जानलेवा साबित हो रहा है, इसका जीवंत प्रदर्शन मंगलवार की रात गढ़वा जिले के डंडई में रामलीला पर आधारित नाटक के दौरान हुआ। स्टेज पर रामलीला का मंचन हो रहा था। रामायण के सीता स्वयंवर का प्रसंग था। धनुष टूटने के थोड़ी देर बाद स्वयंवर में भगवान परशुराम पहुंचते हैं। वह जोर-जोर से चिल्लाते हुए कहते हैं-धनुष को किसने तोड़ा? धनुष को किसने तोड़ा? जल्दी बताओ... जल्दी...। इसी बीच अचानक अचेत होकर मंच पर गिर पड़ते हैं। पहले तो कलाकारों और दर्शकों ने समझा कि यह



स्टेज पर रामलीला का मंचन करते 40 वर्षीय विनोद प्रजापति।



विनोद प्रजापति की फाइल फोटो।

नाटक का हिस्सा है। कुछ देर नहीं उठते हैं तो दूसरे कलाकर उनकी तरफ दौड़ते हैं। उठाने की कोशिश की जाती है। वह नहीं उठते हैं। इसके बाद नाटक का पर्दा गिर जाता है।

दरअसल, नवरात्र के मौके पर करके गांव में रात के समय रामलीला नाटक खेला जा रहा था। जनक पुत्री सीता के स्वयंवर के लिए धनुष यज्ञ होता है। स्वयंर में भगवान राम धनुष को तोड़ते हैं। इसके बाद तमतमाते हुए गुस्से में भगवान परशुराम पहुंचते हैं। परशुराम का रोल 40 वर्षीय विनोद प्रजापति कर रहे थे। जब वह अचेत होकर गिर जाते हैं तो नाटक का पर्दा गिरा दिया जाता है। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृत्यु का कारण दिल का दौरा बताया गया। विनोद करके गांव के ही रहने वाले थे। वे झामुमो के पंचायत अध्यक्ष थे। वह पूरी तरह से स्वस्थ थे और सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते थे। उनकी मौत से हर कोई दंग रह गया। घटना की जानकारी मिलते ही झारखंड माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य अविनाश देव, योगेंद्र प्रजापति, अनूप कुमार प्रजापति उनके घर पहुंचकर उनके परिवार को ढांढस बंधाया। उन्हें हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

### मनी-लांड्रिंग कानून रिव्यू पिटीशन पर 22 नवंबर को सुनवाई

**NEW DELHI :** सुप्रीम कोर्ट में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) को लेकर दाखिल रिव्यू पिटीशन पर 18 अक्टूबर को सुनवाई हुई। जस्टिस एसके कौल, जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की बेंच मामले को सुना। बेंच ने कहा कि हम फैसले पर नहीं, बल्कि उसके कुछ प्वाइंट्स पर विचार कर रहे हैं। मामले की सुनवाई के लिए एक दिन तय करेंगे, हर पक्ष को दलील देने के लिए हाफ सेशन मिलेगा। अगली सुनवाई 22 नवंबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के कई प्रावधानों को गैर-संवैधानिक बताकर चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने जुलाई 2022 में मामले पर सुनवाई करते हुए कानून को सही ठहराया। इसके बाद याचिकाकताओं ने रिव्यू पिटीशन दाखिल कर कोर्ट से मामले पर दोबारा विचार करने की अपील की थी।

## पत्रकार सौम्या हत्याकांड के सभी आरोपी दोषी करार

### ऑफिस से लौटते समय अपराधियों ने मारी थी गोली

**सजा 26 को**

**AGENCY NEW DELHI :** पत्रकार सौम्या विश्वनाथन हत्याकांड में बुधवार (18 अक्टूबर) को दिल्ली के साकेत कोर्ट ने 5 आरोपियों को दोषी करार दिया। 26 अक्टूबर को इन्हें सजा सुनाई जाएगी। पांचों आरोपियों पर मकोका लगाया गया था। रवि कपूर, अमित शुक्ला, अजय कुमार और बलजीत मलिक को हत्या का, जबकि पांचवें आरोपी अजय सेठी को आईपीसी की धारा 411 (बेईमानी से चोरी की संपत्ति प्राप्त करना) के तहत दोषी ठहराया गया है। पुलिस ने दावा



सौम्या विश्वनाथन की फाइल फोटो।

किया था कि हत्या के पीछे का मकसद लूटपाट था। हत्या के दोषी पांचों लोग मार्च 2009 से हिरासत में हैं। 25 साल की सौम्या विश्वनाथन हेडलाइंस टुडे की पत्रकार थीं। 30 सितंबर 2008 को दिल्ली के वसंत विहार में आधी रात उनकी हत्या कर दी गई थी। वे ऑफिस से अपनी कार से वापस घर आ रही थीं।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Thursday, 19 October 2023

BRIEF NEWS

### गुमला में दुर्घटनाग्रस्त वाहन से 90 किलो गांजा बरामद

**GUMLA :** पुलिस ने एक दुर्घटनाग्रस्त महिन्द्रा कार से 90 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने गुमला थाना परिसर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक्सयूवी-500 टोटो के बैंक ऑफ इंडिया के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वाहन मालिक व चालक वहां से गाड़ी छोड़ कर भाग निकले। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली गई। कार से प्लास्टिक के चार बोरा में एक-एक किलो का बंडल बरामद किया गया। बंडल में गांजा था। गुमला के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद्र लाल भी वहां पहुंचे और गांजा व वाहन को जब्त किया गया। कुल 90 किलो गांजा जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 20 लाख रुपये होगी। इस संबंध में अज्ञात वाहन मालिक व चालक के विरुद्ध गुमला थाना में एक मामला दर्ज किया गया है।

### गायक ऋषभ सिंह द्वारा गाया गया 'रांची के दसहरा' गीत रिलीज




**RANCHI :** झारखण्ड के उभरते युवा गायक ऋषभ सिंह द्वारा गाये गीत 'रांची के दसहरा' रिलीज हुआ इस गाने को ऋषभ सिंह और उनकी टीम ने बहुत अच्छे से फिल्माया है। यह भक्ति गीत खासकर रांची शहर के पंडालों को दर्शाते हुआ बनाया गया है। यह गीत काफी ज्यादा लोक्रप्रियता बटोर रही है और दर्शक इसे काफी पसंद कर रहे है। इस गीत में विशेष सहयोग सुजीत सिंह, निशांत यादव, चंदन मिश्रा, प्रोडूसर तृषा राज है। गीत में संगीत एसएमपी सरगम द्वारा दिया गया है। इस गीत के निर्देशक प्रमोद रॉय है।

### झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का रामगढ़ में होगा स्वागत

**RAMGARH :** झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक रांची में निर्धारित है। झारखंड में हॉकी के खेल एवं उक्त महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी को लोकप्रिय बनाने व बढ़ावा देने के लिए हॉकी झारखंड के द्वारा झारखंड के सभी जिलों में 14 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में 19 अक्टूबर को रामगढ़ में छत्तरमांडू स्थित इंडोर स्टेडियम में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का स्वागत सह अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इंडोर स्टेडियम में कार्यक्रम के उपरांत थाना चौक तक ट्रॉफी का नगर भ्रमण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

### 28 अक्टूबर को संकल्प यात्रा की सफलता को लेकर भाजपा ने की बैठक



**RANCHI :** भारतीय जनता पार्टी कांके मंडल के द्वारा कांके चौक पर आगामी 28 अक्टूबर को हरमू मैदान में आयोजित संकल्प यात्रा की सफलता को लेकर बैठक हुई इसकी अध्यक्षता कांके मंडल अध्यक्ष राम लखन मुंडा ने की बैठक में कांके भाजपा मंडल के सभी पंचायतो से बढ़ चढ़ के हिस्सा लेने को लेकर हरेक बूथों से लोग जाए इस पर मंथन किया गया बैठक में मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू, कांके विधायक समरी लाल, पूर्व जिला परिसद सदस्य अनिल टाईगर, जिला परिसद सदस्या सुषमा देवी, किरण देवी,गिरजा शंकर पांडये, नसीब लाल महतो, नरेंद्र कुमार, मनोज वर्मा, ठानो मुंडा, भूषण महतो, लक्ष्मण साहू, हरे कृष्णा महतो, सुमित सिंह, दीपक कुमार, विजय साहू, मुकेश कुमार, ,बनिता मेहता, अनिल कुमार, नील कंठ पुरुषोत्तम दास गोस्वामी आदि मौजूद थे संचालन मंडल महामंत्री प्रभात भूषण ने किया।

### रामगढ़ में संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव

**RAMGARH :** रामगढ़ थाना क्षेत्र के बेलवागढ़ा के सुनसान इलाके में बुधवार की सुबह एक युवक का शव संदिग्ध हालात में मिला। उसकी पहचान बेलवागढ़ा निवासी सूरज मुंडा के रूप में हुई है। 27 वर्षीय सूरज मुंडा के सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं। घटनास्थल पर पुलिस ने उसकी मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस को संदेह है कि अपराधियों ने सूरज मुंडा के सिर पर किसी धारदार हथियार से वार किया होगा, जिससे उसका सिर फट गया और यही उसकी मौत की वजह बनी।

## पलामू प्रमंडल में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयार

# 1302 पंडालों में 202 संवेदनशील, सादे लिबास में तैनात रहेंगे जवान और दंडाधिकारी

प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल एवं जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा ने संयुक्त रूप से कहा कि पलामू प्रमंडल में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयार है। प्रमंडल क्षेत्र के तीनों जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर आवश्यक प्रशासनिक तैयारियां की गई है। लोक भावनाओं को आहत करने एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी दव्य दुर्गा पूजा एवं दशहरा को लेकर बुधवार को आईजी कार्यालय के सभागार में संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। प्रेसवार्ता में उपनिदेशक जनसंपर्क आनंद भी उपस्थित थे।



मीडिया को जानकारी देते मनोज जायसवाल एवं राजकुमार लकड़ा। ● फोटोन न्यूज

आयुक्त एवं आईजी ने बताया कि पूजा के अवसर पर शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वाले असमाजिक तत्वों तथा अफवाह फैलाकर माहौल बिगाड़ने वाले असमाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जायेगा। प्रमंडल में उपद्रवियों की पहचान कर ली गई है। पलामू में 86, गढ़वा में 100, एवं लातेहार जिले में 64 उपद्रवियों को अबतक चिन्हित किये गये हैं। इसके अलावा पूर्व के कांडो में संलिप्त पलामू जिले के 100, गढ़वा के 50 एवं लातेहार जिले के 50 आरोपितों को चिन्हित कर उनकी धर-पकड़ की कार्रवाई चल रही है। इससे अलावा धारा 107 के अंतर्गत पलामू में 2002, गढ़वा में 608 एवं लातेहार जिले में 901 लोगों को नोटिस निर्गत करते हुए तामिला कराया गया है। साथ ही 50 से अधिक व्यक्तियों को बॉड-ऑन किया गया है।

**प्रमंडल क्षेत्र में 1302 पंडाल:** प्रमंडल में 1302 पूजा पंडाल बनाए गए हैं। पलामू में 581, गढ़वा जिले में 575 एवं लातेहार जिले में 146 पूजा पंडाल निर्मित है। पूर्व की घटनाओं एवं सीमावर्ती राज्य की सीमाओं पर अवस्थित पूजा पंडालों को संवेदनशील पूजा पंडाल के रूप में चिन्हित किया गया है। पलामू में 66, गढ़वा में 89, एवं लातेहार जिले में 47 पूजा पंडालों को संवेदनशील के रूप में चिन्हित करते हुए विशेष निगरानी की जा रही है।

पूजा के मद्देनजर सोशल मीडिया पोष्ट पर विशेष नजर रखी जा रही है। आपत्तिजनक, भ्रामक एवं शांति व्यवस्था भंग करने वाले पोष्ट पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का निर्णय लिया गया है। वाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित अन्य डिजिटल पोस्ट को नियमित रूप से खंगाला जा रहा है। वाट्सएप पर आपत्तिजनक पोस्ट की स्थिति में ग्रुप एडमिन भी कार्रवाई के दायरे में आएंगे। साथ ही कंट्रोल रूम के माध्यम से भी गतिविधियों की जानकारी ली जायेगी। माननीय न्यायालय के निर्देशानुसार रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर मनाही है।

साफ-सफाई के लिए नगर निगम एवं नगर परिषद के माध्यम से पूजा पंडाल के आसपास नियमित सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। आयुक्त एवं आईजी ने बताया कि पूजा के मद्देनजर सभी स्ट्रीट लाइट चालू की जा रही है। खराब स्ट्रीट लाइट की मरम्मत कार्य भी चल रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को अंधेरे का सामना नहीं करना पड़े। इसके अलावा भीड़- भाड़ वाले इलाके एवं पंडाल के आसपास के लूज व ढीले तारों को दुरुस्त कर लिया गया है।

पूजा के मद्देनजर बाजार में मिलने वाली मिठाइयों पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। विशेषकर मिठाई दुकानों, रेस्टोरेंट एवं अन्य प्रकार के दुकानों में छापेमारी कर नमूना संग्रह करने एवं आवश्यक कार्रवाई का निदेश दिया गया है।

### चुस्त-दुरुस्त सुरक्षा व्यवस्था का दावा

दुर्गा पूजा एवं दशहरा को लेकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चुस्त-दुरुस्त सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किये गये हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस जवानों एवं पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ होमगार्ड के जवान लगाए गए हैं। वहीं स्थानीय प्रशासन द्वारा दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। पूजा पंडाल एवं उसके आसपास सादे लिबास में पुलिसकर्मी एवं दंडाधिकारी भी गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं। पलामू में 83 क्यूआरटी टीम, गढ़वा में 42 एवं लातेहार जिले में 30 क्यूआरटी टीम बनायी गयी है। इसके अलावा आईआरबी, जिला पुलिस एवं होम गार्ड के जवान लगाए गए हैं।

पलामू के लिए रैफ जवानों की एक कंपनी की भी मांग की गई है। जरूरत पड़ने पर सीआरपीएफ की भी सेवा ली जायेगी। पूजा पंडालों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था की गई है। आवश्यकता पड़ने पर ड्रोन से निगरानी होगी। इसके अलावा पूजा समिति के पदाधिकारियों से वोलेंटियर रखने का अपील किया गया है। वोलेंटियर का समिति द्वारा एक पहचान पत्र भी होनी चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं को सुविधा हो सके। दुर्गा पूजा को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में अतिरिक्त जवानों को लगाया गया है, ताकि पूजा पंडाल घूमने आने वाले एवं मां दुर्गा की प्रतिमा का दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई कठिनाई नहीं हो।

# हथियार के साथ दो धराये, भेजे गये जेल

**PHOTON NEWS LOHARDAGA :** लोहरदगा जिला के अंतर्गत कुडू पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे।



थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के ब्लाक मैदान में दो अपराधी किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। इसमें कुडू थाना के सअनि सुकू सोरेन तथा लवकुश सिंह व पुलिस जवान शामिल थे। पुलिस टीम जैसे ही ब्लाक मैदान के समीप पहुंची अंधेरे में दो युवक नजर आए।

पुलिस को देखते ही दोनों भागने लगे। पुलिस अधिकारियों तथा जवानों ने खदेड़ कर दोनों को पकड़ा। पकड़े गए आरोपितों में कुडू थाना क्षेत्र के हमीदनगर निवासी एनामुल अंसारी उर्फ मंगरा तथा लातेहार जिले के लातेहार थाना क्षेत्र के लेधपा गांव निवासी इस्लाम अंसारी को हिरासत में लिया गया ।जांच के क्रम में एनामुल अंसारी उर्फ मंगरा के पास एक एक लोडेड छह राउंड का रिवाल्वर तथा इस्लाम अंसारी के पास से दो जिवित कारतुस बरामद किया गया।

थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपित एनामुल अंसारी उर्फ मंगरा के उपर कुडू थाना में छह तथा लोहरदगा सदर थाना में एक मामला दर्ज हैं। इसके अलावा खूंटी जिले के मुरहू तथा लातेहार जिले के बालुमाथ में एक मामला दर्ज है। इसके अलावा इस्लाम अंसारी पर लोहरदगा जिले के जोबांग थाना में तीन मामला दर्ज है। दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया।

### बोकारो में जमीन विवाद में महिला को जिंदा जलाया, हालत नाजुक

**BOKARO :** बोकारो जले के माराफारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बांसगोड़ा में बुधवार को जमीन विवाद में एक महिला पर केरोसिन छिड़क आग लगा दी गई। महिला 80 फीसदी से भी ज्यादा जल गई है। उसे गंभीर हालत में बोकारो जनरल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि जमीन विवाद में अमीशा परवीन के घर पर 15-20 लोगों ने हमला किया। उस पर केरोसिन डाल आग लगा दी गई। उसके पुत्र मुजाब अली ने बचाने की कोशिश की। उसके भी दोनों हाथ झुलस गए। महिला को पहले सदर अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां बर्न यूनिट की व्यवस्था नहीं होने के चलते बोकारो जनरल अस्पताल रेफर किया गया। इस बाबत सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि महिला 80 से 90 फीसदी झुलस चुकी है। पुलिस को इसकी जानकारी दे दी गई है।

# गांधी हाई स्कूल में विशेष समुदाय के बच्चों ने मचाया बवाल, मिला नोटिस

### अभिभावकों के साथ वार्ता के बाद ही छात्रों को मिलेगा प्रवेश : प्रिंसिपल

**PHOTON NEWS RAMGARH :** रामगढ़ गांधी स्मारक प्लस टू हाई स्कूल में बुधवार को एक विशेष समुदाय के बच्चों ने जमकर बवाल मचाया। यह बवाल सिर्फ इसलिए था क्योंकि शिक्षकों ने उन बच्चों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई को बच्चों ने एक विशेष धर्म समुदाय के साथ जोड़ दिया। छात्रों और शिक्षकों के बीच कोई नोंक झोंक के बाद कुछ लोगों ने इसे राजनीतिक रंग देने की भी कोशिश की। कुछ लोग धर्म विशेष के बच्चों को लेकर डीसी कार्यालय पहुंच गए। डीसी चंदन कुमार को इस मामले की जानकारी हुई तो उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को इस प्रकरण की जांच करने का आदेश दिया।

**जांच करने पहुंची बीईओ ने छात्रों को ठहराया दोषी :** जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुलोचना कुमारी इस प्रकरण की जांच करने के लिए गांधी स्मारक प्लस टू हाई स्कूल पहुंची। यहां उन्होंने जो दृश्य देखा वह देखकर वह दंग रह गई। स्कूली छात्र शिक्षकों पर ही हावी हो रहे थे। वे लोग धर्म समुदाय से जुड़ी हुई बातें कर रहे थे। लगातार शिक्षकों पर दोषारोपण कर रहे थे। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कहा कि स्कूल शिक्षा का मंदिर है, ना कि राजनीति का अखाड़ा। यहां पर बच्चों ने जो हरकतें की हैं वह सरासर गलत है। लगभग एक दर्जन से अधिक बच्चे इस बवाल में शामिल थे। उन्होंने पूरा बवाल सिर्फ इसलिए किया क्योंकि विद्यालय के शिक्षकों ने उन्हें अनुशासन सीखने का प्रयास किया था।

स्कूल के प्राचार्य संतोष कुमार अनल ने कहा कि स्कूल में बच्चों को अनुशासन सिखाया जाता है। कुछ बच्चे पिछले कई दिनों से जानबूझकर ना तो समय पर स्कूल आ रहे थे और ना ही वे असेंबली में शामिल हो रहे थे। विद्यालय की ओर से अक्सर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी होती रहती है। बुधवार को भी योगा क्लास के दौरान कुछ बच्चे लाइन में पीछे खड़े हो गए और वह कुछ भी नहीं कर रहे थे। जब शिक्षकों ने उनसे योगा करने को कहा तो उन लोगों ने साफ इनकार कर दिया। इस बिंदु को उन्होंने एक धर्म समुदाय से जोड़कर तिल का ताड़ बना दिया, जो कि विद्यालय के अनुशासन के हित में नहीं है। इसलिए उन सभी बच्चों के अभिभावकों को नोटिस भेजा गया है। जब तक अभिभावकों के साथ वार्ता नहीं हो जाती है, उन बच्चों को विद्यालय में प्रवेश नहीं मिलेगा।

# अविश्वास प्रस्ताव मामले में राज्य निर्वाचन आयोग में सात नवंबर को सुनवाई, तरहसी प्रमुख को नोटिस

**PHOTON NEWS PALAMU :** तरहसी प्रखंड प्रमुख प्रिया कुमारी के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव मामले में शिकायत के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने संज्ञान लिया है। इस सिलसिले में राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रमुख बनाम सदर अनुमंडल पदाधिकारी मेदिनीनगर को नोटिस जारी किया है। साथ ही आगामी सात नवम्बर को राज्य निर्वाचन आयोग झारखंड के कार्यालय में सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। पूर्वाहन 11.30 बजे से समय निर्धारित है। इस तिथि से पहले संबंधित आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।



प्रिया कुमारी।

बुधवार को प्रमुख ने पत्रकारों कहा कि अविश्वास प्रस्ताव लाने के बाद उसे स्थगित करने एवं उसके कुछ दिनों के बाद ही फिर से अविश्वास प्रस्ताव लाना तथा प्रपत्र ख के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा पंचायत समिति सदस्यों को मतदान पर चर्चा को लेकर बैठक बुलाना समझ से परे है।

पंचायत नियमावली 2012 के नियम से बाहर जाकर अविश्वास प्रस्ताव को सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा स्थगित करना एवं पुनः 45 दिनों के अंदर दो-दो बार अविश्वास प्रस्ताव लाकर मतदान कराने एवं चुनौती देने का कार्य किया गया है। जबकि ऐसा प्रावधान नहीं है। इसे लेकर उन्होंने झारखंड निर्वाचन आयोग में आवेदन देकर न्याय तथा नियम विरुद्ध कार्य करने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने की अपील की है।

समाजसेवी लड्डू रजक ने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव की तिथि एवं समय व स्थान निर्धारित करने से पहले प्रमुख के खिलाफ जो आरोप लगाए गए थे कि जनसंख्या के अधार पर 15वें वित्त की राशी प्रमुख द्वारा खर्च नहीं की जाती है एवं पंचायत समिति सदस्यों ने योजना में पीसी लेने का आरोप भी लगाया था। उसे पहले सदर अनुमंडल पदाधिकारी को जांच कर इसके बाद अविश्वास प्रस्ताव को लेकर समय, तारीख व स्थान निश्चित करना था, लेकिन सारे नियम को ताक पर रखकर सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने उपरोक्त यह कार्य किया।

# पलामू में राजस्व उप निरीक्षक चार हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**PHOTON NEWS PALAMU :** पलामू जिले के हुसैनाबाद अंचल क्षेत्र के हल्का नंबर-6 के राजस्व उप निरीक्षक सचिन गुप्ता को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बुधवार को चार हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उसे हुसैनाबाद स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद राजस्व उप निरीक्षक को मेदिनीनगर कार्यालय लाया गया। यहां से कागजी प्रक्रिया और मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



सचिन गुप्ता को ले जाती एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम। ● फोटोन न्यूज

उल्लेखनीय है कि राजस्व उप निरीक्षक को गिरफ्तार करने के साथ ही एसीबी पलामू ने इस वर्ष का 8वां ट्रैप केस पूरा कर लिया है।

बताया जाता है कि हुसैनाबाद के दरुआ के राजेश तिवारी ने पत्नी अंजू देवी के नाम से रामपुर उर्फ मेहंदीनगर के खाता संख्या 07, प्लॉट संख्या 207 में दो डिसमिल जमीन वर्ष 2020 में खरीदी थी, जिसका नामांतरण कराने के लिए जुलाई में सारे कागजात ऑनलाइन कर दिए थे लेकिन नामांतरण नहीं हुआ था। नामांतरण मुकदमा संख्या-1452 आर 27/2023-24 हुसैनाबाद है।

राजेश जमीन के नामांतरण के लिए हुसैनाबाद अंचल के हल्का नंबर 6 के राजस्व उप निरीक्षक सचिन गुप्ता से मिले तो उसने पांच हजार रुपये रिश्वत की मांग की गयी। कई बार आग्रह करने के बाद भी राजस्व उप निरीक्षक घूस लिए बिना काम करने को तैयार नहीं था।

### झारखंड का इकलौता माता सोनमेर मंदिर, जहां संस्कृत नहीं

# माता के दर्शन को बड़ी संख्या में पहुंचते हैं लोग, लगती है कतार

**PHOTON NEWS KHUNTI :** आमतौर पर देवी-देवताओं की पूजा वैदिक भाषा संस्कृत में मंत्रोच्चार के साथ की जाती है, लेकिन झारखंड के खूंटी जिले में एक ऐसा मंदिर है, जहां संस्कृत में नहीं बल्कि आदिवासियों में प्रचलित मुंडारी भाषा में वैदिक मंत्रोच्चार होता है। जगत जननी देवी दुर्गा की पूजा की जाती है। यह प्रसिद्ध मंदिर खूंटी जिला अंतर्गत कर्रा प्रखंड के सोनमेर में है।



खूंटी जिला जनजातीय बहुल होने के बावजूद यहां प्राचीन काल से शक्ति की आराधना होती आ रही है। यहां के हिंदू ही नहीं, आदिवासी समाज के लोग भी आदि शक्ति की आराधना पूरे भक्तिभाव से करते हैं। आाम तौर पर मंदिरों में माता दुर्गा की आरधना संस्कृत के श्लोकों के साथ होती है, पर कर्रा प्रखंड का ऐतिहासिक सोनमेर माता मंदिर संभवतः एकलौता मंदिर है, जहां माता दशभुजी की आराधना और पूजा-अर्चना संस्कृत में नहीं, बल्कि मुंडारी भाषा में की जाती है।

मान्यता है कि सोनमेर माता भक्तों की हर मनोकामना पूरी करती हैं। वैसे तो सालों भर माता के दरबार में भक्तों का तांता लगा रहता है, लेकिन मंगलवार को यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। कहा जाता है कि मंगलवार को दशभुजी माता की पूजा-अर्चना से माता से विशेष आशीर्वाद की प्राप्ति होती है। मंगलवार को बड़ी संख्या में भक्त माता की दर्शन के लिए सोनमेर मंदिर पहुंचते हैं।

नवरात्रि में सोनमेर मंदिर की पूजा का विशेष महत्व है। नवरात्रि समाप्ति के पांच दिनों के बाद अश्विन पूर्णिमा में मंदिर परिसर में बहुत बड़ा मेला लगता है, जिसमें राज्य के बाहर से व्यापारी अपने सामानों की बिक्री के लिए पहुंचते हैं। पूर्व में नवरात्रि की पूजा बड़े धूमधाम से आयोजित होती थी। मान्यता है कि जरियागढ़ के राजा के आदेश के बाद नवरात्रि के पांच दिन बाद मेला लगा कर माता की पूजा होने लगी।

मेले के बाद भैंसे की बलि दी जाती है।

सोनमेर में माता की पिंडी लगभग 200 साल पुरानी है। 1981 में धल परिवार के सौजन्य से वर्तमान मंदिर की आधारशिला रखी गई। वर्तमान में ओडिशा के कारीगरों द्वारा भव्य 51 फीट ऊंचा गुंबज तैयार किया गया है। मंदिर में पाहन द्वारा मुंडारी भाषा में पूजा-अर्चना कराई जाती है। मंदिर समिति के अध्यक्ष किशोर बड़ाईक ने बताया कि झारखंड, ओडिशा, बंगाल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में भक्त माता से मनोकामना मांगने और मनोकामना की पूर्ति होने पर आभार जताने माता के दरबार में आते हैं।

**एक सिरफिरे ने तोड़ दी माता की पिंडी :** माता सोनमेर की पिंडी को 2014 में एक सिरफिरे टांगी से मारकर तोड़ थी। भक्तों ने माता की पिंडी की मरम्मत कराने की योजना बनाई, पर गांव के पाहन और उनकी पत्नी ने कह दिया कि मरम्मत कराने की जरूरत नहीं हैं। माता में यदि शक्ति है, तो टूटी हुई पिंडी खुद अपने पुराने स्वरूप में आ जायेगी। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ ही दिनों में पिंडी अपने पुराने स्वरूप में आ भी गई। इसके बाद से सोनमेर माता की ख्याति और बढ़ गई। कुछ वर्ष विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने वहां भव्य तोरण द्वार का निर्माण कराया है।

### क्या है माता सोनमेर के संबंध में मान्यताएं

कर्रा के सोनमेर गांव में दुर्गा पूजा के अवसर पर सैकड़ों साल से मेला लग रहा हैं। क्षेत्र के लोगों द्वारा जरियागढ़ के राजा से माता के मंदिर के विषय में अग्रह किया गया था। राजा द्वारा कठिन आराधना के बाद दशभुजी माता की पिंडी का प्रादुर्भाव हुआ। बताया जाता है कि पूर्वजों को मां दुर्गा ने सपने में कहा कि मैं तेरे गांव की टोंगरी में बसी हूं। सुबह हड़िया पाहन नामक व्यक्ति ने टोंगरी(चट्टान) में जाकर देखा कि पत्थर की दशभुजी मां दुर्गा की आकृति लिए खड़ी हैं। तत्काल उसने नहा-धोकर कांसा के लोटे में जल लेकर माता की आराधना की। पाहन द्वारा प्रत्येक दिन यह कार्य को देखकर गांव वाले भी पूजा करने लगे और मन्नतें मांगने लगे और मां भगवती सबकी मनोकामना पूरी करती रही। यह चर्चा पूरे क्षेत्र में फैल गयी। माता के चमत्कर के चर्चे सुन भक्त दूर-दराज से भी सोनमेर आने लगे। रामेश्वर धल और ग्रामीणो द्वारा मां की प्रतिमा को पहले झाड़ियों से घेरा गया। 1981 में जगपति धल की अगुवाई में मंदिर का शिलान्यास किया गया। मन्नत मांगने के लिए घर से रंगुवा(लाल रंग वाला) मुर्गा या नारियल और फूल-अक्षत लेकर सुबह मां के दरबार में पहुंचना होता हैं। मन्नत पूरी होने पर बकरे की बलि दी जाती हैं। लोगो में यह भी मान्यता है कि अगर कोई सामान खो गया है, तो यहां आकर मां सोनमेर माता की पूजा-अर्चना करने से उसकी प्राप्ति हो जाती है। इसी वजह से भी लोग दूर दूर से यहां पहुंचते हैं।

Daily THE PHOTON NEWS सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Thursday, 19 October 2023

# मथुरा में देह व्यापार के लिए धकेल दी गई थीं झारखंड की तीन बच्चियां

## पुलिस ने कराया मुक्त, वापस लाने की तैयारी में जुटा बाल संरक्षण आयोग

**CRIME REPORTER RANCHI :** उत्तर प्रदेश के मथुरा में झारखंड की लड़कियों से जबरन देह व्यापार कराया जा रहा था। जिन्हें पुलिस के सहयोग से मुक्त कराया गया है, अब झारखंड बाल संरक्षण आयोग इन्हें वापस लाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए चिट्ठी लिखी गयी है जिसमें कहा गया है कि विरेंद्र कुमार सिंह निदेशक मुक्ति फाउंडेशन ने झारखंड राज्य के सिमडेगा जिले की तीन नाबालिग बच्चियों को देह व्यापार से मुक्त कराया है। उन्हें वापस लाने के लिए मथुरा सीडब्लूसी के अध्यक्ष से संपर्क किया गया है। इस चिट्ठी में जल्द ही तीनों बच्चियों को वापस लाने की बात कही गयी है। कुछ दिन पहले बाल कल्याण समिति के पास झारखंड की एक लड़की पहुंची। जहां उसने समिति के सदस्यों को बताया कि उसकी नाबालिग बहन को कहीं बंधक बनाकर रखा गया है। उससे मोबाइल पर बात हुई है। मिशन मुक्ति नाम की संस्था ने पड़ताल शुरू की। टीम को पीड़िता की बहन ने बताया कि उसके पास अलग-अलग नंबर से फोन आते हैं। पीड़िता की बहन से नंबर लेने के बाद जब उनकी लोकेशन की जानकारी हासिल करने की कोशिश हुई मथुरा के कोसी इलाके में नेशनल हाईवे की निकली। पीड़िता ने भी बहन को फोन कर-के बताया कि उसके कमरे से भगवान कृष्ण का रथ जैसा बना कुछ दिखता है। पीड़िता से मिली जानकारी के बाद मिशन फाउंडेशन के वीरेंद्र के नेतृत्व में 3 सदस्यीय टीम मथुरा पहुंच गई। यहां एक ऑपरेशन के तहत उस जगह का पता लगाया गया जहां बच्चियां हो सकती है। बाल कल्याण समिति ने इसकी जानकारी बाल संरक्षण आयोग उत्तर प्रदेश को दी। जिस पर आयोग की सदस्य सुचिता चतुर्वेदी ने एसएसपी मथुरा को पुलिस टीम देने के लिए कहा। एसएसपी शैलेश पांडे ने छाता सीओ के नेतृत्व में सादा वर्दी में पुलिस कर्मी संस्था सदस्यों के साथ भेजे। जिसके बाद देर रात टीम ने ढाबा से 2 नाबालिग लड़कियों को बरामद किया। पुलिस ने ढाबा से वेश्यावृत्ति कराने वाले 4 आरोपी भी गिरफ्तार किए। इनकी निशानदेही पर और छापेमारी हुई और बच्चियों को बचाया गया।



देह व्यापार के चुंगल से मुक्त कराई गई तीन नाबालिग बच्चियां।

### आगे क्या है योजना

झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सुनील वर्मा ने बताया जितने भी ट्रैफिकिंग के मुद्दे आ रहे हैं उसकी एक ट्रैकिंग एवं सोशल रिपोर्ट बनाई जाएगी और उन सभी बच्चियों को काउंसलिंग की जाएगी ताकि उनकी राय जान सके कि अपने जीवन स्तर के विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ और क्या करना चाहते हैं झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग एक इनोवेशन परियोजना तैयार कर रही है जिसके माध्यम से सभी बच्चियों को को जोड़ा जा सके और सरकार की योजनाओं से उनका लाभ दिया जा सके।

# रांची पुलिस की कार्यशैली पर HC ने जताई नाराजगी

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट ने रांची पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए रांची एसएसपी को व्यक्तिगत रूप से हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट में एडवोकेट कलर्क (मुंशी) सुबोध कुमार ने एक याचिका दाखिल की थी। इस याचिका में कहा गया था कि 29 सितंबर को उसके साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया। घटना के बाद उसने धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिये आवेदन दिया, लेकिन पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की। अब इस मामले में हाई कोर्ट सात नवंबर को सुनवाई करेगा। प्राथमिकी दर्ज ना होने पर सुबोध कुमार ने एसएसपी को भी मामले की जानकारी दी। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद सुबोध ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर रांची पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की गुहार लगाई थी। बुधवार को सुबोध की याचिका पर जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई।



### मुकेश मित्तल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**RANCHI :** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी मुकेश मित्तल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने यह आदेश बुधवार को जारी किया है। ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम पर टेंडर घोटाला के जरिये अवैध कमाई करने और उसे अलग-अलग जगह निवेश कर मनी लॉन्ड्रिंग करने का आरोप है। वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों तारा चंद, नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया को ईडी ने 24 जून को गिरफ्तार किया था। वीरेंद्र राम के सहयोगी मुकेश मित्तल पर तारा चंद के जरिए वीरेंद्र राम के कालेधन को सफेद बनाकर वीरेंद्र राम के परिवार के सदस्यों के खाते में जमा करवाने का आरोप है।

## BRIEF NEWS

### रांची में मिले डेंगू के 31 व चिकनगुनिया के 25 मरीज

**RANCHI :** राज्य में बुधवार को डेंगू के 31 नए मरीज मिले हैं। इनमें पूर्वी सिंहभूम में सबसे ज्यादा 15, रांची में 13, हजारीबाग में 01, चतरा में 01 और पाकुड़ में 01 डेंगू के मरीज मिले हैं। बता दें कि राज्य पर में 476 संदिग्ध मरीज मिले हैं। जांच के बाद 31 में मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं चिकनगुनिया के भी 25 नए मरीज मिले हैं। इनमें रांची में 24, जबकि लोहरदगा में चिकनगुनिया का एक मरीज मिला है। 239 संदिग्ध मरीजों की जांच के बाद 25 में चिकनगुनिया की पुष्टि हुई है।

### सदर अस्पताल में शुरू हुआ नेफ्रोलॉजी विभाग

**RANCHI :** सदर अस्पताल की व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में अस्पताल में नेफ्रोलॉजी विभाग की शुरूआत बुधवार को हुई। बता दें कि नेफ्रोलॉजी में डॉ नवीन कुमार बर्णवाल अपनी सेवा देंगे। सदर अस्पताल के नए भवन के छठे तल्ले पर डायलिसिस वार्ड है, जहां इलाजरत मरीजों की डॉ नवीन ने हाल-चाल व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। मंगलवार और गुरुवार को ओपीडी में अपनी सेवा देंगे।

### पत्रकार राणा प्रताप को पितृशोक

**RANCHI :** रांची के पत्रकार राणा प्रताप को पितृशोक हुआ है। राणा प्रताप के पिता शिवपूजन प्रसाद सिंह की तबियत रांची स्थित हटिया के आवास पर बुधवार की सुबह बिगड़ी। तबियत खराब होने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शिवपूजन सिंह अपने पीछे तीन पुत्र, दो बेटी और नाती-पोता छोड़ गये हैं। वो एचईसी से मैनेजर के पद से सेवानिवृत हुए थे। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर को ही धुर्वा के सिठियो श्मशान में किया जायेगा।

### रांची-गिरिडीह जेल का एक करोड़ से होगा विकास कार्य

**RANCHI :** रांची और गिरिडीह जेल में विकास का कार्य एक करोड़ की लागत से कराया जायेगा। इसको लेकर गृह विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के हॉस्पिटल बिल्डिंग की मरम्मति का कार्य 72.45 लाख से किया जायेगा। गिरिडीह सेंट्रल जेल में 17.32 लाख की लागत से चार बोरबेल लगाये जायेंगे। गृह विभाग ने राशि का भी आवंटन कर दिया है। गृह विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जिम्मेवारी संयुक्त रूप से संबंधित काराधीक्षक और एजेंसी की होगी। संबंधित एजेंसी उच्च गुणवत्ता युक्त मानक स्तर का कार्य सुनिश्चित करायेंगे। यह उनकी व्यक्तिगत जवाबदेही होगी। कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर या कार्य मानक स्तर का नहीं पाये जाने पर संबंधित एजेंसी सीधे तौर पर इसके लिए उत्तरदायी होंगे। ऐसी स्थिति में उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

### सब-जूनियर झारखंड वॉलीबाल प्रतियोगिता का चयन ट्रायल 22 को

**RANCHI :** सब-जूनियर 23वीं झारखंड वॉलीबाल प्रतियोगिता दो से पांच नवम्बर तक लातेहार में होगा। इस प्रतियोगिता में रांची टीम के गठन के लिए रांची जिला वॉलीबाल संघ की ओर से रांची विश्वविद्यालय वॉलीबाल मैदान में सुबह आठ बजे से बालक एवं बालिका वर्ग के लिए 22 अक्टूबर को एक चयन प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की अर्हता भी निर्धारित की गई है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# रांची DC ने वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन के लिए दिए दिशा-निर्देश


अधिकारियों के साथ बैठक करते रांची डीसी व अन्य।

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित झारखंड वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन को लेकर रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक की गई। बैठक में कोर टीम के नोडल पदाधिकारियों के साथ उनके कार्य एवं दायित्व के बारे में चर्चा की गयी। डीसी ने अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने ट्रांसपोर्ट, लॉजिस्टिक, आईटी, सिक्यूरिटी, लॉ एंड ऑर्डर मेंटेनेंस, ट्रैफिक सिक्यूरिटी, मेडिकल टीम, मीडिया एंड पीआर टीम, प्रोटोकॉल, एयरपोर्ट, होटल टीम, फायर सेफ्टी, साउंड एंड इलेक्ट्रिसिटी, फूड एंड स्नैक्स अरेंजमेंट टीम के नोडल पदाधिकारियों को हॉकी इंडिया के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने को कहा।

**25 अक्टूबर तक सड़कों से पंडाल निर्माण हटाने का अनुरोध**

डीसी ने कहा कि इस टूनार्मेंट की तैयारी काफी दिनों से चल रही है, सीएम हेमंत सोरेन के दिशा-निर्देश के आलोक में जिला स्तर पर उप समितियां बनाई गई हैं। अलग-अलग समितियां को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। उपायुक्त ने कोर टीम के नोडल पदाधिकारियों को स्टेडियम का दौरा करने का निर्देश दिया। डीसी ने पूजा पंडाल समितियां से 25 अक्टूबर तक सड़कों से पंडाल निर्माण हटाने का अनुरोध किया है, ताकि आवागमन सुचारू रूप से हो सके।

# फर्जी पैसा का ट्रांजेक्शन दिखाकर जेडी ज्वेलर्स से 57 हजार की ठगी मामले में दो आरोपी धराए

**CRIME REPORTER RANCHI :** अरगोड़ा थाना पुलिस ने एसबीआई का जीएम बनकर जेडी ज्वेलर्स में 57 हजार की ठगी करने के मामले में कपिल कुमार गुप्ता उर्फ संतोष और सूरज कुमार सोनी को गिरफ्तार किया है। सूरज को ठगी के आभूषण खरीदने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। सूरज का चर्च कांप्लेक्स स्थित सोना चांदी नामक दुकान है।

सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कपिल कुमार गुप्ता अरगोड़ा थाने के जेडी ज्वेलर्स में पूरे झारखंड का एसीबीआई का जीएम बोलकर पहुंचा। इसके बाद अपनी पत्नी के लिए मंगलसूत्र पसंद किया। मंगलसूत्र की कीमत 57 हजार रुपये थी। मंगलसूत्र को खरीदकर उसने ऑनलाईन फोन पे से पैसा पेमेंट करने की बात बोलकर फर्जी पैसा का ट्रांजेक्शन अपने मोबाइल में दिखाया और वहां से तेजी से अपने वर्ना कार में बैठकर भाग गया।

ज्वेलर्स दुकान के मालिक के जरिये जांच करने पर पता चला कि उसके खाते से पैसा नहीं आया है। मालिक ने उसका पीछा किया लेकिन वह भाग गया। मामले को लेकर दुकान के मालिक ने थाने में एफआइआर दर्ज कराया। इसके बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी बृज कुमार को सौंपा गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू की।

पता चला कि इसके खिलाफ रांची के अलग-अलग थाने चुटिया में एक, अरगोड़ा में एक, कोर्ट कंपलेन केस एक, सुखदेवनगर में दो, धुर्वा में एक, कोतवाली में एक, जगरनाथपुर में दो, बरियातू में एक कुल दस मामले पूर्व से ठगी के दर्ज हैं। ठगी के आभूषण खपाने के मामले में एक सोना चांदी के दुकानदार को भी गिरफ्तार किया। दोनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इनके पास से 57 हजार का मंगलसूत्र और कार बरामद किया गया है।



अरगोड़ा थाने की पुलिस की गिरफ्त में दोनों आरोपी।

# केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नक्सल अभियान में झारखंड पुलिस के कार्यों को सराहा

**CRIME REPORTER RANCHI :** भारत सरकार के गृह सचिव द्वारा वामपंथी उग्रवाद के उन्मूलन की दिशा में झारखंड के प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की गयी है। झारखंड के डीजीपी के नेतृत्व में नक्सलियों के विरुद्ध चौतरफा संयुक्त अभियान झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा, झारखंड जगुआर के साथ चलाया जा रहा है। वर्ष 2022 और 2023 में सुरक्षा बलों द्वारा कुल 745 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें 3 स्पेशल एरिया कमेटी के सदस्य, एक रिजनल कमिटी के सदस्य, 10 जोनल कमांडर, 16 सब जोनल कमांडर और 25 एरिया कमांडर शामिल थे। पुलिस मुठभेड़ में 20 नक्सली मारे गए। चतरा जिला पुलिस द्वारा सबसे अधिक भाकपा माओवादी नक्सली को मुठभेड़ में मार गिराया गया था। इनमें भाकपा माओवादी के 25 लाख के इनामी नक्सली सैक सदस्य गौतम पासवान, अजीत उरांव और 5 लाख के इनामी नक्सली सब जोनल कमांडर अमर गंझू और सब जोनल कमांडर अजय यादव (कुल 60 लाख के इनामी माओवादी एक साथ पुलिस मुठभेड़ में मारे गये) शामिल थे। इसके अलावा गुमला जिले में नक्सली सब जोनल कमांडर लाजिम अंसारी (5 लाख का इनामी) पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। वर्ष 2022-23 में 38 नक्सलियों ने पुलिस के बढ़ते दबिश एवं राज्य सरकार की पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया। इनमें स्पेशल एरिया कमिटी के एक सदस्य विमल यादव, रिजनल कमिटी के तीन सदस्य अमन गंझू, दुर्योधन महतो व इंदल गंझू, 4 जोनल कमांडर, 9 सब जोनल कमांडर और 10 एरिया कमांडर 10 शामिल हैं। इस दौरान में सुरक्षा बलों द्वारा नक्सलियों से लेवी के रूप में वसूले गये 1.10 करोड़ रुपये बरामद किये गये।


चतरा जिले में एक साथ मारे गए 60 लाख के इनामी नक्सली।

# रांची से बेड़ो जाने के लिए देना होगा टोल टैक्स, न्यूनतम शुल्क 30 रुपय

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची से गुमला आने-जाने पर भी वाहन चालकों को टोल टैक्स देना होगा। इसकी शुरूआत कल से हो सकती है। टोल टैक्स लेने के लिए नगड़ी पतराचौली में टोल गेट बनाया गया है। टोल गेट शुरू हो जाने के बाद से रांची से बेड़ो जाने के लिए कम से कम 30 रुपए देने होंगे। नेशनल हाइवे ऑथरिटी ऑफ इंडिया की ओर से रांची-गुमला फोन लेन रोड पर टैक्स वसूली शुरू करने के आदेश दे दिए गए हैं। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के वाहनों से कितने पैसे लिए जाएंगे इसका रेट चार्ट भी जारी कर दिया गया है। एनएचएआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस टोल गेट की शुरूआत होने जा रहा है। ऐसे में अब सभी तरह के वाहनों को टोल टैक्स देना होगा। नेशनल हाइवे ऑथरिटी की व्यवस्था के मुताबिक टोल प्लाजा के 20 किमी दायरे में रहने वालों से एक निश्वित रकम लेकर टोल पास दिया जायेगा। एनएचएआइ ने विभिन्न श्रेणी के वाहनों के लिए टोल दर भी निर्धारित कर दी है।



पतराचोली टोल प्लाजा का रेट चार्ट।

**छोटे वाहनों को देना होगा इतना टैक्स**

एनएचएआई की ओर से निर्धारित टोल रेट के मुताबिक कार, जीप, वैन या लाइट मोटर व्हीकल को एक तरफ से यात्रा करने के बदले 30 रुपए लगेंगे। अगर वे उसी दिन लौटते हैं तो उन्हें 45 रुपए देने होंगे। एक महीने में 50 बार एक साइड से यात्रा करने पर 1040 रुपये लिए जायेंगे। वहीं लाइट कॉमर्शियल व्हीकल, हल्के गुड्स वाहन, मिनी बस से सिंगल यात्रा पर 50 रुपए और उसी दिन वापसी पर 75 रुपए वसूले जाएंगे। एक महीना में 50 सिंगल यात्रा करने पर वाहन चालकों को 1650 रुपये चुकाने पड़ेंगे।

## निजी व यात्री वाहनों के परिचालन के लिए 10 नए रूट तैयार, 12 जगहों पर पार्किंग की व्यवस्था

# रांची में 20 से 24 अक्टूबर तक भारी वाहनों की नो एंट्री

**PHOTON NEWS RANCHI :** राजधानी रांची में दुर्गापूजा के दौरान यातायात को सुगम बनाने के लिए व्यवस्था में बदलाव किए गए हैं। नए रूट मैप के मुताबिक 20 से 24 अक्टूबर तक शहर में सुबह आठ बजे से दूसरे दिन सुबह चार बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश नहीं होगा। रांची ट्रैफिक पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस दौरान निजी एवं यात्री वाहनों के परिचालन के लिए 10 नए रूट तैयार किए गए हैं। इसके अतिरिक्त पंडाल दर्शन के दौरान वाहनों को लगाने के लिए 12 जगहों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। शहर में 15 स्थान ऐसे हैं, जहां ड्राप गेट बनाए गए हैं।

**निजी एवं यात्री वाहनों के निर्धारित रूट :** सभी प्रकार के निजी वाहन, ऑटो , ई-रिक्शा का परिचालन कचहरी चौक से शहीद चौक, फिरायालाल चौक, सुजाता चौक की ओर वर्जित रहेगा। सुजाता चौक की तरफ से मेन रोड में आने वाले सभी निजी वाहन सैनिक मार्केट तक ही जा सकेंगे। पिस्का मोड़ से न्यू मार्केट ( रातू रोड) की ओर आने वाली सभी छोटी गाड़ियों का परिचालन शाम चार बजे अपराह्न से प्रात चार बजे तक मिनाक्षी सिनेमा मोड़ से पहाड़ी मंदिर होते हुए किशोरगंज चौक तथा वहां से हरमू चौक की ओर होगी। हरमू की तरफ से किशोरगंज होकर रातू रोड की तरफ आने वाले चार पहिया वाहनों का परिचालन किशोरगंज चौक तक ही होगा। इस ओर से आने वाले ऐसे सभी दो पहिया वाहन किशोरगंज से आगे पहाड़ी मंदिर मोड़ से मिनाक्षी सिनेमा मोड़ एवं रातू रोड होकर पिस्का मोड़ की ओर जाएंगे। हरमू बाईपास रोड के तरफ से पिस्का मोड़ की तरफ जाने वाले छोटे चार पहिया वाहन बीजेपी कार्यालय के पास से पीपर टोली होकर कटहल मोड़, हेहल अंचल होते हुए पिस्का मोड़ की तरफ जाएंगे। कांके रोड से कचहरी चौक की तरफ आने वाली छोटी गाड़ियां जाकिर हुसैन पार्क, रेडियम रोड होकर कचहरी चौक तक लालपुर चौक से कचहरी चौक आने वाली छोटी गाड़ियां जेपीएससी कार्यालय तक बरियातु रोड से अल्बर्ट एक्का चौक की ओर जाने वाली छोटी गाड़ियां लाईन टैंक रोड स्थित रामगढ़ ट्रेकर पड़ाव तक एवं डंगराटोली चौक से सर्जना चौक की ओर आने वाली छोटी गाड़ियों मिशन चौक तक ही आ सकेंगी। लालपुर से कोकर जाने वाले मार्ग वन-वे रहेगा सिर्फ लालपुर से कोकर की ओर जाने वाले वाहन सदर थाना वाले मार्ग से होते हुए जाऐंगे। कोकर से लालपुर की ओर आने वाली गाड़ियां कांटाटोली होकर अपने गंतव्य तक जाऐगी। हरमू रोड से छोटी गाड़ियां अरगोड़ा चौक, कडरु, सुजाता चौक, सकती है। मुण्डा चौक होते हुए कांटाटोली जा सकती है। कांके रोड से आने वाली गाड़ियां राम मंदिर, रणधीर वर्मा चौक, करमटोली से बुटी मोड़ होते हुए जमशेदपुर या कांटाटोली के तरफ जा सकती है। मेन रोड में आठ बजे से अगले दिन चार बजे तक छोटे वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। आठ बजे से अगले दिन चार बजे सुबह तक न्यू मार्केट चौक से किशोरगंज चौक तक छोटी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है। शहरी क्षेत्र में आवश्यक सामग्री लाने वाली गाड़ियां सुबह चार बजे से आठ बजे के बीच ही आ सकेगी।



# स्मार्ट मीटर रीचार्ज नहीं करानेवालों की कटी बिजली

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से राजधानी में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। अगस्त से लगभग तीन हजार घरों में स्मार्ट मीटर ने प्रीपेड मोड में काम करना शुरू कर दिया। लेकिन अब रीचार्ज नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में प्रीपेड उपभोक्ताओं की बिजली कट गयी है। जिनकी संख्या लगभग 1700 है। बता दें पहले चरण के तहत जेबीवीएनएल ने स्मार्ट मीटर प्रीपेड मोड में शुरू किया था। वहीं, पिछले दिनों निगम की ओर से ऐसे उपभोक्ताओं के लिए सूचना भी जारी की गयी थी। जिसमें बताया गया था कि जिन उपभोक्ताओं का रीचार्ज खत्म होने वाला है वे जल्दी मीटर रीचार्ज करा लें। इसके बाद भी उपभोक्ताओं ने निगम की अनदेखी की। जिसके बाद बिजली खुद ही कट गयी।

**15 हजार मीटर प्री पेड मोड में कार्यरत**

पिछले कुछ महीनों से राजधानी में स्मार्ट मीटर इंस्टॉल किया जा रहा है। अब तक लगभग डेढ़ लाख घरों में स्मार्ट मीटर लगाये गये हैं। जबकि तीन लाख 50 हजार घरों में स्मार्ट मीटर लगाया जाना है। शेष अन्य घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम जारी है। निगम की मानें तो लगभग 14 हजार घरों में स्मार्ट मीटर प्री पेड मोड में कार्यरत है। अलग अलग महीनों में ये मीटर प्री पेड मोड में कार्य करना शुरू कर चुके हैं। ऐसे में अगर इन उपभोक्ताओं की ओर से भी मीटर रिचार्ज समय पर नहीं किया जाता है तो बिजली खुद ही कट जायेगी।

BRIEF NEWS

### व्यापारी के वाहन पर हुई गोलीबारी




**SUNDARGARH :** सुंदरगढ़ जिले के केबलांग पुलिस सीमा के अंतर्गत पट्टासाही में बदमाशों ने नकदी लूटने की मंशा से एक व्यवसायी के वाहन पर गोलीबारी की। बदमाश दो बाइक पर थे। पुलिस कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है। अब तक मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

### कोणार्क सिनेमा के सामने से हटाये गये तीन अवैध दुकान



**ROURKELA :** राउरकेला स्टील प्लांट आथॉरिटी ने बुधवार को कोणार्क सिनेमा हॉल के सामने अवैध अतिक्रमण अभियान चलाया। अवैध रूप से बनी हुई 3 दुकानें हटाई गईं। हालांकि हटाए गए दुकानदारों ने दुकान के सामान को नुकसान पहुंचाने और नकदी चोरी होने का आरोप लगाते हुए प्लांटसाइट थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बिरमित्रपुर में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**ROURKELA :** बिरमित्रपुर चेक गेट के पास एनएच 143 पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार पति की मौत हो गई और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। पत्नी को बिरमित्रपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। मृतक की पहचान एतवा बेक के रूप में की गई और वह हातिबारी पुलिस थाना छेत्र के कोकेरमा पंचायत का रहने वाला था।

### राउरकेला टैक्सी स्टैंड पार्किंग में अतिक्रमण की शिकायत



**ROURKELA :** राउरकेला में पुराने टैक्सी स्टैंड के पास पार्किंग क्षेत्र छोटा होता जा रहा है। पहले इस पार्किंग में 40 से 50 चारपहिया वाहन खड़े हो सकते थे। लेकिन अब 10 से 12 गाड़ियां रह गई हैं। इस संबंध में पुरानी टैक्सी स्टैंड के दुकानदार ऋषि गुप्ता व अन्य ने प्लांटसाइट थाना इंस्पेक्टर से शिकायत दर्ज कराई है। इसकी एक प्रति एडीएम, एसपी और आरएमसी कमिश्नर को भी दी गई है। कहा जा रहा है कि पुलिस चेक पोस्ट, अवैध होर्डिंग्स और पानी की टंकियों के कारण पार्किंग की जगह कम हो गई है। यथाशीघ्र इसका समाधान करने का अनुरोध किया गया है।

### ट्रक ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर, पत्नी घायल

**JAMSHEDPUR :** साकची थाना अंतर्गत बसंत सिनेमा के पास बुधवार शाम एक ट्रक ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बमार्माइंस कैरेज कॉलोनी के रहने वाले मिथिलेश गुप्ता बाल-बाल बच गए, जबकि उनकी पत्नी को हाथ में चोट आई है। उन्हें इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेजा गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक के चालक को पकड़ लिया और अपने साथ थाना ले गई। ट्रक के आगे एफसीआई का बोर्ड लगा हुआ था। घटना में बाइक ट्रक के निचे आकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे लोगों में आक्रोश देखा गया।

### 21 अक्टूबर तक बागबेड़ा कॉलोनी में चलेगा सफाई अभियान

**JAMSHEDPUR :** बागबेड़ा महानगर विकास समिति द्वारा सभी के सहयोग से बागबेड़ा कॉलोनी में बुधवार को चौथे दिन भी सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान बजरंगी खेल मैदान, पीर बाबा मजार, शंख बाबा मैदान के पास सफाई अभियान चलाया गया। कचरे को बाहर फेंकने का कार्य किया गया। अभी और भी कई जगहों पर कचरे का अंबार लगा हुआ है। उसे 21 अक्टूबर तक साफ कर दिया जाएगा। इस संबंध में बागबेड़ा विकास समिति के अध्यक्ष सुबोध झा ने कहा कि अब तक ट्रैक्टर से 85 ट्रिप कचरा फेंका जा चुका है।

**ओडिशा सरकार श्रमिकों के रोजगार को सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री कर्म तत्पर अभियान कर रही लागू**

# श्रम मंत्री ने राउरकेला में खोले विकास के द्वार 161 योजनाओं पर खर्च होंगे 12.50 करोड़

**PHOTON NEWS ROURKELA :** ओडिशा सरकार शहरी क्षेत्रों के परिवर्तन के साथ श्रमिकों के रोजगार को सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री कर्म तत्पर अभियान (मुक्ता) योजना लागू कर रही है। योजनाओं की इस श्रृंखला के तहत राउरकेला शहरी क्षेत्रों में विभिन्न विकासात्मक परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इस योजना को और विस्तारित करते हुए स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों की आर्थिक वृद्धि में तेजी लाने के लिए इसमें 161 योजनाओं को लागू किया गया है।




कार्यक्रम में उपस्थित श्रम मंत्री शारदा प्रसाद नायक व अन्य। • फोटोन न्यूज

कार्यक्रम में श्रम मंत्री शारदा प्रसाद नायक मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की इस योजना ने न केवल राउरकेला शहर के श्रमिकों के लिए रोजगार की गारंटी पैदा की है, बल्कि स्थानीय मिशन शक्ति महिलाओं के हाथों को भी मजबूत किया है।

राउरकेला शहर के विकास के लिए 161 परियोजनाओं पर कुल 12 करोड़ 50 लाख रुपये के खर्च को मंजूरी दी गयी है। इसमें शहरी सौंदर्यीकरण और जन कल्याण परियोजनाएं शामिल हैं जैसे नालियां, पार्क, बच्चों के खेल के मैदान, पैदल ट्रैक, वृक्षारोपण, स्वच्छता, सामुदायिक केंद्र, 5 स्कूलों का रूपांतरण, खुली जगह उन्नति ,जलाशय में पुणुर्धार, सार्वजनिक जिम का निर्माण, वेंडिंग जोन आदि शामिल है। सभी 161 परियोजनाओं को स्थानीय स्वयं सहायता समूहों, महिलाओं और बस्ती विकास संघों के माध्यम से सीधे लागू किया जाएगा।

इस दौरान राउरकेला के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट और महानगर नगर निगम आयुक्त डॉ. शुभंकर महापात्र के साथ उपायुक्त सुदशांशु भोई, सीतादेवी माझी, रोनित कुमार, सुकांत कुमार बेहुरिया, सहायक आयुक्त नरेंद्र प्रधान, गुरुरामया प्रधान, कार्यकारी अभियंता अजय बेहरा और आरएमसी कर्मचारी और एसएचजी महिलाएं उपस्थित थीं।

## श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल में बीएड की प्रशिक्षुओं को दी गयी विदाई

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की बीएड की 13 छात्राओं सह प्रशिक्षुओ को विदाई दी गई। सभी छात्राएं 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल में पठन-पाठन का प्रशिक्षण हासिल कर रही थीं। समारोह में मुख्य रूप से स्कूल प्रबंधन समिति के महासचिव डॉ हरिबल्लभ सिंह आरसी, अध्यक्ष जेके श्रीवास्तव चुटिया एवं प्राचार्या संगीता सिंह उपस्थित थे। डॉ हरि बल्लभसिंह आरसी ने शिक्षक के हाथ देश का भविष्य बताते हुए निर्देशित किया कि शिक्षक को सजग एवं सचेत रहने की आवश्यकता है। अपनी मातृभाषा के प्रति और अपने देश के प्रति तभी एक आदर्श नागरिक का निर्माण हो सकता है।

जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी शिक्षा संकाय की प्राध्यापिका और इग्नू की को-ऑर्डिनेटर डॉ त्रिपुरा झा ने स्वागत भाषण किया। विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से प्रत्येक प्रशिक्षु छात्राओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। प्रशिक्षु छात्रा मन्नू ने पूरे एक महीने के प्रशिक्षण पर अपने अनुभव साझा किये। नेहा ने नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय की ओर से प्रशिक्षु छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। काजल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रशिक्षण में स्वीटी की सराहनीय भूमिका रही।

## राउरकेला आईएफजीएल रिफ्रैक्टरी लिमिटेड का बोनस फाइनल, कर्मचारियों को मिलेगा 19 हजार

**PHOTON NEWS ROURKELA :** आईएफजीएल रिफ्रैक्टरी लिमिटेड के प्रबंधन ने सीटू से संबद्ध आईएफजीएल रिफ्रैक्टरी वर्क्स यूनियन के साथ 2022-2023 के लिए बोनस समझौते पर हस्ताक्षर किया है। आईएफजीएल प्रबंधन ने सीटू के सभी नेताओं का फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया और फिर बोनस पर चर्चा हुई और द्विपक्षीय बोनस समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। समझौते के तहत सभी स्थायी श्रमिकों को बोनस के रूप में 19,000 रुपये मिलेंगे। जो पिछले साल से 22,00 रुपये ज्यादा है और पिछले 10 साल में मिले 16,800 रुपये मिला था।



बोनस समझौते पर हस्ताक्षर करते हुए प्रबंधन एवं यूनियन के लोग। • फोटोन न्यूज

इसी तरह कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स का बोनस बढ़ाकर सालाना सैलरी का 10 फीसदी कर दिया गया है, जो पहले 8.33 फीसदी था। द्विपक्षीय समझौते पर सीटू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और आईएफजीएल रिफ्रैक्टरी वर्क्स यूनियन के अध्यक्ष बिष्णु मोहंती, महासचिव जहांगीर अली, कार्यवाहक अध्यक्ष अजीत कुमार दास, उपाध्यक्ष बिमान माईती, कोषाध्यक्ष सीडी मुंडा, संपादक सुजीत सामल, प्रसन्ना महापात्र ने हस्ताक्षर किया। वहीं मुख्य परिचालन अधिकारी एस. अरासु, उपाध्यक्ष विकाशेंदु मोहंती ने प्रबंधन की ओर से हस्ताक्षर किए। इस बोनस समझौते से कर्मचारियों में खुशी की लहर है।

## रेलवे मेंस यूनियन ने किया विभिन्न स्टेशनों का दौरा, जानी समस्या

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** रेलवे मेंस यूनियन के संयोजक एमके सिंह एवं टाटानगर अध्यक्ष एसएन शिव के नेतृत्व में यूनियन की टीम ने विभिन्न स्टेशनों का तूफानी दौरा किया। दो दिवसीय (17-18 अक्टूबर) इस दौरे में जगह-जगह गई और कर्मचारियों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना और उनकी बातों को अधिकारियों के समक्ष रखा। राउरकेला पहुंचने पर सभी का जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान राउरकेला, बंडामुंडा, रौकसी, बरसूआ, बिमलगढ़, चमपाझारन, डुमेरता समेत अन्य छोटे मोटे स्टेशनों का दौरा किया और एक एक रेलकर्मी से मिले।

**सदस्यों के साथ की बैठक :** संयोजक एमके सिंह ने बताया कि टाटानगर से लगभग 50 की संख्या में यूनियन के सदस्य इस दौरे में शामिल थे। वहीं, बंडामुंडा के दोनों शाखाओं से भी सदस्य मौजूद थे। बंडामुंडा के सभी अधिकारियों से भेंट कर उन्हें मांगों से अवगत कराया गया है। साथ ही जगह-जगह यूनियन के सदस्यों के साथ बैठक की गई है। इनमें मुख्य रूप से बिमलगढ़ में रेल कर्मचारियों के लिए रेस्ट रूम की समस्या, कवार्टर, पानी, बिजली, डिवीजन और जोनल स्तर के ट्रांसफर, गैंगमैन में सेंट्रलाइज किए जाने वाले सीनियरिटी को लेकर चल रहे विवाद का समाधान समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों से वार्ता की गई।

## टाटा स्टील की टीम ने नेताजी सुभाष पब्लिक स्कूल में छात्रों को दी सीपीआर की जानकारी

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** नेताजी सुभाष पब्लिक स्कूल में बुधवार को बेसिक लाइफ सपोर्ट आधारित कार्यशाला (सीपीआर) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील की डॉ बरनाली मुखर्जी उपस्थित थीं। कार्यशाला की विधिवत शुरूआत हुआ। तत्पश्चात डॉ बरनाली मुखर्जी ने अपनी पूरी टीम के साथ स्कूल के 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को लाइफ सपोर्ट सिस्टम के बारे में जानकारी दी।



कार्यशाला में शामिल लोग। • फोटोन न्यूज

उन्होंने छात्र-छात्राओं को सीपीआर की प्रायोगिक जानकारी देते हुए उन्हें प्रशिक्षित भी किया। इस कार्यशाला में दोनों ही कक्षाओं के 45 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और सीपीआर की जानकारी हासिल की। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य प्रवीण अरोरा ने कहा कि कार्यशाला काफी ज्ञानवर्धक और जानकारी से परिपूर्ण रही।

## एएमयू एलुमिनाई एसोसिएशन ने मनाया सर सैयद दिवस

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी एलुमिनाई एसोसिएशन की जमशेदपुर शाखा ने बुधवार को करीम सिटी कॉलेज प्रेक्षागृह में सर सैयद दिवस मनाया। शहर में मौजूद अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र रहे शिक्षक, चिकित्सक, अधिकारी और समाज सेवी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के पूर्व वाइस चांसलर प्रो (डॉ) फिरोज अहमद, विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन सह सीएमओ, पश्चिमी सिंहभूम डॉ साहिर पाल उपस्थित थे अतिथियों का स्वागत संगठन के अध्यक्ष मोहम्मद इलियास खान ने किया। संगठन के सेक्रेटरी डॉ आले अली ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की।



कार्यक्रम में शामिल एसोसिएशन के लोग। • फोटोन न्यूज

मुख्य अतिथि ने सर सैयद अहमद खान को याद किया तथा उनके शैक्षणिक एवं सामाजिक सेवाओं पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आज भी हमें इस बात की जरूरत है कि हम सर सैयद अहमद खान के उद्देश्यों पर गौर करें और उन्होंने देश और समाज को एक नया जीवन देने का जो रास्ता अपनाया, उस रास्ते पर चलकर हम भी उन उद्देश्यों को पूरा करने का प्रयत्न करें, जो हमारे दिल में कहीं न कहीं, किसी न किसी रूप में मौजूद है।

करीम सिटी कॉलेज के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ मोहम्मद याहिया इब्राहीम ने भी सभा को संबोधित किया और संगठन की तरफ से कम से कम अपने शहर में शैक्षणिक तथा सामाजिक क्षेत्र में एक सकारात्मक भूमिका निभाने की बात की।

## एसीसी कंपनी की ओर से 45 रैयतों को तीन माह की स्किल ट्रेनिंग देने पर बनी सहमति

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** झींकपानी एसीसी कंपनी में पुराने लीज से संबंधित चयनित 45 भूमिहीन रैयतों को नौकरी मिलने का रास्ता लगभग साफ हो गया। अब कंपनी की ओर से चयनित सभी 45 रैयतों को प्रशिक्षण दी जाएगी। बुधवार को समाहरणालय सभागार में हुई त्रिपक्षीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में विधायक दीपक बिरुवा एवं जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त अन्यय मित्तल, एडीसी संतोष कुमार सिंहा, एसडीओ शशिंद्र बड़ाइक एवं एसीसी कंपनी प्रबंधन की ओर से एसीसी प्लांट हेड राज गुरुंग, एचआर हेड साहू जी एवं सभी रैयत शामिल थे। बताया गया कि एसीसी कंपनी द्वारा रैयतों से लीज में जमीन ली गई थी। इसके बदले में रैयतों को नौकरी दिए जाने की बात कही गई थी। हालांकि हेमंत सरकार की ओर से इन रैयतों की नौकरी के लिए वर्ष 2021 में अपबंधित नियुक्ति पत्र दी गई थी। लेकिन कंपनी की ओर से अब तक नौकरी नहीं दी गई। इससे नाराज रैयतों ने कई बार धरना प्रदर्शन भी किया। रैयतों ने विधायक दीपक बिरुवा जी से नौकरी दिलाने की गुहार लगाई थी। विधायक जी ने इसे गंभीरता से लेते हुए अग्रेतर कार्रवाई के लिए पहल की थी। त्रिपक्षीय बैठक में निर्णय लिया गया कि एसीसी कंपनी की ओर से चयनित सभी 45 रैयतों को तीन माह की स्किल ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।




बैठक में शामिल विधायक दीपक बिरुवा, उपायुक्त व अन्य। • फोटोन न्यूज

## विद्यार्थियों ने देखा हाइड्रो रॉकेट का परीक्षण

**PHOTON NEWS SUNDARGARH :** भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का जन्मदिन को विश्व छात्र दिवस के रूप में मनाया जाता है।

सुंदरगढ़ जिला प्रशासन ने विश्व छात्र दिवस मनाया गया। मौके पर विभिन्न ब्लॉक में चयनित 105 हाई स्कूलों के बच्चे हाइड्रो रॉकेट का परीक्षण करते दिखे। 8वीं, 9वीं और 10वीं कक्षा के छात्रों ने इस परीक्षा को अपनी आंखों से देखा और इसकी लॉन्च तकनीक को समझा। यह रॉकेट प्रक्षेपण वैज्ञानिक सर आइजैक न्यूटन के तीसरे नियम के अनुसार काम करता है। एक साइकिल पंप एक जार में थोड़ी मात्रा में पानी भरता है और फिर ऊपर उठता है और गिरता है। इसे हाइड्रो रॉकेट लॉन्चिंग तकनीक कहा जाता है। पूरे जिले में इस परियोजना को ₹विज्ञान प्रयोगशाला में उड़ान₹ नाम दिया गया था। इस प्रदर्शन के दौरान विभिन्न विद्यालयों के प्रखंड शिक्षक, प्रधानाध्यापक, छात्र-छात्राएं, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, पंचायत राज के प्रतिनिधि आदि ने भाग लिया।



हाइड्रो रॉकेट का परीक्षण करते छात्र। • फोटोन न्यूज

**पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित एसआर रूंगटा बी-डिविजन लीग**

# एकतरफा मुकाबले में गोप एंड सिंह क्लब ने लट्टू उरांव क्रिकेट क्लब को 136 रनों से हराया

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में खेले जा रहे एसआर रूंगटा बी डिविजन लीग के अंतर्गत बुधवार को खेले गए मैच में गोप एवं सिंह क्लब बड़ा जामदा की टीम ने एकतरफा मुकाबले में लट्टू उरांव क्रिकेट क्लब चक्रधरपुर को 136 रनों के भारी अंतर से पराजित कर पूरे चार अंक हासिल किए। इस प्रकार अपने ग्रुप लीग के दो मैच हारकर लट्टू उरांव क्रिकेट क्लब चक्रधरपुर की टीम प्रतियोगिता से लगभग बाहर हो चुकी है। इस टीम का अंतिम लीग मैच 15 नवंबर को स्टूडेंट क्लब चाईबासा से निर्धारित है।

स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गोप एवं सिंह क्लब बड़ा जामदा की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में पांच विकेट खोकर 200 रनों का स्कोर खड़ा किया। इस टीम की ओर से जतीन भारद्वाज ने सात चौकों की मदद से 45 रन बनाए और अंत तक नाबाद रहा। अन्य बल्लेबाजों में कप्तान धीरज कुमार ने चार चौकों एवं तीन छक्कों की सहायता से 44 रन, शोभित मिश्रा ने 35, करण ने 31, एन एम राहुल ने 21नाबाद तथा प्रकाश डांगील ने 20 रनों का योगदान दिया। लट्टू उरांव क्रिकेट क्लब की ओर से शुभम ओझा, सागर कुमार, अमृत कश्यप तथा प्रेम कुमार को एक-एक सफलता हाथ लगी।



जीत के बाद गोप एंड सिंह क्लब की टीम। • फोटोन न्यूज

जीत के लिए निर्धारित तीस ओवर में 201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लट्टू उरांव क्रिकेट क्लब चक्रधरपुर की पूरी टीम 22 ओवर में मात्र 64 रन पर ढेर हो गई। सम्राट अभिषेक ने 19 तथा प्रिंस यादव ने 13 रन बनाए। अन्य कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच पाया। गोप एवं सिंह क्लब की ओर से सबसे घातक गेंदबाजी विक्की राज चौधरी ने की जिसने 22 रन देकर पाँच बल्लेबाजों को चलता किया। कप्तान धीरज कुमार ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए अपने पाँच ओवर के स्पेल में चार मैडन रखते हुए मात्र एक रन देकर दो विकेट हासिल किए। जतीन भारद्वाज को एक विकेट प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में गुरुवार को चाईबासा क्रिकेट क्लब का मुकाबला चक्रधरपुर के लक्ष्मण गिलुआ क्रिकेट क्लब से होगा।

मैच समाप्ति के बाद जिला क्रिकेट संघ के महासचिव असीम कुमार सिंह ने बताया कि समिति के लिए गए निर्णय के अनुसार पूरे मैदान में मैच की निगरानी एवं सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए कुल 12 सीसीटीवी अधिष्ठापित किए गए हैं जो सफलतापूर्वक क्रियाशील है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का स्कोरिंग आन लाइन हो रहा है। जिसे देश के किसी भी कोने में कोई भी क्रिकेट प्रेमी घर बैठे मैच का लाईव स्कोर क्रिकहीरोस एप्प डाउनलोड कर देख सकते हैं। जिला क्रिकेट संघ के महासचिव ने बताया कि लगभग सोलह हजार दर्शक अब तक इस प्रतियोगिता का लाईव स्कोर घर बैठे देख चुके हैं।

## झामुमो का प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण शिविर सह सदस्यता अभियान 29 को



शिविर में उपस्थित झामुमो के सदस्य। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत टोंटो प्रखंड के झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कार्यालय परिसर में 29 अक्टूबर को झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी का प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण शिविर सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। झामुमो प्रखंड समिति ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। कार्यक्रम का सफल आयोजन के लिए बुधवार को टोंटो स्थित झामुमो कार्यालय में विधायक दीपक बिरुवा उपस्थिति में बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। इसके अलावा अन्य कार्यक्रमों के बारे में चर्चा हुई । कार्यक्रम का सफल आयोजन के लिए कार्यकताओं को विभिन्न जिम्मेदारी दी गई। बैठक में जिला 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति सदस्य सुभाष बनर्जी, जिला परिषद् सदस्य राज नारायण तुबिड, 20 सूत्री अध्यक्ष मुन्ना सुंडी, उपाध्यक्ष फूलेनदर महातो, तुराम बिरूली, पूर्व प्रखंड प्रमुख मंगल सिंह तुबिड, संजय दास, बिरसा हेस्सा, मुचिया हेस्सा, बुधराम लागुरी, सुबेदार बिरूवा, सामू हासदा, राजीव हासदा, बुधराम लागुरी, घनश्याम लागुरी, दिनेश तुंबलिया, आशीष लागुरी समेत अन्य मौजूद थे।

# नीतीश विपक्षी एकता के सूत्रधार

## तेजस्वी के लिए तड़पता बिहार; जदयू-राजद की आखिर मंजिल क्या ?

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के पटना स्थित मुख्यालय के बाहर अब एक बड़ा-सा बोर्ड लगाया है। लिखा है- "तेजस्वी यादव के लिए तड़पता बिहार"। तेजस्वी यादव बिहार के मौजूदा उप मुख्यमंत्री हैं तो यह तड़प क्यों? जाहिर है सीधे कमान मिलने की। तेजस्वी भी राजद कार्यालय आए तो बोर्ड देखते गए। राजद कार्यालय से कुछ ही दूरी पर सामने की तरफ जनता दल यूनाईटेड का मुख्य कार्यालय है। इसके अंदर-बाहर अक्सर यह आवाज गूंजती है- "देश का पीएम कैसा हो, नीतीश कुमार जैसा हो।" जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह यूपी दौरे के दौरान दुहरा चुके हैं कि देश में विपक्षी एकता के सूत्रधार नीतीश कुमार हैं। ऐसे में यह सवाल जायज है कि जदयू-राजद की आखिर मंजिल क्या है और दोनों दल इस दिशा में कहां तक बढ़े हैं? बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जब भारतीय जनता पार्टी के साथ जनादेश लेकर राजद का दामन थामा था, उसी दिन से आवाज उठ रही कि तेजस्वी को बागडोर मिल जाए। राजभवन के पास तब इसकी नारेबाजी भी लगी थी। वह कसक बार-बार किसी न किसी रूप में सामने आ ही जाती है। ताजा पोस्टर




उस कसक को तड़प में दिखा रहा, यह कहना भी गलत नहीं होगा। तो, क्या राजद या तेजस्वी उस राह पर हैं? कुछ मायनों में जरूर हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तो काफी समय से इस कुर्सी पर हैं, लेकिन जिस तरह पिछले 8-10 महीनों से राज्य सरकार नौकरियों पर फोकस कर रही है, उसे राजद अपने खाते की उपलब्धि बताने से कभी नहीं हिचकता। मंगलवार को भी तेजस्वी ने भाजपा पर वार करते हुए एक बार फिर दुहराया कि इतनी नौकरियां कहीं और नहीं दी जा रही है। नौकरियां तेजस्वी के एजेंडे में 2020 के विधानसभा चुनाव के दौरान भी थी और अब अगर राजद या तेजस्वी यह क्रेडिट लेकर युवा पीढ़ी से समर्थन हासिल कर रहे तो अजूबा भी नहीं। रोजगार और बेरोजगारी में पलायन बिहार का सबसे बड़ा मुद्दा रहा है और इस नजरिए से देखें तो तेजस्वी इस मामले में आगे बढ़ते दिख रहे हैं। इसके अलावा, जिस तरह से लालू प्रसाद यादव दोबारा बिहार की राजनीति में प्रभावी हुए हैं, यह कहना भी गलत नहीं कि सर्वाधिक विधायकों वाला राजद विधानसभा में तीसरे नंबर की पार्टी जदयू से कई मामलों में आगे है। इन सभी के साथ जातिगत जनगणना के आंकड़ों में यादव जाति की संख्या को देखते हुए भी तेजस्वी यादव को लेकर राजद की तड़प वाजिब नजर आती है। 23 जून को देशभर के भाजपा विरोधी दलों को पहली बार जुटाने में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्राथमिक भूमिका रही थी। पहली बैठक से ही यह उम्मीद की जा रही थी कि उन्हें विपक्षी एकता का संयोजक बनाया जाएगा। संयोजन की बात कई नेताओं ने कही, लेकिन संयोजक पद के लिए नाम प्रस्तावित नहीं हुआ।

## दंपति पर 30 लोगों ने किया हमला, पति की मौत





मोतिहारी। बिहार के मोतिहारी में भूमि पर कब्जे को लेकर हुए विवाद में चंदन राम नामक व्यक्ति पर रॉबिन नामक युवकी की हत्या करने का आरोप लगा है। यह आरोप मृतक की पत्नी रीति कुमारी ने लगाया है। रघुनाथपुर ओपी क्षेत्र के माई स्थल के पास रॉबिन और ओम प्रकाश सहनी ने मिलकर ढाई बीघा जमीन करीब पांच वर्ष पहले खरीदी थी। उसपर कुख्यात अपराधी चंदन राम की भी नजर थी। लेकिन दूसरे मामले में जेल जाने के बाद से बाद से वह शांत था। इस बीच रॉबिन साह ने उस जमीन में से लगभग सब बेच दी थी। बस दो कट्ठा जमीन बची थी, जिस पर अपना घर बना रहा था। रॉबिन की पत्नी रीति कुमारी ने बताया कि वह गर्भवती है, अपने पति के साथ रोज रात में खाना खाने के बाद जमीन पर टहलने जाति थी। उसी तरह बीती रात भी टहलने गए थे। इसी दौरान वहां हम लोग बैठे थे कि चंदन राम ने अपने लगभग बीस से तीस लोगों के साथ मेरे पति पर चाकुओं से हमला कर दिया। जब वह वहां से भागे तो उन्हें गोली मार दी। गोली उनकी जांघ में लगी। हम लोग उन्हें इलाज के लिए मणि हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। घटना की सूचना पर सदर एएसपी राज रघुनाथपुर ओपी पहुंचे। जहां अधिकारियों ने घटना के बारे में जानकारी ली। पुलिस ने बताया कि रॉबिन नाम के युवक की जांघ में गोली लगी है, जिससे उसकी मौत हो गई है। परिजनों ने अभी आवेदन नहीं दिया है। रॉबिन का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। वहीं, घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## नौकरी लगते ही बदला पति का रंग-ढंग

### मांग पूरी न होने पर पत्नी को मारने की कोशिश की, दर-दर भटक रही महिला



**औरंगाबाद।** युवक की शादी हुई। पत्नी के ससुराल आते ही पति की किस्मत चमक गई। उसकी पुलिस में नौकरी लग गई। पति की नौकरी लगने के तीन साल तक सब कुछ ठीक-ठाक रहा। इस दौरान एक बेटी भी हुई, जो अभी छह साल की है। वहीं, नौकरी लगते ही युवक और उसके परिवार का रंग-ढंग बदल गया। विवाहिता से दहेज की मांग होने लगी और प्रताड़ना का दौर शुरू हो गया। इसी बीच उसे जहर देकर जान मारने की भी कोशिश हुई। लेकिन वह बच गई। अब मामला कोर्ट-कचहरी में चल रहा है और विवाहिता न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खा रही है। यह पूरा मामला भागलपुर के तातारपुर थाना के कंपनी बाग का है। यह औरंगाबाद से इस कारण जुड़ा है, क्योंकि विवाहिता का पति औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक के आवास पर कार्यरत है। मामले को लेकर औरंगाबाद की पुलिस कप्तान स्वपना गौतम मेश्राम से न्याय की गुहार लगाने आई पीड़िता चंद्रकला देवी ने रोते-बिलखते हुए बताया कि उसका मायका भागलपुर के नाथनगर थाना क्षेत्र के पुरानी सराय में है। वह राधारमण मंडल की बेटी है। उसकी शादी 20 मई 2013 को भागलपुर के तातारपुर थाना के कंपनी बाग निवासी दिनेश मंडल के बेटे गोपाल मंडल के साथ हुई थी। पीड़िता ने बताया कि शादी के तीन साल बाद 2016 में बिहार पुलिस में सिपाही के पद पर नौकरी लग गई। नौकरी लगने के बाद पति और ससुराल वालों का रंग ढंग बदल गया। उसे दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर 21 अप्रैल 2019 को उसे जहर खिलाकर मारने का प्रयास किया गया, लेकिन वह बच गई। इसके बाद पीड़िता ने भादंवि की धारा 323, 328, 498ए, 34 और 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत तातारपुर थाना में प्राथमिकी संख्या-104/2019 दर्ज करा दी। इस मामले में जमानत के लिए पति ने पटना उच्च न्यायालय में दायर अर्जी में कहा कि वह पत्नी को ससम्मान अपने साथ रखेगा। इस आधार पर हाइकोर्ट ने पत्नी को साथ रखने का निर्देश देते हुए दो माह की औपबंधक जमानत दे दी। पति ने 16 अगस्त 2022 को कोर्ट में झूठ बोला कि वह पत्नी को घर ले जा रहा है। लेकिन वह उसे घर ले जाने के बजाय कोर्ट में ही छोड़ गया। उसने कहा कि मेरी एक छह साल की बेटी है, जिसका भरण-पोषण करने में वह समर्थ नहीं है। पति न मुझे और न ही बेटी को अपने साथ रखता है। न तो किसी तरह का खर्च देता है और न ही न्यायालय का आदेश मानता है। इसी वजह से उसने एसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामले में एसपी स्वपना गौतम मेश्राम ने कहा कि महिला ने शिकायती आवेदन दिया है। शिकायत की जांच की जिम्मेवारी पुलिस लाइन के मेजर को दी गई है। जांच रिपोर्ट के आलोक में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## राखी की तरह दशहरा में भी सरकार बैकफुट पर



पटना। बिहार सरकार एक बार फिर से बैकफुट पर आ गई है। पिछले बार रक्षा बंधन में छुट्टियों का फैसला वापस लेना पड़ा था, इस बार दुर्गापूजा में शिक्षकों का विशेष परीक्षण कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। राज्य शिक्षा शोध प्रशिक्षण परिषद द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि 16 से 21 अक्टूबर तक शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को 17 अक्टूबर से स्थगित कर दिया गया है। अब अगले आदेश में बताया जाएगा कि कब से शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम से होगा। दरअसल, दुर्गापूजा के दौरान बिहार सरकार द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने का आदेश दिया था। इसमें उनकी छुट्टियां भी प्रभावित हो रही थी। इस फैसले का विरोध होने लगा। भाजपा महागठबंधन सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगा रही थी। कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा हिन्दुओं की छुट्टियों को ही रद्द किया जाता है, यह गलत है। इतना ही नहीं बिहार शिक्षक संघ ने भी राज्य सरकार को 48 घंटे के अंदर फैसला वापस लेने का अल्टीमेटम दिया था। इसके बाद बाद राज्य शिक्षा शोध प्रशिक्षण परिषद् ने अपने दिए गए आदेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया। 17 अक्टूबर से सारे प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। राज्य शिक्षा शोध प्रशिक्षण परिषद ने जारी की चिट्ठी जारी कर दी है।

## संक्षिप्त डायरी

### भाजपा सांसद ने लगा दिया लालू प्रसाद पर बड़ा आरोप, कहा: मुख्यमंत्री बनने के लिए मेरे पति को मरवा दिया



**पटना।** शिवहर से सांसद और वरीय भाजपा नेत्री रमा देवी ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर बड़ा आरोप लगा दिया है। उन्होंने कहा कि मेरे पति को लालू यादव ने मुख्यमंत्री बनने के लिए मरवा दिया था। इनका जवाब देने के लिए रामा देवी काफी है। जब हम मोतिहारी की सीट जीतकर राजद को दिए तो लालू प्रसाद समझे कि मुख्यमंत्री बन जाएंगे। इन्होंने चाल चली लेकिन जवाब देने के लिए मैं काफी थी। राजद सुप्रीमो पर तंज कसते हुए कहा कि यह लोग बेशर्म हो गए हैं। नारी शक्ति को सम्मान नहीं देते हैं। यह पैसा खाने के लिए बैठे हैं। भाजपा सरकार में अब तक एक भी घोटाला नहीं हुआ। लेकिन, राजद सरकार जब थी तो रोज घोटाला होता थी। रमादेवी ने कहा कि हमलोग दबने और डरने वाले नहीं हैं। इन्हें नारी शक्ति की ताकत का पता नहीं है। दरअसल, सांसद रमा देवी जातीय गणना के आंकड़ों में फजीर्वाडे के खिलाफ अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल होने आई थीं। लोगों को संबोधित कहते हुए उन्होंने लालू प्रसाद को जमकर हमला बोला। कहा कि जेल में जाओ, जेल से आओ बेल पे आओ। बेशर्म इंसान को शर्म नहीं लगता है। सारे राक्षसों का अंत करने के लिए रमा देवी काफी है। जातीय गणना को लेकर सीएम नीतीश कुमार पर निशाना साधा। रमा देवी ने कहा कि जातीय गणना के आंकड़ों में फजीर्वाड़ा किया गया है। कई जाति के आंकड़ों को कम करके दिखाया गया है। केवल राजनीतिक लाभ पाने के लिए आननफानन में महागठबंधन सरकार ने ऐसा रिपोर्ट पब्लिश कर दिया।

### एनकाउंटर में मारे गए सत्यप्रकाश ने कम उम्र में ही कर दिया था बड़ा कांड, सामने आयी उसकी वह कहानी

**पटना।** बैंक शाखा से निकलते ग्राहक से लूटपाट रोकने का प्रयास कर रहे बिहार पुलिस के जवान की गोली मार हत्या करने के बाद पुलिस एनकाउंटर में मारे गए एक अपराधी की कहानी अब सामने आयी है। उसने तो बालिग होने से पहले ही अपराध की दुनिया में पहचान बना ली थी। उसे गया की पुलिस ढूंढ़ रही थी और वह वैशाली में इस अपराध को अंजाम दे रहा था। गया पुलिस ने एनकाउंटर में मारे गए सत्य प्रकाश की पुरानी कहानी खुद सामने लायी है। बिहार के वैशाली में सोमवार सिपाही की गोली मारकर भागने के दौरान पुलिस ने जवाबी करवाई करते हुए बिट्टू कुमार और सत्यप्रकाश उर्फ गोलू को मार गिराया गया था। अपराधी सत्यप्रकाश गया जिले के मानपुर प्रखंड का बुनियादगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला था। सत्यप्रकाश पर अपने ही चाचा की हत्या का एफआईआर बुनियादगंज थाना में दर्ज था। बुनियादगंज थानाध्यक्ष का कहना है कि सत्यप्रकाश 31 दिसंबर 2020 को अपने चाचा सुनील शर्मा की हत्या कर शव को फेंक दिया था। इस मामले में सत्यप्रकाश और घर के परिजनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसमें पिता अनिल शर्मा, मां, बहन और भाई प्रिंस कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।सत्यप्रकाश घटना के बाद से फरार चल रहा था। बुनियादगंज थानाध्यक्ष का कहना है कि सत्यप्रकाश नाबालिक से ही अपराध में शामिल हो गया था। वर्ष 2016 में नाबालिक में ही मारपीट और हत्या के प्रयास का मामला बुनियादगंज थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज है। थानाध्यक्ष का कहना है कि हत्या की घटना के बाद से वह फरार चल रहा था और गया जिला में वह टॉप टेन की सूची में शामिल था। उसके एनकाउंटर से गया पुलिस ने राहत की सांस ली है।

### इसने रोका सीएम नीतीश कुमार का रास्ता, अचानक गाड़ी से उतरे मुख्यमंत्री, पैदल ही पहुंचे सचिवालय



**पटना।** "किसी शख्स ने मुख्यमंत्री का काफिला रोका" ऐसी खबरें तो कई बार आपने पढ़ी होगी। लेकिन, किसी पेड़ ने मुख्यमंत्री का काफिला रोक दिया, यह पढ़ने और सुनने में थोड़ा चौंकाने वाला लग रहा है। जी, हां बिहार के मुख्यमंत्री का काफिला सड़क पर गिरे पेड़ ने रोक दिया। दरअसल, सीएम नीतीश कुमार सचिवालय जा रहे थे। मुख्यमंत्री आवास से आगे बढ़ने पर मुख्य सचिवालय के गेट सामने सड़क पर पेड़ गिरा हुआ था। इस वजह से मुख्यमंत्री का काफिला रुक गया। कारण जानने के बाद सीएम नीतीश कुमार गाड़ी से उतर गए। गिरे हुए पेड़ों का निरीक्षण किया। फौरन अधिकारियों को बुलाया और पेड़ को हटाने का निर्देश दिया। इतना ही नहीं सीएम नीतीश कुमार ने उस गिरे हुए पेड़ की जगह नए पौधे लगाने का भी निर्देश दिया। साथ ही सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि आंधी और बारिश के कारण जहां भी सड़क पर पेड़ गिरे हों, उसे जल्द से जल्द हटवा कर रास्ता क्लियर करवाएं। इसके बाद गिरे हुए पेड़ जगह नए पौधे लगाएं। अधिकारियों को दिशा-निर्देश देने के बाद सीएम नीतीश कुमार पैदल ही सचिवालय पहुंचे।

## मुजफ्फरपुर में अपराधियों ने बुजुर्ग को किया गोली से छलनी

### तीन महीना पहले बेटे की कर दी थी हत्या



मुजफ्फरपुर । बेखौफ अपराधियों ने एक बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या कर दी। आननफानन में स्थानीय लोग उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सहबाजपुर निवासी भोला ठाकुर (52) के रूप में की गई है। पुलिस का कहना है कि तीन साल पूर्व (28 जुलाई) अपराधियों ने इनके बेटे की भी गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना अहियापुर थाना क्षेत्र के सहबाजपुर स्थित लीची बगान के पास की है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सहबाजपुर के पंचायत भवन के पास भोला ठाकुर की किराना की दुकान है। बेटे की हत्या के बाद दुकान पर वही बैठते थे। मंगलवार की रात करीब 9 बजे वह दुकान बंद कर घर जा रहे थे। दूकान और घर के बीच एक लीची बगान है। भोला ठाकुर उसी रास्ते से घर जा रहे थे, तभी पूर्व से घात लगाये अपराधियो ने उन्हें गोली मार दी। स्थानीय लोगों ने आननफानन में उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ अस्पताल में जमा हो गई। सूचना मिलते ही अहियापुर थानेदार रोहन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। घटना को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। मृतक भोला ठाकुर के पुत्र धीरज का कहना है कि सहबाजपुर के सामुदायिक भवन के पास उनके पिता की पिछले 10 वर्षों से किराना दुकान है। उस दूकान पर पहले राहुल बैठता था। उसकी हत्या के बाद भोला ठाकुर दुकान चलाने लगे। भोला ठाकुर पहले ट्रक ड्राइवर थे। भोला ठाकुर के बेटा राहुल कुमार की हत्या तीन माह पूर्व हुई थी। भोला ठाकुर के बयान पर तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। इस मामले में अब तक मात्र एक आरोपी की गिरफ्तारी हो सकी है। अब भोला ठाकुर की भी हत्या हो गई। पुलिस की ढुलमुल रवैये को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। उनका कहना है कि पुलिस राहुल के हत्यारे को अबतक गिरफ्तार नहीं कर सकी और अब राहुल के पिता की हत्या हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई। अहियापुर थानाध्यक्ष रोहन कुमार बैरिया स्थित निजी अस्पताल पहुंचकर परिजनों से पुछताछ की। सिटी एसपी अरविंद प्रताप सिंह और टाउन डीएसपी अवधेश दीक्षित भी घटनास्थल पर पहुंचे। अहियापुर थानाध्यक्ष रोहन कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि राहुल का एक भाई अपराधिक चरित्र का है। वर्तमान में वह हथौड़ी के किसी कांड में जेल में है। पुलिस उस बिंदु पर भी जांच कर रही है कि उसके भाई के कारण इसको तो गोली नहीं मारी गई है। साथ ही पुलिस आसपास के सीसीटीवी को भी खंगाल रही है।

## स्कूल से लौटे बच्चे का बाइक सवार दो बदमाशों ने किया अपहरण, पुलिस तहकीकात में जुटी, परिवार बेहाल



**मुजफ्फरपुर।** जिला के अहियापुर थाना क्षेत्र के भीखनपुर एनएच-57 किनारे बसे मुहल्ले से बाइक सवार दो अपराधियों ने दस साल के बच्चे का अपहरण कर लिया। पीड़ित बच्चे के परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। शिकायत मिलते ही नगर डीएसपी और अहियापुर थानेदार रोहन कुमार भीखनपुर इलाके में बच्चे की तलाश में जुट गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। सीसीटीवी फुटेज में बाइक सवार अपराधी बच्चे को बैठाकर ले जाते नजर आए हैं। बच्चा स्थानीय निवासी पप्पू सिंह का बेटा श्लोक कुमार है। पप्पू सिंह ने पुलिस को बताया है कि उसका बेटा भीखनपुर स्थित निजी स्कूल में तीसरे वर्ग में पढ़ाई करता है। वह स्कूल वैन से स्कूल आता-जाता है। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर उसने स्कूल वैन के चालक से मोबाइल पर संपर्क किया। ड्राइवर ने स्टॉप प्वाइंट पर छोड़ने के बारे में बताया। उसके बाद वह तहकीकात करने लगे। बच्चे का कहीं पता नहीं चलने पर पप्पू सिंह ने पुलिस का सहयोग लिया। पप्पू सिंह ने बताया कि वह इलेक्ट्रॉनिक से जुड़े काम करके परिवार का भरण-पोषण करता है। बच्चे के अपहरण के बाद पूरा परिवार दहशत में है। उसने पुलिस को यह भी बताया है कि गांव में पहले से जमीन विवाद चल रहा है।

## महुआ मोइत्रा और गिरिराज सिंह के बारे में क्या बोले तेजस्वी यादव, बताई अपनी जापान यात्रा की वजह



पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से भाजपा और उनके नेताओं पर निशाना साधा है। टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा संसद में पैसा लेकर सवाल पूछ जाने पर तेजस्वी यादव ने कहा कि यह बेकार का आरोप है। देश की जनता जान रही है कि हो क्या रहा है। जो सवाल पूछ रहे हैं और जो सच बोल रहे हैं, उनपर कार्रवाई हो रही है। एक खास नेता हैं भाजपा में, जिनके कारण पार्टी चलती है। उनके बचाव में भाजपा सांसद क्या-क्या करते हैं, इसके बारे में हर एक राजनेता जानता है। वह अपनी डिग्री हो या प्रधानमंत्री की डिग्री हो इसके बारे में जनता जानती है। इसके अलावा भी उनका क्या काम है, सांसद होने के नाते, वह सब जानता है। सांसद महुआ मोइत्रा का बचाव करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि वह जहां (कॉलेज) से पढ़ीं हैं, वहां जल्दी एडमिशन नहीं मिलता है। इतने बड़े बैंक में उन्होंने काम किया। यह बहुत बड़ी बात है। उनकी काबलियत पर तो कोई सवाल ही नहीं उठा सकता है। जो लोग ऐसा कर रहे हैं, यह तो संसद का गुस्सा है, वह निकाला जा रहा है। संसद में एक खास लोग के बारे में बात की जा रही है। उनके खिलाफ जो भी बोलता है, उनपर कार्रवाई की जा रही है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा अल्पसंख्यकों को लेकर दिए गए बयान पर उन्होंने कहा कि उनकी बातों का हमलोगों को कोई वैल्यू नहीं देना चाहिए। उनकी बातें तो केवल प्रधानमंत्री को खुश करने के लिए होती है। अभी तो बातें चल रही है भाजपा में कि दो टर्म से ज्यादा वाले सांसद को टिकट नहीं मिलेगी। इसी फेरा में कई लोग चाहते हैं कि उनको तीसरी बार भी टिकट मिल जाए। शीट शेयरिंग के सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि इसपर कोई समस्या नहीं है। 2015 में जब ज्यादा सीटें थी, तब कोई समस्या नहीं थी तो अब भी नहीं होगी। महागठबंधन में सब कुछ ठीक है। आगामी जापान यात्रा को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा यह ऑफिसियल ट्रिप है। बिहार महात्मा बुद्ध की धरती है। इसको लेकर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए जापान में एक स्टॉल भी लगा है।

# भारतीय कृषि व्यवस्था का कायाकल्प

कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसने हमारे आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृति और आध्यात्मिक प्रगति में एक महान भूमिका निभायी है। हम कृषि को एक उत्सव के रूप में मनाते हैं। हमारे किसान बंधुओं ने अपनी संस्कृति में वनों, पहाड़ों, नदियों, पशुधन, जीव-जंतुओं को एक दैवीय स्थान दिया है। क्या प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा का ऐसा अनुपम उदाहरण आपने कहीं देखा है? केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और सीजीआईएआर द्वारा हाल ही में 'अनुसंधान से प्रभाव तक : न्याय संगत और लचीली कृषि-खाद्य प्रणालियां' विषय में एक चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया और इस दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने भी मंच साझा किया। इस सम्मेलन में वैश्विक स्तर पर कोरोना महामारी के कृषि-खाद्य प्रणालियों पर प्रभाव और इसमें लैंगिक असमानता से संबंधित चुनौतियों को उजागर करने का प्रयास किया गया। आज जलवायु परिवर्तन के कारण पूरे मानव जाति का अस्तित्व संकट में है। इस वजह से हमारा खाद्य उत्पादन भी बुरी तरह से बाधित हो रहा है। ऐसे में हमें कृषि-खाद्य प्रणालियों से संबंधित खतरों से निपटने के लिए इसके दुष्चक्र को तोड़ना ही होगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आज के समय में कृषि संबंधित गतिविधियों में महिलाओं की बेहद सक्रिय भागीदारी है। लेकिन हमने एक लंबे समय तक उन्हें निर्णय लेने वालों की भूमिका निभाने से वंचित रखा है। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में अन्य क्षेत्रों की तरह कृषि के क्षेत्र में भी नारी सशक्तिकरण को एक नया बल मिला है। प्रधानमंत्री मोदी यह भली-भांति समझते हैं कि यदि हमें कृषि के क्षेत्र में समावेशी विकास के लक्ष्य को हासिल करना है, तो हमें नारी सशक्तिकरण पर ध्यान देना ही होगा। इसके लिए भारत सरकार द्वारा महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना, राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन जैसे कई पहलों की शुरूआत की गई और इसका हमें बेहद सकारात्मक परिणाम देखने के लिए मिल रहा है। परंतु, स्वतंत्रता प्राप्ति के दशकों बाद भी किसानों को हमारे अर्थनीति में कोई विशेष महत्व नहीं दिया गया। उन्हें कृषि संबंधित संकटों से उबारने का कोई प्रयास नहीं किया गया। यह वास्तव में अत्यंत पीड़ादायक है। प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों की इस पीड़ा को समझते हुए, कृषि को बढ़ावा देने के लिए कई अतिरिक्त प्रयास किये, जिसका प्रतिफल आज पूरे देश में देखने के लिए मिल रहा है। चाहे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि हो या प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का सुरक्षा कवच हो, चाहे 10 हजार नए एफपीओ बनाने का मामला हो या एक लाख करोड़ रुपये का एग्री इंफ्रा फंड स्थापित करने का मुद्दा हो, चाहे किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को 20 लाख करोड़ रुपये का ऋण बेहद आसानी से उपलब्ध कराने का विषय हो, चाहे पशु पालकों- मस्त्य पालकों को केसीसी से जोड़ने का प्रश्न हो, प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय कृषि व्यवस्था की कायापलट करने के लिए कई ऐतिहासिक प्रयास किये हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे किसान बंधुओं के समग्र विकास के लिए 'बीज से बाजार तक' के दृष्टिकोण के साथ अपने कदम बढ़ाए हैं और उनके इस संकल्प को धरातल पर क्रियान्वित करने में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कोई कसर नहीं छोड़ी। इसके लिए दोनों ही प्रशंसा के पात्र हैं। केंद्रीय सत्ता में आने के बाद, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हमेशा किसानों की आमदनी को बढ़ावा देने, खेती के आदान को कम करने और किसानों को अधिकतम सुविधाएं प्रदान करने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कार्य किया है। तथ्य बताते हैं कि वर्ष 2013-14 की तुलना में हमारा वर्तमान कृषि बजट 5.6 गुणा अधिक है। आज प्रधानमंत्री किसान लाभार्थियों की संख्या 11 करोड़ से भी अधिक हो चुकी है और देश भर में लगभग 23 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी हुए हैं। आज ई-नाम पोर्टल के माध्यम से 1260 मंडियां जुड़ी हुई हैं। इन प्रयासों से न केवल किसानों की स्थिति में बेहद तीव्रता के साथ सुधार हो रही है, बल्कि आयात पर निर्भरता कम होने के कारण उपभोक्ताओं को भी उचित कीमत पर उत्पाद मिल रहे हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सभ्यता के आरंभ से ही भारत में जैविक और प्राकृतिक खेती की प्रथा रही है। लेकिन कालांतर में कथित आधुनिक और वैज्ञानिक कृषि आदानों के व्यवहार ने हमारी इस परंपरा को लगभग मिटा कर ही रख दिया था। लेकिन, आज जैविक और प्राकृतिक खेती समय की अपरिहार्यता बनती जा रही है। हमें यह समझना होगा कि आज खेती में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक इस्तेमाल के कारण मिट्टी, पानी, हवा जैसे पर्यावरण के हर हिस्से बेहद प्रभावित हो रहे हैं और इससे इंसानों को कैंसर, श्वास रोग जैसी कई बीमारियां हो रही हैं। इतना ही नहीं, आज इस वजह से कई पशु-पक्षी, जलचर, गैर-लक्षित पेड़-पौधे लगभग विलुप्ति की कगार पर पहुंच गए हैं। जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने कई उपाय किये हैं, जैसे कि कार्बनिक प्रदूषकों की सूची में आने वाले रासायनों पर प्रतिबंध, मिशन ऑर्गेनिक वैल्यू चेन डेवलपमेंट फॉर नॉर्थ ईस्ट रीजन, जैविक ग्राम योजना, परंपरागत कृषि विकास योजना, आदि। इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए हमारे किसान बंधुओं को भी बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी पेश करनी चाहिए। यहां यह भी उल्लेख करना आवश्यक है कि देश में उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान के परिणामस्वरूप हमारी कृषि व्यवस्था को एक उल्लेखनीय सफलता मिली है और इसके लिए हमारे सभी कृषि वैज्ञानिक बधाई के पात्र हैं।

# संकट के मित्र इजरायल का साथ देने का वक्त

ANALYSIS



आर.के. सिन्हा

**इजरायल भारत के सच्चे मित्र के रूप में संकट के समय लगातार सामने आता रहा है। यह बात अलग है कि फिलिस्तीन मसले पर इंदिरा गांधी के समय आजतक भारत आंखें मूंद कर अरब संसार के साथ खड़ा रहा। कश्मीर के सवाल पर अरब देशों ने सदैव पाकिस्तान का ही साथ दिया। लेकिन, इजरायल ने संकट के समय तो हमेशा भारत की हर तरह से मदद की। हमारे यहां के कुछ तत्व हमेशा इजरायल का खुलकर विरोध ही करते रहते हैं। उनमें वामपंथी मित्र सबसे आगे ही रहते हैं। वे भूल जाते हैं कि इजरायल हमारा संकट का मित्र है। वे युद्ध काल में भी हर पल हमारे साथ रहा है। इन सब तथ्यों की अनदेखी करते हुए हाल ही में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के छात्रों द्वारा फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन किया गया। वर्तमान परिस्थितियों में यह भारत के राष्ट्रहित के खिलाफ ही कार्रवाई मानी जायेगी। इन छात्रों ने फिलिस्तीन के समर्थन में विरोध मार्च भी निकाला। एएमयू के छात्रों का कहना है कि जिस तरह इजरायल द्वारा फिलिस्तीन पर जुल्म किया जा रहा है, वह सही नहीं है।**

चरमपंथी संगठन हमास ने इजरायल पर अचानक हमला करके जिस तरह का नृशंस भीषण कत्लेआम किया, उसकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से की गई त्वरित निंदा से यह साफ हो गया है कि भारत अब इजरायल से किसी प्रकार की दूरी बनाने के लिए तैयार नहीं है। हां, भारत की यह दिली चाहत है कि फिलिस्तीनी संकट का कोई स्थायी समाधान निकले। हमास के इजरायल पर बिना कारण अचानक हमले के बाद दुनिया के बहुत से देश इजरायल के साथ स्वाभाविक रूप से खड़े हो गए। भारत भी इजरायल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। इजरायल भारत के सच्चे मित्र के रूप में संकट के समय लगातार सामने आता रहा है। यह बात अलग है कि फिलिस्तीन मसले पर इंदिरा गांधी के समय आजतक भारत आंखें मूंद कर अरब संसार के साथ खड़ा रहा। कश्मीर के सवाल पर अरब देशों ने सदैव पाकिस्तान का ही साथ दिया। लेकिन, इजरायल ने संकट के समय तो हमेशा भारत की हर तरह से मदद की। हमारे यहां के कुछ तत्व हमेशा इजरायल का खुलकर विरोध ही करते रहते हैं। उनमें वामपंथी मित्र सबसे आगे ही रहते हैं। वे भूल जाते हैं कि इजरायल हमारा संकट का मित्र है। वे युद्ध काल में भी हर पल हमारे साथ रहा है। इन सब तथ्यों की अनदेखी करते हुए हाल ही में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के छात्रों द्वारा फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन किया गया। वर्तमान परिस्थितियों में यह भारत के राष्ट्रहित के खिलाफ ही कार्रवाई मानी जायेगी । इन छात्रों ने फिलिस्तीन के समर्थन में विरोध मार्च भी निकाला। एएमयू के छात्रों का कहना है कि जिस तरह इजरायल द्वारा फिलिस्तीन पर



जुल्म किया जा रहा है, वह सही नहीं है। लेकिन, वास्तव में अभी तो कार्रवाई बिना वजह फिलिस्तीनी आतंकी गुट हमास द्वारा इजरायल के खिलाफ हो रही है । इन छात्रों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से बिना अनुमति लिए ही प्रदर्शन किया। ये भी अस्वीकार्य है। उन्होंने प्रदर्शन के दौरान आतंकी संगठन हमास के कत्लेआम की कोई निंदा नहीं की। ये शर्मनाक भी है। इसे कहते हैं, उल्टे चोर कोतवाल को डांटे। बहरहाल, अगर हम भारत-इजरायल संबंधों के इतिहास को देखें तो पता चलता है कि भारत ने 17 सितम्बर 1950 को इजरायल को ही आधिकारिक तौर पर मान्यता प्रदान कर दी थी। वह सरदार पटेल का जमाना था । उसके बाद इजरायल के साथ भारत के 1992 में राजनयिक सम्बन्ध स्थापित हुए। वह भी तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने इजरायल के साथ कूटनीतिक सम्बन्ध शुरू करने को मंजूरी दी। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उसके बाद नई दिल्ली और तेल अवीव में दोनों देशों की एंबेसी भी स्थापित हुईं। इजरायल ने शुरू में राजधानी के बाराखंभा रोड पर स्थित गोपालदास टावर्स में अपनी एंबेसी स्थापित की थी। हालांकि कुछ सालों के बाद इजरायल ने लुटियंस दिल्ली के पृथ्वीराज रोड पर अपनी एंबेसी स्थापित कर ली। अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्वकाल में इजरायल के साथ सम्बन्धों को नए आयाम तक पहुंचाने की ठोस कोशिशें भी की गईं। इजरायल तब भी भारत के साथ खड़ा था, जब उसे मदद की सर्वाधिक आवश्यकता थी। इजरायल ने 1965 और 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाइयों के दौरान भी भारत को मदद दी। उसने 1965 और 1971 में भारत को गुप्त जानकारियां देकर मदद की थी। 1999 के करगिल युद्ध में इजरायल मदद के बाद भारत और इजरायल खासतौर पर करीब आए। तब इजरायल ने भारत को एरियल ड्रोन, लेसर गाइडेड बम, गोला बारूद और अन्य हथियारों की मदद दी, जबकि इसके लिये भारत को अमेरिका से भी मदद नहीं मिली थी । बेशक, पाकिस्तान के परमाणु बम ने दोनों देशों को नजदीक लाने में मदद की। इजरायल को यह स्वाभाविक डर रहा है कि कहीं यह परमाणु बम ईरान या किसी इस्लामी चरमपंथी संगठन के हाथ न लग जाए। भारत- इजरायल संबंधों को मजबूती कृषि क्षेत्र में आपसी सहयोग से भी मिलती है। दोनों देशों की सरकारें कृषि सहयोग में विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों देशों के बीच लगातार बढ़ती द्विपक्षीय साझेदारी की पुष्टि करते हुए द्विपक्षीय संबंधों में कृषि और जल क्षेत्रों की प्रमुखता को मान्यता दी गई है। भारत-इजरायल को करीब लाने में भारत में सदियों से बसे हुये यहूदियों के योगदान को कम करके नहीं देखा जा सकता है। भारत में केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली वगैरह में हजारों यहूदी बसे हुए हैं। राजधानी के हुमायूं रोड पर जूदेह हयम सिनगॉग है। ये उत्तर भारत का एक मात्र सिनगॉग है। इसे आप यहूदियों का मंदिर भी कह सकते हैं। यहां राजधानी में रहने वाले यहूदी परिवार नियमित रूप से पूजा करने के लिए आते हैं। इस बीच, आप जब नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की तरफ से पहाड़गंज मेन बाजार में दाखिल होते हैं, तो आपको यहूदियों का खाबड़ हाउस मिलेगा। इधर अंग्रेजी और हिब्रु में लिखा है खाबड़ हाउस। आप कह सकते हैं कि ये राजधानी में यहूदियों का घर से दूर का घर है। यहां पर दुनियाभर से दिल्ली आने वाले यहूदियों को छत मिल जाती है। इजरायल-हमास जंग का असर खाबड़ हाउस पर भी नजर आता है। यहां पर सन्नाटा पसरा हुआ है। फिलहाल इसकी कुछ सुरक्षा कर्मी निगाहबानी कर रहे हैं। इजरायल के टूरिस्ट पहाड़गंज को पसंद करने लगे हैं, तो इसके लिए खाबड़ हाउस को भी क्रेडिट देना होगा। उन्हें पहाड़गंज में आकर लगता है कि वे अपने घर में हैं। पहाडगंज बीते कम से कम तीन दशकों से इजरायल के टूरिस्टों की सबसे पसंदीदा जगह के रूप में उभरा है। वे यहां आकर ठहरते हैं और यहां से हिमाचल प्रदेश और दूसरे राज्यों में घूमने के लिए निकल जाते हैं। इजरायल से आने वाले टूरिस्ट गर्मियों के मौसम में पहाड़गंज के होटलों में भर जाते हैं। इन्हें हर तरह से बहुत बढ़िया टूरिस्ट माना जाता है। ये वक्त पर अपना बिल दे देते हैं और कोई गैर-कानूनी काम भी नहीं करते। जानकार बताते हैं कि मुंबई में 2009 में हुए हमलों के बाद भारत में विदेशी टूरिस्ट आने लगभग बंद हो गए थे। भारत का टूरिज्म सेक्टर घुटनों पर पहुंच गया था। उस दौर में भी इजरायली टूरिस्ट पहाडगंज को गुलजार कर रहे थे। ये भारत को प्यार करते हैं। इन्हें भारत पसंद है। हां, कोविड काल में तो सब कुछ ही बंद हो गया था। बता दें कि खाबड़ हाउस और सिनगॉग में वही फर्क होता है जो मंदिर और गुरुकुल या मस्जिद और मदरसे में होता है। मुंबई में भी काफी यहूदी हैं। इनका मुंबई के महालक्ष्मी में ज्यूइश सेमेटरी भी है। जैसा कि इसके नाम से ही साफ है कि ये मुंबई के यहूदियों का कब्रिस्तान है। इस कब्रिस्तान में 1927 से दफनाए जा रहे हैं शहर के यहूदी।

**लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।**

# कृषि क्षेत्र की चुनौतियां और समाधान

हमारे देश में कृषि क्षेत्र के सामने कई चुनौतियां हैं । एक ओर किसान के लिए कृषि को लाभदायक बनाने की चुनौती है तो दूसरी ओर मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को बचाने बढ़ाने की जरूरत है। मानव स्वास्थ्य का प्रश्न भी बहुत हद तक कृषि उत्पादों के जहर मुक्त होने पर निर्भर है। 140 करोड़ लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी तो है ही। इन सारी चुनौतियों को कुछ-कुछ निपटाने की क्षमता हो, ऐसी कृषि पद्धति की तलाश लंबे समय से रही है। हरित क्रांति के पहले, अन्न के संकट से देश दो-चार था। हरित क्रांति आई तो अपने साथ रासायनिक खाद और फसल की बीमारियों से लड़ने वाले जहर लेकर आई। इन रासायनिक छिड़कावों के बाद जहरीले तत्वों का कुछ प्रतिशत अनाज, फल और सब्जी में बचा रह जाता है। रासायनिक खाद मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को धीरे-धीरे घटाते जाते हैं और रासायनिक खाद की मात्रा की मांग बढ़ती जाति है। इससे कृषि की लागत बढ़ जाती है। हालांकि बाजार की व्यवस्थाएं भी इससे मिल कर खेती को लगातार कम लाभदायक बनाने में अपनी भूमिका निभाती हैं। किंतु मिट्टी की घटती उत्पादकता का क्या करें। इससे निपटना उपरोक्त सभी चुनौतियों के संदर्भ में सबसे महत्वपूर्ण हो जाता है। खेती को टिकाऊ बनाने के लिए इसका महत्व सबसे ज्यादा है। इन सब बातों को देखते हुए देश भर में अपने-अपने स्तर पर चिंतन और प्रयोग शुरू हुए। किसान, जो रासायनिक कृषि का आदी हो गया था उसे विश्वास में लेना और यह सिद्ध करना की गैर रासायनिक कृषि में उपज में कोई कमी नहीं आने वाली है, यह भी अपने आप में एक वाजिब चुनौती थी। इन हालात में जैविक कृषि, ऋषि खेती, जीरो बजट खेती, (जिसे बाद में प्राकृतिक खेती भी कहा जाने लगा) और लो एक्सटर्नल इनपुट सस्टेनेबल खेती आदि कई प्रयोग हुए। असल में इन सभी प्रयोगों की साझी समझ यह थी कि खेती में जहरीली रासायनिक खादों, रासायनिक कीटनाशकों, और घास मारने वाली दवाइयों का प्रयोग न किया जाए और उपज में भी कोई कमी न आए। जैविक कृषि में गोबर की खाद व पत्तों की खाद को वैज्ञानिक तरीके से बनाने पर जोर दिया गया जिसमें गड्ढों में खाद बनाने और केंचुआ खाद बनाने पर जोर दिया गया। गोमूत्र से भी खाद बनाने की बात हुई। जीरो बजट खेती में गोमूत्र से जीवामृत, घन जीवामृत, बनाने पर जोर दिया गया। देसी गाय के मूत्र और गोबर थोड़ा सा डाल कर घोल बना कर यह खाद बनाई जाती है। इसके अलावा कीटनाशक भी जैविक तत्वों से बनाने का विकास किया गया। ऋषि खेती या पूर्ण प्राकृतिक खेती जापानी वैज्ञानिक डॉ. फुकुओका की वन स्ट्रा रेवोलुशन पर आधारित विधि है जिसमें जमीन को प्राकृतिक रूप से ही उपजाऊ बनाने की कला विकसित की गई, जिसमें रासायनिक तत्वों की बात तो दूर जैविक खाद या गोमूत्र आदि कुछ भी नहीं डाला जाता। न ही जमीन की जुताई की जाती। यह विधि तो ज्यादा प्रचलित नहीं हो पाई परन्तु जैविक और जीरो बजट खेती का प्रचार हुआ और उसके प्रयोगों के अच्छे परिणाम भी सामने आए। श्री विधि से धान और अन्य फसलों में भी भरपूर फसल प्राप्त करने के सफल प्रयोग हुए। देहरादून की संस्था पीपल सांइस इंस्टीट्यूट ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हिमाचल प्रदेश में भी उनके ही सहयोग से आरटीडीसी संस्था ने सफल प्रयोग किये जिसके परिणाम पालमपुर कृषि विश्व विद्यालय के वैज्ञानिकों के साथ भी साझा उनकी देखरेख में किए गए। इसी तरह जीरो बजट खेती के प्रयोग भी अपनी सफलता सिद्ध करने में सफल हुए। आत्मा परियोजना के अंतर्गत इस दिशा में अच्छा काम हुआ। जिसे एक सफल शुरूआत कहा जा सकता है। ये जो भी दो-तीन तरह की गैर रासायनिक कृषि पद्धतियां हैं। इनके आपसी टकराव बेमायनी हैं। इनमें थोड़ा-थोड़ा अंतर जरूर है, किंतु असल लक्ष्य भी एक है और आपस में बहुत समानताएं भी हैं। इनके एकांगी प्रयोग से अच्छा हो की इन पद्धतियों के मिले-जुले रूप को सुविधा के अनुसार प्रयोग कर लिया जाए और इसे एक ही बड़ी योजना का हिस्सा माना जाए। इसे हम जहर मुक्त टिकाऊ खेती कह सकते हैं। अब चिंता है इसके व्यापक फैलाव की। सब किसान इससे लाभान्वित हों। फसल की लागत कम हो तो किसान का लाभांश भी बढ़े। जहर मुक्त अन्न, फल, सब्जी मिले तो जन-स्वास्थ्य भी सुधरे। दवाई की जरूरत कम हो तो आमजन आर्थिक दबाव मुक्त हो। रासायनिक खेती का एक और बड़ा नुकसान यह भी है कि जमीन की कार्बन प्रदूषण शक्ति कम होती जाती है, कार्बन उत्सर्जन बढ़ जाता है। जहर मुक्त खेती से जमीन की कार्बन प्रदूषण की शक्ति लगातार बढ़ती जाती है जिससे खेती की जमीन कार्बन सिंक का काम भी करने लगती है। यह जलवायु परिवर्तन के इस दौर में एक बड़ी उपलब्धी होगी। हिमालयी प्रदेशों को इसमें विशेष रुचि लेने की जरूरत इस लिए भी है क्योंकि जलवायु परिवर्तन के चलते और गलत विकास तकनीकों के कारण हम ही प्राकृतिक आपदाओं के शिकार हो रहे हैं। जहर मुक्त कृषि जलवायु नियंत्रण में सकारात्मक योगदान देने वाली साबित होगी। इसके साथ ही जुड़ी हुई दूसरी बात है फसल चयन। जिस तरह से कुछ पुराने अन्न कोदरा, कंगनी, सांवां, बाजरा आदि की गुणवत्ता और पौष्टिकता को पहचाना गया है, यह सराहनीय है और इसे जहर मुक्त खेती का जरूरी हिस्सा होना चाहिए। क्योंकि ये अन्न कई बीमारियों के इलाज में लाभदायक है। इनमें गेहूं और चावल के मुकाबले बहुत अधिक पौष्टिक तत्व हैं। सरकार कुछ प्रयास कर भी रही है, किंतु बहुत कुछ करना बाकी है। प्रायोगिक तौर तो जहर मुक्त खेती पर कार्य हो रहा है। कुछ सरकार कर रही हैं। कुछ संस्थाएं भी कर रही हैं।

## Social Media Corner

सच के हक में...



यह एक बहुत ही बड़ी खुशखबरी की बात है कि एग्रीकल्चर रोड पोस्ट ऑफिस की स्थापना की जा रही है। मुझे और अधिक खुशी होगी जब बिहार विकास के हर मानक पर रोड पोस्टेज लगातार प्रगति के पथ पर भारी दिखाई दे – स्तर वह स्वास्थ्य हो, शिक्षा हो, प्रति व्यक्ति आय हो या सबसे अधिक खुशी सूचकांक हो।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



रांची के इटकी में एक नाबालिग आदिवासी युवती के साथ छह दरिंदों ने दुष्कर्म किया। इस वीभत्स घटना से मन अत्यंत व्यथित है। झारखंड की आदिवासी महिलाओं के लिए @HemantSorenJMM की सरकार अभिशाप बन चुकी है ' लगातार हो रहे दुष्कर्म की घटना से राज्य की महिलाओं के बीच असुरक्षा की भावना पनप रही है, जबकि @jharkhandpolice अपराधियों पर नकेल कसने में फिसड्डी हो गयी है। जिला प्रशासन अतिशीघ्र पीड़िता के बेहतर उपचार की व्यवस्था करें।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# बदल रही है राष्ट्रीय फिल्म समारोह की तस्वीर

दिल्ली में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारतीय सिनेमा के उन व्यक्तियों को सम्मानित की, जिन्होंने 2021 में फिल्मों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। देश में यूं तो साल भर कितने ही फिल्म पुरस्कार समारोह होते रहते हैं। लेकिन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार देश का सबसे प्रतिष्ठित फिल्म सम्मान है, जिसे पाने की तमन्ना सिनेमा के सभी व्यक्तियों को होती है। भारत में पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह 10 और 11 अक्तूबर 1954 को दिल्ली में हुआ था। आरंभ में इन पुरस्कारों को राजकीय फिल्म पुरस्कार का नाम दिया गया था। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने भारतीय सिनेमा में सर्वश्रेष्ठ योगदान करने वाले सात व्यक्तियों को सम्मानित किया था। बाद में इन पुरस्कारों को जहां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार का नाम दिया, वहां इसका दायरा भी बढ़ता गया। प्रथम पुरस्कार के समय मात्र तीन श्रेणियों में पुरस्कार दिये गए थे। लेकिन अब फीचर और गैर-फीचर सिनेमा की लगभग 50 श्रेणियों में पुरस्कार दिये जाते हैं। इसके चलते अब हर बरस करीब 90 से 100 व्यक्तियों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने का गौरव मिल जाता है। दिलचस्प यह है कि 1954 में ही फिल्मफेयर पुरस्कारों की भी शुरूआत हो गयी थी। लेकिन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का कोई सानी नहीं है। एक तो यह सम्मान भारत सरकार के द्वारा और अक्सर राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाता है। दूसरा राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सम्मान के साथ नगद राशि भी दी जाती है, लेकिन फिल्मफेयर सिर्फ ट्रॉफी देता है। तीसरा फिल्मफेयर मुंबई में सिर्फ हिंदी फिल्मों के लिए यह पुरस्कार देता है। जबकि दक्षिण सिनेमा के लिए अलग पुरस्कार समारोह होता है। लेकिन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में संपूर्ण भारतीय सिनेमा की फिल्मों को पुरस्कृत किया जाता है। बड़ी बात यह भी है कि इन पुरस्कारों में जहां हिंदी, बंगाली, मराठी, गुजराती, तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम, असमिया और ओड़िया को ही नहीं छोटे फिल्म क्षेत्रों को भी शामिल किया जाता है। चाहे वह हरियाणवी और राजस्थानी सिनेमा हो या फिर संस्कृत और मैथिली, भोजपुरी सिनेमा। समारोह में कम प्रचलित बोली, भाषाओं की फिल्में भी पुरस्कृत होती रही हैं। जैसे इस बार भी समारोह में मिशिंग फिल्म ह्यबूंबा राइडह्ल के साथ मेइतेलोन फिल्म ह्यएखोएगी यमह्ल और ह्यबियोंड ब्लास्टह्ल भी पुरस्कृत फिल्मों की सूची में हैं। 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों पर नजर डालें तो एक बदलती तस्वीर भी दिखाई देती है। सबसे बड़ा बदलाव तो दादा साहब फाल्के सम्मान में ही देखा जा सकता है। सन 1969 में शुरू हुआ फिल्म जगत का सर्वोच्च फाल्के सम्मान इस बार दिग्गज फिल्म अभिनेत्री वहीदा रहमान को दिया जा रहा है। वहीदा फाल्के सम्मान पाने वाली 53वीं हस्ती हैं। वर्ष 1969 से 2019 तक के 50 बरसों में सिर्फ छह महिलाओं को ही फाल्के सम्मान से नवाजा गया। लेकिन पिछले दो बरसों में लगातार दो महिलाओं को फाल्के सम्मान मिलने से एक नया इतिहास बन गया है। गत वर्ष 2020 के लिए आशा पारेख को फाल्के मिला। दूसरा बड़ा बदलाव यह है कि गत वर्ष के पुरस्कारों में हिंदी सिनेमा हाशिये पर चला गया था। 68वें समारोह में हिंदी सिनेमा को चार पुरस्कार मिले थे। लेकिन इस बार हिंदी सिनेमा ने फिर से दिखा दिया कि चुनौतियों से निबटना उसे बखूबी आता है। इस बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए संयुक्त पुरस्कार हिंदी सिनेमा को ही मिला है। आलिया भट्ट को फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए तो कृति सेनन को फिल्म मिमी के लिए। उधर सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता और अभिनेत्री के दोनों सम्मान हिंदी सिनेमा को मिले हैं। पंकज त्रिपाठी को मिमी के लिए और पल्लवी जोशी को द कश्मीर फाइल्स के लिए।

# रेवड़ियों की राजनीति

पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही वहां आचार संहिता लागू हो चुकी है, ऐसे में लाजिमी है कि सत्ता की दौड़ में शामिल पार्टियां जनादेश मांगने से पहले राज्यवार अपने घोषणापत्र जारी करें और जनता को बताएं कि हुकूमत में आने पर उनकी प्राथमिकताएं क्या होंगी? यह एक स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। मगर हमारे देश में यह शानदार परंपरा भी अब विद्रूपता की शिकार होने लगी है। मंगलवार को कांग्रेस पार्टी ने मध्य प्रदेश में अपना ह्यवचन पत्रह्ल (घोषणापत्र) जारी किया, जिसमें राज्य की जनता को 101 गारंटी दी गई हैं। इनमें रियायती दर पर रसोई गैस, सौ यूनिट मुफ्त बिजली, बेटियों की शादी पर एक लाख एक हजार रुपये, महिलाओं को प्रतिमाह पंद्रह सौ रुपये, छात्रों को नकद मदद जैसी कई घोषणाएं शामिल हैं। ऐसे में, तेलंगाना के लिए पार्टी के घोषणापत्र में एक तोले सोने के वायदे की अटकलों पर अविश्वास की वजह नजर नहीं आती, क्योंकि यह दक्षिण की सियासत के मुफीद भी है। तमिलनाडु समेत कई प्रदेशों में दशकों से मंगलसूत्र और साड़ी देने की योजना जारी ही है। जाहिर है, आलोचकों ने इसे चुनावी रेवड़ी बताने में कोई देरी नहीं लगाई। विडंबना यह है कि इस होड़ में तमाम पार्टियां शामिल हैं और मुफ्त बिजली, पानी, साइकिल, लैपटॉप, मोबाइल, मंगलसूत्र, स्कूटी की योजनाओं की सूची चुनाव-दर-चुनाव लंबी ही होती जा रही है। इसकी कीमत सार्वजनिक विकास की नीतियों को चुकानी पड़ती है, क्योंकि राज्यों की माली हालत बहुत अच्छी नहीं है। मध्य प्रदेश का ही उदाहरण लें, तो राज्य के वित्त विभाग के मुताबिक, मार्च 2022 तक इस पर 2.95 लाख करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ लद चुका था। ऐसे में, कल्पना कीजिए कि कोई भी नई रियायती या मुफ्त योजना की शुरूआत उसकी आर्थिक स्थिति को कितने दबाव में लाएगी? अफसोस की बात है कि आदर्श आर्थिक प्रबंधन किसी राजनीतिक पार्टी के एजेंडे में नहीं है!

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

www.thephotonnews.com

# दीवाली बाद शुरु होगा बैंड,बाजा, बारात का सीजन, 4.25 लाख करोड़ कारोबार का अनुमान

**नई दिल्ली ।**
अगले माह दीवाली बाद से देश में बैंड, बाजा, बारात का सीजन शुरु हाने वाला है। इससे 4.25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने की संभावना है। जानकार बता रहे हैं कि अगले महीने से शुरू हो रहे शादियों के सीजन में जमकर बिकवाली का अनुमान है। क्यों कि नवंबर-दिसंबर में लाखों शादियां होने की संभावना है, जिनसे पिछले साल की तुलना में इस साल अधिक कारोबार होने का अनुमान है। गौरतलब है कि शादियों के दौरान सोने-चांदी के आभूषण, साड़ी, लहंगा-चुन्नी, फर्नीचर, रेडीमेड कपड़े, कपड़े, जूते, शादी और ग्रीटिंग कार्ड, मेवे, मिठाइयां, फल, पूजा सामग्री, किराना, खाद्यान्न, सजावट का सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स और कई उपहार आइटम आदि की खूब मांग रहती है। मैरिज हॉल, बेंड, डीजे, टेंट आदि कारोबारियों को भी कारोबार मिलता है। इस मामले में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि इस वर्ष 23 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच देश भर में लगभग 35 लाख शादियां संपन्न होने का अनुमान है। शादी से संबंधित सामानों की खरीद से इस दौरान 4.25 लाख करोड़ रुपये का खर्च इस सीजन में होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि पिछले साल इसी अवधि में करीब 32 लाख शादियां हुईं और खर्च 3.75 लाख करोड़ रुपये आंका गया था। दिल्ली में इस सीजन में 3.5 लाख से अधिक शादियों से करीब 1 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने की संभावना है। कैट की आध्यात्मिक एवं वैदिक ज्ञान समिति के अध्यक्ष एवं प्रख्यात वैदिक विद्वान आचार्य दुर्गेश तारे के अनुसार नक्षत्रों की गणना के अनुसार नवंबर में विवाह की तिथियां 23, 24, 27, 28, 29 हैं, जबकि दिसंबर माह में 3, 4,7, 8, 9 और 15 तारीखें विवाह के लिए शुभ दिन हैं। उसके बाद तारा एक महीने के लिए मध्य जनवरी तक डूब जाता है और फिर मध्य जनवरी से शुभ दिन शुरू हो जाएंगे। महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि इस शादी सीजन में करीब 6 लाख शादियों में प्रति शादी 3 लाख रुपये का अनुमानित खर्च आएगा, जबकि करीब 10 लाख शादियों में प्रति शादी करीब 6 लाख रुपये, 12 लाख शादियों में प्रति शादी लगभग 10 लाख खर्च होंगे। 6 लाख शादियों में प्रति शादी 25 लाख खर्च होंगे। 50 हजार शादियों में प्रति शादी 50 लाख खर्च होंगे, जबकि 50 हजार शादियां ऐसी होंगी जिनमें 1 करोड़ या उससे अधिक पैसे खर्च होंगे।

# हुंडई कोना ईवी और आयोनिक 5 की बिक्री हुई कम

### सबसे कम बिकने की वजह इनका इलेक्ट्रिक होना था

**नई दिल्ली ।**
सितंबर महीने में कंपनी की सबसे कम बिकने वाली कार में हुंडई कोना ईवी और आयोनिक 5 रहीं। इनके सबसे कम बिकने की वजह इनका इलेक्ट्रिक होना था। सितंबर 2023 में कंपनी इसकी केवल 176 यूनिट्स की बेच पाई है।

हुंडई आयोनिक 5 और कोना ईवी दोनों ही कंपनी की प्रीमियम इलेक्ट्रिक कारें हैं और इनकी कीमत भी कंपनी की लाइनअप में मौजूद अन्या कारों के मुकाबले फाफी अधिक है। यही वजह है कि इन कारों में सबसे बेहतर फीचर्स और परफार्मेंस मिलने के बावजूद इनकी बिक्री ज्यादा संख्या में नहीं हो रही है। मौजूदा समय में हुंडई भारतीय बाजार में आयोनिक 5 स्टैंडर्ड मॉडल की बिक्री कर रही है। इस कार में 72.6केडब्ल्यूएच के बैटरी पैक का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह मोटर 217 बीएचपी पॉवर और 350 एनएम टॉर्क आउटपुट देता है। कंपनी के दावे के अनुसार यह कार फुल चार्ज में 631 किलोमीटर की एआरएआई रेंज ऑफर करती है।

हुंडई ने दो चार्जिंग विकल्प पेश किए हैं जिसमें से एक 150केडब्ल्यू चार्जर है जो एसयूवी को 21 मिनट में 0 से 80 प्रतिशत तक चार्ज कर सकता है और दूसरा 50केडब्ल्यू चार्जर है जिससे एसयूवी को 0 से 80 प्रतिशत तक चार्ज होने में एक घंटे का समय लगता है। फीचर्स की बात करें तो इसमें इंटिग्रेटेड 12.3-इंच इंफोटेनमेंट और ड्राइवर डिस्प्ले, पैनोरमिक सनरूफ, वायरलेस फोन चार्जर, हवादार फ्रंट सीटें, डुअल-ज़ोन क्लाइमेट कंट्रोल और एक हेड-अप डिस्प्ले शामिल हैं। यात्री सुरक्षा के लिहाज से इसमें छह एयरबैग, ईबीडी के साथ एबीएस, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल (ईएससी), एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) और एक 360-डिग्री कैमरा मिलता है। आयोनिक 5 का मुकाबला वोल्वो एक्ससी40 रिचार्ज और किआ ईवी6 से है।

बता दें कि कोना ईवी की कीमत 25.30 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है। सितंबर 2023 में ये इलेक्ट्रिक एसयूवी केवल 69 यूनिट्स की बिकी। वहीं अगस्त 2023 में इसकी बिक्री 91 यूनिट्स थी। हुंडई की दूसरी सबसे कम बिकने वाली कार आयोनिक 5 रही। यह भी एक इलेक्ट्रिक कार है जिसकी कीमत 45.95 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है।

# बजाज फाइनेंस का मुनाफा बढ़कर 28 फीसदी हुआ, इस साल 3,551 करोड़ की हुई कमाई

**नई दिल्ली ।**




बजाज फाइनेंस का इस साल मुनाफा बढ़कर 28 फीसदी हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार ऋण देने वाली गैर-बैंक कंपनी बजाज फाइनेंस ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के नतीजों का ऐलान कर दिया है। हालों कि 30 सितंबर, 2023-24 को समाप्त तिमाही में बजाज फाइनेंस फाइनेंस का मुनाफ उम्मीद से कम रहा। जबे कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंसोलिडेट नेट प्रॉफिट 3,551 करोड़ रुपये पर पंहुच गया। इस तरह से सालभर में 28 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। हालांकि, खराब ऋण बढ़ने के कारण कंपनी का मुनाफा उम्मीद से मामूली रूप से कम रहा। कंसोलिडेट आंकड़ों में ऋणदाता की सहायक कंपनियों, बजाज हाउसिंग फाइनेंस और बजाज फाइनेंशियल सिक्योरिटीज के कारोबार भी शामिल हैं। इसके अलावा सितंबर तिमाही में ऋण घाटा और प्रावधान सालाना आधार पर लगभग 47 प्रतिशत बढ़कर 10.77 अरब रुपये हो गया, जो एक साल पहले 7.34 अरब रुपये था। वहीं, अप्रैल-जून तिमाही में यह 9.95 अरब रुपये था आरबीआई ने उभरते तनाव के संकेतों के लिए तेजी से पर्सनल फाइनेंस ऋण श्रेणियों के बारे में ऋण देने वाली कंपनियों और बैंकों को आगाह किया है। साथ ही रिजर्व बैंक ने उनसे मजबूत जोखिम प्रबंधन प्रथाओं को अपनाने का आग्रह किया है। कंपनी का ग्रॉस नॉन-परफार्मिंग एसेट रेश्यो सितंबर के अंत में घटकर 0.91 प्रतिशत हो गया, जो कि जून के अंत में 0.87 प्रतिशत था। आरबीआई द्वारा लगातार चौथी नीति बैठक में अपनी प्रमुख उधार दर स्थिर रखने के बावजूद तिमाही के दौरान ऋण की मांग मजबूत रही है। गौरतलब है कि केंद्रीय बैंक ने मई 2022 से ब्याज दरों में 250 आधार अंकों या 2.5 प्रतिशत का इजाफा किया है। बजाज फाइनेंस ने एक अपडेट में बताया कि इस तिमाही में उसकी नई ऋण बुकिंग सालाना आधार पर 26 प्रतिशत बढ़ गई, जबकि जमा बुक में 39 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। कंपनी ने बीती तिमाही के दौरान 35.8 लाख नए ग्राहक जोड़े।

# टेस्ला ने एपीआई दस्तावेज किया लॉन्च

### फुल थर्ड-पार्टी ऐप इकोसिस्टम बनाने चल हरी चर्चा

**सैन फ्रांसिस्को ।**
जाने-माने उदयोग पति एलन मस्क की कंपनी टेस्ला ने थर्ड-पार्टी ऐप्स को सपोर्ट करने के लिए ऑफिशियल एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) दस्तावेज जारी किया है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इस समय एपीआई केवल उस कमांड को कवर करता है जिसे आप टेस्ला ऐप के माध्यम से अपनी कार पर भेज सकते हैं, और यह आपकी कार से ऐप पर जाने वाले डेटा को पिंग कर सकता है। यह बदलाव सभी थर्ड-पार्टी फ्लीट मैनेजमेंट ऐप्स और स्मार्टवॉच इंटीग्रेशन ऐप्स आदि को ऑफिशियल बनाने जा रहा है। एलन मस्क द्वारा संचालित कंपनी ने पहले अपने वाहनों के लिए फुल थर्ड-पार्टी ऐप इकोसिस्टम बनाने के लिए एक सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट किट (एसडीके) के बारे में बात की है।

ऑटोमेकर ने अब ऑफिशियल तौर पर एपीआई दस्तावेज जारी किया है, जो उनकी कारों के आसपास थर्ड-पार्टी ऐप कम्युनिटी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। टेस्ला के अनुसार, सभी थर्ड-पार्टी ऐप्स को अगले साल से नए एपीआई से गुजरना होगा।इसमें कहा गया है, 2024 से शुरू होकर, अधिकांश वाहनों को टेस्ला व्हीकल कमांड एसडीके के माध्यम से कमांड भेजने की आवश्यकता होगी। अगस्त में, टेस्ला के ऐप को ऐप्पल शॉर्टकट्स के साथ ऑटोमेशन के लिए समर्थन प्राप्त हुआ। इस बीच, टेस्ला ने 2023 की तीसरी तिमाही में 430,488 वाहनों का उत्पादन किया, जो पिछली तिमाही से 10 प्रतिशत कम है।तीसरी तिमाही में, कंपनी ने 430,000 से अधिक वाहनों का उत्पादन किया था और 435,000 से अधिक वाहनों की डिलीवरी की।

कंपनी ने तीसरी तिमाही में 435,059 वाहनों की डिलीवरी की, जो पिछली तिमाही की तुलना में 6.6 प्रतिशत कम है लेकिन साल दर साल 26.5 प्रतिशत की वृद्धि है।

# एचपी ने भारतीय यूजर्स के लिए नए पवेलियन प्लस लैपटॉप किए लॉन्च

**नई दिल्ली।**
पीसी और प्रिंटर प्रमुख एचपी ने बुधवार को युवा कस्टमर्स के लिए भारत में टॉप फीचर्स के साथ अपने लेटेस्ट पवेलियन प्लस नोटबुक पेश किए।एचपी पवेलियन प्लस 16 लैपटॉप वार्म गोल्ड और नेचुरल सिल्वर कलर्स में 1,24,999 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है। कंपनी ने कहा कि एचपी पवेलियन प्लस 14 लैपटॉप मूनलाइट ब्लू और नेचुरल सिल्वर में 91,999 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है। नया पोर्टफोलियो सुपर व्यूइंग एक्सपीरियंस के लिए आईमैक्स-एनहान्स डिस्प्ले के साथ आता है। लैपटॉप लेटेस्ट 13वीं जनरेशन के इंटेल कोर प्रोसेसर, एएमडी रयजेन 7 सीरीज प्रोसेसर और निर्बाध परफॉर्मेंस के लिए एनवीडिया आरटीएक्स 3050 ग्राफिक्स द्वारा संचालित हैं।

कंपनी ने कहा, स्मार्ट-एआई फीचर्स के लिए एचपी प्रेजेंस 2.0 से लैस, लैपटॉप बेहतर कोलैबोरेशन और प्रोडक्टिविटी सक्षम करते हैं। एचपी इंडिया के वरिष्ठ निदेशक विक्रम बेदी ने कहा, 'नए एचपी पवेलियन प्लस लैपटॉप को हमारे यूजर्स की हाइब्रिड लाइफस्टाइल्स को सहजता से समायोजित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें सहज डिजाइन, सुपर व्यूइंग एक्सपीरियंस के लिए आईमैक्स-एनहान्स डिस्प्ले और प्रोडक्टिविटी और प्राइवेसी के लिए स्मार्ट एआई फीचर्स शामिल हैं।' एचपी प्रेजेंस 2.0 के माध्यम से, आप उनके वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एक्सपीरियंस को बेहतर बना सकते हैं और कोलैबोरेशन को बढ़ावा दे सकते हैं। ब्लर बैकग्राउंड्स और उन्हें कस्टम इमेज से बदलने की क्षमता के साथ, व्यक्ति अपने वीडियो कॉल को बेहतर बना सकते हैं। 'ऑटो फ्रेम' फीचर गारंटी देता है कि वीडियो कॉल के दौरान चलते समय भी यूजर्स फोकस में रहेंगे। इसके अलावा, ये लैपटॉप लाइटिंग को समायोजित करने और स्किन टोन को सही करने के ऑप्शन प्रदान करते हैं, जिससे यूजर्स लाइट के बावजूद खुद को बेस्ट लाइट में प्रस्तुत करने में सक्षम होते हैं। एचपी पवेलियन प्लस 16 यूजर्स को 68 डब्ल्यूएचआर क्षमता की बैटरी लाइफ के साथ अपने काम को पूरा करने की अनुमति देता है। 5 मेगापिक्सल आईआर कैमरे के साथ, कंज्यूमर्स फैमिली, फ्रैंड्स या क्लीग्स के साथ जुड़े रह सकते हैं। 120 हट्र्ज वैरिएबल रिफ्रेश रेट वाला पवेलियन प्लस 16 अतिरिक्त प्राइवेसी के लिए विंडोज हैलो के साथ एक मैनुअल कैमरा शटर के साथ आता है।पवेलियन प्लस 14 लैपटॉप का वजन 1.4 किलोग्राम है और यह 17.5 मिमी पतले हैं।

# रुपया गिरावट पर बंद



**नई दिल्ली ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को रुपया एक पैसे की गिरावट के साथ ही 83.27 पर बंद हुआ। इससे पहले अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आज सुबह रुपया 3 पैसे बढ़कर 83.23 पर खुला। वहीं गत दिवस डॉलर के मुकाबले रुपया 83.26 के स्तर पर बंद हुआ था। आज रुपया 83.25 के उच्च जबकि 83.22 के निम्न स्तर पर पहुंचा। वहीं डॉलर इंडेक्स 106.16 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। डॉलर 106.33 के उच्च स्तर पर रहा। वहीं डॉलर इंडेक्स 106.15 के निचले स्तर पर रहा। अमेरिकी बॉन्ड यील्ड बढ़त के साथ 4.8 फीसदी पर पहुंची है। इससे भी रुपये पर दबाव पड़ा है। अमेरिका में रिटेल बिक्री आंकड़ों के बाद ये बढ़त आई है। वहीं कच्चा तेल करीब 2 फीसदी बढ़ा है। बेंट क्रूड का भाव 91 डॉलर के ऊपर पहुंचा है। दूसरी ओर डब्ल्यूटीआई का भाव 88 डॉलर के पार निकला है। इजरायल-हमास संघर्ष के कारण तेल के दाम तेजी से बढ़े हैं। वहीं डालर के मुकाबल एशियाई मुद्रा में मिश्रित कारोबार हो रहा है।


# डॉबर को मिला 321 करोड़ रुपये के जीएसटी भुगतान का नोटिस

नई दिल्ली । तेल, साबुन जैसी रोजमर्रा की वस्तुएं बनाने वाली कंपनी डाबर को इस बार 320.60 करोड़ रुपये का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) भुगतान करने का नोटिस मिला है। मिली जानकारी के अनुसार डाबर इंडिया को यह रो शि जुर्माने के साथ तय समय सीमा में जमा करनी है। हालों कि कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी संबंधित प्राधिकरण के पास मामले को गुण-दोष के आधार पर चुनौती देगी। कंपनी ने कहा कि डाबर को केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) अधिनियम, 2017 की धारा 74(5) के तहत कर देनदारी के बारे में सूचना मिली है। इसमें जीएसटी के रूप में 320.60 करोड़ रुपये ब्याज और जुर्माने के साथ भुगतान करने की सलाह दी गयी है। ऐसा नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। हालांकि, डाबर कंपनी ने यह साफ किया है कि जीएसटी की मांग से कंपनी की वित्तीय, संचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। कंपनी ने कहा है कि यह प्रभाव अंतिम कर देनदारी तक सीमित रहेगा।

ट्रैवल टेक फर्म एक्सपीडिया ने दूसरे दौर में 100 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला ‒ रिपोर्ट

# ट्रैवल टेक फर्म एक्सपीडिया ने दूसरे दौर में 100 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला : रिपोर्ट

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका स्थित ट्रैवल टेक कंपनी एक्सपीडिया ग्रुप ने नौकरी में कटौती के दूसरे दौर में लगभग 100 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है, जिसका असर उसके उत्पाद और तकनीकी संगठन पर पड़ा है। स्किफ्ट के अनुसार, साल 2022 के अंत में कंपनी में 16,500 कर्मचारी थे और 100 कर्मचारी इसके वैश्विक कार्यबल के एक प्रतिशत से भी कम का प्रतिनिधित्व करते हैं। कंपनी के एक प्रवक्ता के अनुसार, हम अपने ग्राहकों को बेहतरीन यात्रा अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध हैं क्योंकि मांग अधिक बनी हुई है। जैसे-जैसे हम अपने व्यवसाय परिवर्तन के साथ संचालन को संरेखित करते हैं, इसके परिणामस्वरूप कुछ भूमिकाएं समाप्त हो सकती हैं। हम अपनी रणनीति में आश्वस्त हैं और अपने सभी कर्मचारियों के योगदान को महत्व देते हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी ने पुष्टि की है कि यह हाल के महीनों में नौकरी में कटौती का दूसरा दौर था, लेकिन उसने पहले दौर के बारे में कोई डिटेल नहीं दी। रिपोर्ट के अनुसार, प्रभावित लोगों में से कई ने एक्सपेडिया समूह के डेटा और एआई समूहों में काम किया है। इस बीच, माइक्रोसॉफ्ट के मालिकाना हक वाले लिंक्डइन ने घोषणा की है कि वह कंपनी की इंजीनियरिंग, उत्पाद, प्रतिभा और वित्त टीमों में लगभग 668 नौकरियों में कटौती करेगी। लिंक्डइन ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, आज हमने अपनी टीम के साथ जो बदलाव साझा किए हैं, उनके परिणामस्वरूप हमारी इंजीनियरिंग, उत्पाद, प्रतिभा और वित्त टीमों में लगभग 668 भूमिकाएं कम हो जाएंगी। सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह कटौती तब हुई है जब व्यवसाय-उन्मुख सोशल नेटवर्क ने लगातार आठ तिमाहियों से धीमी राजस्व वृद्धि का अनुभव किया है।



# एप्पल आईपैड लाइनअप के अपडेटेड वर्जन की कर सकता है घोषणा

### - टॉप-ऑफ-द-लाइन सिलिकॉन चिप और अन्य इंटरनल अपग्रेड शामिल

**सैन फ्रांसिस्को ।**
चालू सप्ताह में एप्पल कंपनी आईपैड लाइनअप के अपडेटेड वर्जन की घोषणा कर सकता है, जिसमें टॉप-ऑफ-द-लाइन सिलिकॉन चिप और अन्य इंटरनल अपग्रेड शामिल हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, आईपैड एयर, आईपैड मिनी और बेस मॉडल आईपैड को रिफ्रेश किए जाने की उम्मीद है और कंपनी को जरूरी डिजाइन बदलावों के बजाय अपडेट करने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, आईपैड एयर और आईपैड मिनी के लिए अपडेट वास्तव में आने वाले हैं। यह अक्टूबर रिफ्रेश टैबलेट को नई जनरेशन के एप्पल सिलिकॉन चिप के साथ अपडेट करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, आईपैड एयर और आईपैड मिनी को क्रमशः एम2 और ए16 बायोनिक चिप से जोड़ा जाएगा। नेक्स्ट जनरेशन के आईपैड प्रो में पहली बार ओएलईडी डिस्प्ले के फीचर होने की उम्मीद है। एप्पल ने पिछले साल आईपैड एयर (एम1 चिप के साथ) और 10वीं जनरेशन के आईपैड को रीफ्रेश किया था। रिपोर्ट में कहा गया है, नए आईपैड मिनी में ए16 बायोनिक चिप होनी चाहिए, जो मौजूदा ए15 बायोनिक चिप की तुलना में थोड़ा सुधार पेश करेगी।10वीं जनरेशन का मॉडल एक नया पतला बेज़ल डिजाइन, नए कलर्स और एक टच आईडी साइड बटन लेकर आया है। यह वर्तमान में ए14 बायोनिक चिप द्वारा संचालित है। आईपैड प्रो लाइनअप वही रहेगा। पहले की रिपोर्टों के अनुसार, नए आईपैड मिनी में जेली स्क्रॉलिंग समस्या के प्रभाव को संबोधित करने के लिए एक नया डिस्प्ले कंट्रोलर होगा। बेस मॉडल आईपैड को आखिरी बार एक साल पहले अपडेट किया गया था।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 551 , निफ्टी 143 अंक टूटा




**मुम्बई ।**
घरेलू शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से आई है। इसके साथ ही इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष से ही बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। इससे भारत और दुनिया भर में बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी के कारण भी निवेशक सतर्कता बरत रहे हैं।

बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.85 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.32 फीसदी नीचे आया है। दिन भर के कारोबार के बाद बीएसई का तीस शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 551.07 अंक करीब 0.83 फीसदी नीचे आकर 65,877.02 अंक पर बंद हुआ। वहीं कारोबार के दौरान सेंसेक्स 66,475.27 तक ऊपर जाने के बाद 65,842.10 तक गिरा।

दूसरी ओर पचास शेयरों वाले नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 143.85 अंक तकरीबन 0.73 फीसदी गिरा है। निफ्टी दिन के अंत में 19,667.65 अंक पर नीचे आकर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 19,840.95 तक ऊपर जाने के बाद 19,659.95 तक टूटा।

आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में केवल 4 शेयर लाभ के साथ ही उछले। टाटा मोटर्स, सन फार्मा, मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। टाटा मोटर्स के शेयर 1.92 फीसदी ऊपर आये। दूसरी तरफ सेंसेक्स के शेयरों में 26 शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये हैं। बजाज फाइनैंस, बजाज फिनसर्व, एनटीपसी, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक सेंसेक्स के सबसे अधिक नुकसान वाले शेयर रहे। सबसे ज्यादा नुकसान बजाज फाइनैंस के शेयरों को हुआ। इसके शेयर 2.72 फीसदी टूटे हैं। इसके अलावा रिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक बैंक, इंडसइंड बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा, विप्रो, टाइटन, एलएंडटी, एसबीआई और टीसीएस के शेयर भी गिरे।

इससे पहले आज सुबह घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ खुले। दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों से सेंसेक्स 100.38 अंक नीचे आकर 66,327.71 के स्तर पर खुला। वहीं निफ्टी 22.70 अंक नीचे आकर 19,788.80 के स्तर पर कामकाज करता दिखा। इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष तेज होने से भी बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। वहीं चीन की तीसरी तिमाही की जीडीपी 4.9 फीसदी बढ़ी है। जापान, दक्षिण कोरिया, चीन के प्रमुख सूचकांक 0.04 फीसदी से 0.3 फीसदी नीचे गिरे। ऑस्ट्रेलियाई बाजार में लाभ हुआ जबकि हांगकांग के बाजार में मिला-जुला कारोबार हुआ। अमेरिकी बाजारों में एसएंडपी500 0.01 फीसदी नीचे आया। नैस्डैक 0.25 फीसदी फिसला जबकि डॉओ जोन्स 0.04 फीसदी बढ़ गया। इससे पहले गत दिवस घरेलू बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था।

# सुजूकी मोटर को प्लांट के लिए मारुति 1 करोड़ 23 लाख के शेयर जारी करेगी

**नई दिल्ली ।**
देश की शीर्ष कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया द्वारा मारुति मोटर के लिए 1 करोड़ 23 लाख शेयर जारी करने की जानकारी दी है। कंपनी ने मंगलवार को कहा कि वह जापानी वाहन निर्माता से लोकल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट खरीदने के लिए भुगतान के रूप में सुजुकी मोटर को 1 करोड़ 23 लाख शेयर जारी करेगी। कंपनी ने कहा कि इश्यू 10,420.85 रुपये प्रति शेयर पर होगा। यह पहली बार है कि जुलाई में अधिग्रहण योजना की घोषणा करने वाली मारुति ने पश्चिमी राज्य गुजरात में प्लांट के लिए मूल्य का खुलासा किया है। मारुति 1 करोड़ 23 लाख प्रेफरेस शेयर 10,420.85 रुपये प्रति शेयर के भाव पर जारी करेगी, जो सोमवार को स्टॉक के बंद भाव से 2.7 प्रतिशत की छूट है। सोमवार को कंपनी के शेयर में 0.6 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई थी। शेयर इश्यू से मारुति में सुजुकी की हिस्सेदारी मौजूदा 56.48 फीसदी से बढ़कर 58.19 फीसदी हो जाएगी, जो मोटे तौर पर अगस्त में कंपनी के अनुमान के अनुरूप है। 2014 से सुजुकी ने मारुति के लिए कार बनाने वाले प्लांट में करीब 18,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। प्लांट ने 2017 में परिचालन शुरू किया और इसकी वार्षिक क्षमता 750,000 इकाइयों की है। बताया जा रहा है कि शेयरधारकों की मंजूरी के लिए मतदान बुधवार से शुरू होगा और एक महीने तक चलेगा। इस अधिग्रहण के बाद सुजुकी मोटर गुजरात (एसएमजी) उसकी (एमएसआई) पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बन जाएगी। इस मामले में मारुति ने कहा है कि उसे उम्मीद है कि प्लांट का पूर्ण स्वामित्व उसे इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) सहित उत्पादन पर बेहतर पकड़ देगा और मांग में बदलाव के अनुसार उत्पादन को समायोजित करने में मदद करेगा। बता दें कि स्पोर्ट यूटिलिटी व्हीकल पेश करने वाली कंपनी की पहली ईवी का निर्माण गुजरात प्लांट में किया जाएगा। इसकी 2030 तक छह ईवी मॉडल बनाने की योजना है, जिनमें से प्रत्येक का उत्पादन प्लांट में किया जाएगा। हालों कि इस खबर के बाद मारुति के शेयरों में 1.3 फीसदी की गिरावट आई, लेकिन आखिरी कारोबार में यह 10,635 रुपये पर बंद हुआ।

# कीमतों पर नियंत्रण रखने के लिए सरकार ने चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध बढ़ाया



**नई दिल्ली।** सरकार ने स्थानीय बाजार में चीनी की उपलब्धता बढ़ाने और त्योहारी सीजन के दौरान कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए बुधवार को इसके निर्यात पर प्रतिबंध को अगले आदेश तक आगे बढ़ाने की घोषणा की है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है, चीनी (कच्ची चीनी, सफेद चीनी, परिष्कृत चीनी और जैविक चीनी) के निर्यात पर प्रतिबंध 31 अक्टूबर 2023 से अगले आदेश तक बढ़ा दिया गया है। अन्य शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। देश की खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में तीन महीने के निचले स्तर 5.02 प्रतिशत पर आ गई है, जिससे उपभोक्ताओं को काफी राहत मिली है। पांच राज्यों में नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनावों और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले सरकार खाद्य कीमतों को नियंत्रण में रखने का प्रयास कर रही है। खाद्य मुद्रास्फीति, जो समग्र उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में लगभग 46 प्रतिशत का योगदान देती है, सितंबर में घटकर 6.56 प्रतिशत हो गई। अगस्त में यह 9.94 प्रतिशत थी।



# गौरवशाली पर्यटक स्थल

# आगरा

कैसे जाएं - यहां के लिए विमान सेवा की सुविधा है। 7 किलोमीटर की दूरी पर हवाई अड्डा है। आगरा के समीप 4 रेलवे स्टेशन हैं-आगरा कैंट, आगरा फोर्ट, ईदगाह आगरा जंक्शन और राजा की मंडी। सड़क मार्ग द्वारा देश के विभिन्न भागों से जुड़ा है।

अपनी ऐतिहासिक इमारतों के लिए मशहूर आगरा देश-विदेश में लोकप्रिय पर्यटक स्थल के रूप में जाना जाता है। यहां की प्राचीन धरोहर मुगल काल की याद ताजा कर देती हैं। बात चाहे मो हब्बत की निशानी ताजमहल की हो या आगरा के किले की या फिर फतेहपुर सीकरी की, आगरा और उसके आसपास सारी ऐतिहासिक इमारतें एक से बढ़कर एक हैं। आगरा में विश्व की तीन सांस्कृतिक धरोहरें हैं। ताजमहल, आगरा का किला और फतेहपुर सीकरी। यह शहर यमुना नदी के तट पर बसा है। आगरा शहर को सकिंदर लोदी ने 1506 ई. में बसाया था। आगरा लंबे समय तक मुगल साम्राज्य की राजधानी रहा। इसकी लोकप्रियता के कारण ताजनगरी आगरा सिर्फ उत्तर प्रदेश का ही नहीं बल्कि भारत का गौरव है। इस गौरवशाली शहर की ऐतिहासिक इमारतों का दीदार करने चलें-

**ताजमहल**

विश्व के सात अजूबों में ताजमहल एक महत्वपूर्ण अनोखा स्थान रखता है। यह खूबसूरत प्यार का महल शाहजहां की प्रिय बेगम मुमताज महल का मकबरा विश्व के सबसे मशहूर इमारतों में से एक है। इसे बनाने में बाइस वर्ष (1630-1652) लगे। इसे बनाने में 20,000 कारीगरों की अथक मेहनत लगी थी। इसका निर्माण 1653 में पूरा हुआ। पूरे संगमरमर में तराशा हुआ यह भारत का ही नहीं विश्व की भी अति उत्तम कृति है। यह मुगल शैली के चार बाग के साथ स्थित है जिसे फारसी वास्तुकार उस्ताद ईसा खां के दिशा निर्देश में यमुना नदी के किनारे बनवाया गया। इसके ऊपर 22 छोटे गुम्बद हैं जो इसके निर्माण वर्षो की संख्या बताते हैं। ताजमहल को एक लाल बलुआ पत्थर के चबूतरे पर बने सफेद संगमरमर के चबूतरे पर बनाया गया है। ताज की सर्वाधिक सुंदरता इसके इमारत के बराबर ऊंचे महान गुंबद में बसी है। यह 60 फीट व्यास का 80 फीट ऊंचा है। इसके नीचे मुमताज की कब्र है। इसके बराबर ही शाहजहां की भी कब्र है। अंदरूनी क्षेत्रों में रत्नों और बहुमूल्य पत्थरों का काम है। इसके साथ एक खबर-पर्य टकों के लिए शुक्रवार को बंद रहता है।

**आगरा का किला**

आगरा का दूसरा विश्व धरोहर है- आगरा का किला। जो शहर के बीचोंबीच सर उठाए खड़ा है। इसे लोग लाल किला भी कहते हैं। यह अकबर द्वारा 1565 में बनवाया गया था। बाद में शाहजहां ने इस किले का पुनरुद्धार बलुआ पत्थर से करवाया था। इस किले की मुख्य इमारतों में मोती मस्जिद, दीवान-ए-आम, दीवान-ए-खास, जहांगीर महल, खास महल, शीश महल और मुसम्मन बुर्ज हैं। इसकी पूरी परिधि 24 किलोमीटर की है, जो दोहरे पर कोटेवाली किलेनुमा चहारदीवारी से घिरी है। शिवाजी 1666 में पुरंदरपुर संधि हेतु यहां आये थे। उनकी याद में एक बड़ी मूर्ति यहां स्थपित है। किले को देखने में आप का अच्छा-खासा समय लगेगा।

**फतेहपुर सीकरी**

मुगल सम्राट अकबर ने फतेहपुर सीकरी बसाई व अपनी राजधानी स्थानांतरित की। यह आगरा से 35 किलोमीटर दूर है। यहां अनेकों भव्य इमारतें बनवाई। यहां का बुलंद दरवाजा एक विश्व धरोहर स्थल है। बुलंद दरवाजा 53.63 मीटर ऊंचा और 35 मीटर चौड़ा है। यह लाल और शौकीन बलुआ पत्थर से बना है। जो नक्काशी और काले व सफेद संगमरमर से सजाया गया है। यहां पर दीवान-ए-आम, दीवान-ए-खास एवं पचीसी दरबार के अद्भुत प्राचीन वास्तुशिल्प को पर्यटक देखकर आनंदित और रोमांचित हो जाते हैं। मान्यता है कि सूफी संत शेख सलीम चिश्ती का घराना यहां पर ही था।



**एतेमादुल्ला मकबरा**

नूरजहां ने एतेमादुल्ला का मकबरा बनवाया था। यह उनके पिता ग्यासुद्दीन बेग, जो जहांगीर के दरबार में मंत्री थे, की याद में बनवाया गया था। मुगल काल के अन्य मकबरों सें अपेक्षाकृत छो टा हो ने से इसे श्रृंगारदान भी कहा जाता है। यहां के बाग, पीट्रा ड्यूरा पच्चीकारी व कई कलाकारी ताजमहल से मिलते हुए हैं।


**जामा मस्जिद**

जामा मस्जिद विशाल मस्जिद है। जो शाहजहां की पुत्री जहांआरा बेगम को समर्पित है। इसका निर्माण 1648 में हुआ था। यह अपने मीनार रहित ढांचे तथा विशेष प्रकार के गुंबद के लिए मशहूर है।

**चीनी का रोजा**

चीनी का रोजा शाहजंहा के मंत्री अल्लामा अफजल खां शकराउल्ल शिराज को समर्पित है। पारसी शिल्पकारी वाले चमकीले नीले रंग के गुम्बद के लिए यह जानी जाती है।

**मेहताब बाग**



मेहताब बाग ताजमहल के विपरीत यमुना के किनारे उत्तर में स्थित है। यह सबसे पुराना मुगल उद्यान है। इसे बाबर ने सन 1528 में बनवाया था। यह उद्यान ताजमहल से 2.34 किलोमीटर दूर है।

**स्वामी बाग**

स्वामी बाग समाधि हुजूर स्वामी महराज शिवदयाल सिंह सेठ का स्मारक है। यह शहर के बाहरी क्षेत्र में है जिसे स्वामी बाग कहते हैं। वे राधास्वामी मत के संस्थापक थे। इसका निर्माण 1908 में आरंभ हुआ था। कहते हैं कि यहां कार्य कभी समाप्त नहीं होगा। इसमें`त संगमरमर का प्रयोग हुआ है।

**सकिंदरा**

आगरा से 13 किलोमीटर दूरी पर महान मुगल सम्राट अकबर का मकबरा है। यह मकबरा उनके व्यक्तित्व की पूर्णता को दर्शाता है। अकबर ने स्वयं ही अपने मकबरे की रूपरेखा तैयार करवाई थी। उसी स्थान का चुनाव उसने स्वयं ही किया था। अपने जीवन काल में ही अपने मकबरे का निर्माण करवाना एक तुर्की प्रथा थी। जिसका मुगल शासक ने धर्म की तरह पालन किया। अकबर के पुत्र जहांगीर ने इस मकबरे का निर्माण 1613 में करवाया।

**मरियम मकबरा**

मरियम मकबरा अकबर की इसाई बेगम का मकबरा है। जो आगरा और सिकन्दराबाद के बीच में है। मुहम्मद कामिल खां कब जाएं कभी भी आगरा जा सकते हैं। वैसे नवम्बर से मार्च में जाना बेहतर है। सर्दियों के मौसम में घूमने और भी आनन्द आता है। आजकल आगरा में 'ताज महोत्सव' चल रहा है। इसकी शुरुआत 18 फरवरी को हो गई है , जो 27 फरवरी तक चलेगा। महोत्सव में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम होंगे।

# केरल में इन जगहों पर करें ट्रैकिंग

*आप* प्रकृति प्रेमी हैं और प्रकृति की गोद में समय बिताना चाहते हैं तो आपके लिए केरल सबसे अच्छा जगह है। अगर छुट्टी की योजना बना रहे हैं तो केरल में पर्यटकों के लिए बहुत कुछ है जैसे बीच (समुद्र तट) और जंगल के रंगबिरंगे प्राकृतिक नजारे। केरल में कई आकर्षण है जैसे पर्वत-पहाड़, घास के मैदानों, चाय के बगान और वन्यजीव। केरल में इन जगहों पर यात्रा कर आप जोश और उत्साह से भर जाएंगे। क्योंकि यहां कि प्राकृतिक सुंदरता को देखकर आपको काफी संतुष्टि और आनंद मिलता है। केरल में ट्रैकिंग का आनंद उठाने के इन जगहों पर जाया जा सकता है।

**मुन्नार**

मुन्नार केरल का एक खूबसूरत हिल स्टेशन है। मुन्नार में दक्षिणी भारत की सबसे ऊंची चोटी अनामुडी है जिसकी ऊंचाई लगभग 2695 मीटर है। यह चोटी अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण ट्रैकिंग के लिए सही स्थान है। यहां ट्रैकिंग के रास्ते में इराविकुलम नेशनल पार्क है। यह अभयारण्य नीलगिरी की जाति को बचाने के लिए स्थापित किया गया था। मुन्नार में चाय की खेती सर्वाधिक रूप से की जाती है। वनों और हरे घास के मैदानों में नीलकुरंजी नामक फूल पाया जाता है। यह फूल बारह वर्षो में केवल एक बार पूरी पहाड़ी को नीला कर देता है। वन विभाग से अनुमति लेकर अनामुडी पर चढ़ाई की जाती है।

**अगस्त्यकूडम**

पश्चिमी घाट का शानदार चोटी अगस्त्यकूडम एक तीक्ष्ण शंकु के रूप में 1890 मी. की ऊंचाई पर स्थित है। बोनाकॉड से लगभग 61 किमी की दूरी तक ट्रैकिंग कर सकते हैं। इसके चारों ओर घने वन घिरे हैं। एक मान्यता के अनुसार यह चोटी ऋषि अगस्त्य का निवास स्थल हुआ करता था। इस शिखर यानी चोटी पर महिलाओं को चढ़ने की अनुमति नहीं है। इस चोटी पर दुर्लभ जड़ी-बूटियां तथा वनस्पतियां पाई जाती हैं। इसकी ढालों पर नीलकुरंजी के रंग-बिरंगे फूल खिलते हैं। नीलकुरंजी एक ऐसा फूल है जो बारह वर्षो में एक बार खिलता है।

**चेंब्रा**

चेंब्रा चोटी वायनाड जिले में मेप्पड्या शहर के पास स्थित है और यह इस जिले की सबसे ऊंची चोटी है। यह चोटी समुद्र स्तर से 2100 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह चोटी पश्चिमी घाटी का एक हिस्सा है। इस चोटी को वायनाड के किसी भी हिस्से से देखा जा सकता है। यह पर्यटकों का पसंदीदा ट्रैकिंग जगह है। कुछ जंगली जानवरों इस शिखर पर होते हैं। ट्रेकर को उन्हें देखने का मौका मिल सकता है।

**चिम्मिनी**

केरल के त्रिशूर जिले स्थित चेम्मिनी वन्यजीव अभयारण्य पक्षियों पर नजर रखने का सही ठिकाने है। ट्रेकर अभयारण्य के बाहरी इलाके से यात्रा कर सकते हैं। घने जंगलों के माध्यम से यात्रा करना जंगल प्रेमियों के लिए एक अच्छा विकल्प है। यहां पुंडा चोटी उच्चतम बिंदु है। चिम्मिनी में ट्रैकिंग कार्यक्रम वन विभाग द्वारा आयोजित किया जाता है। यहां अक्टूबर-मार्च यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय है।

**पयथल माला**

केरल के कन्नूर जिले में एक हिल स्टेशन पयथल माला स्थित है जो घने जंगलों से पूरे तरह घिरा हुआ है। यह पश्चिमी घाट का हिस्सा है। यहां पशुओं और पेड़-पौधों की कई विविध प्रजातियां पाई जाती हैं। इस क्षेत्र में पर्यटक 6 किमी. की दूरी तक चोटी से पहाड़ी पर ट्रैकिंग कर सकते हैं। पर्यटकों को घाटियों पर दिखने वाले अद्भूत नजारे प्राकृति शांति का अनुभव कराता है। यहां एक प्राचीन महल है जो पुराने जमाने के आदिवासी शासक (वैथलकॉन) के नाम पर है। इसी के नाम पर हिल स्टेशन पर स्थित है। पयथल माला को वैटल माला के नाम से भी जाना जाता है।





## पहाड़ियों से घिरा इटली का खूबसूरत शहर ट्यूरिन

ट्यूरिन एक घनी आबादी वाला शहर है यह पहले कभी इटली की राजधानी हुआ करता था। यहां की सभ्यता, भाषा, खानपान बिल्कुल अलग है। इस शहर की गगनचुंबी इमारतें बहुत पुरानी हैं। इटली की मुद्रा लीरा है जिसका दाम अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर से बहुत कम है इसलिए यहां वस्तुओं की कीमत हजारों, लाखों से शुरू होती है। मसलन खाने के लिए एक पिज्जा लगभग 10 से 12 हजार लीरा का आता है। यदि आप मकान खरीदने जाएंगे तो कम से कम तीनल्चार करोड़ लीरा देने पड़ेंगे। यदि आप घर का कुछ हल्काल्फुल्का सामान खरीदने जाएंगे तो कम से कम पचास हजार लीरा तो खर्च हो ही जाएंगे। यहां अधिकांश वस्तुएं उपयोग करो और फेंक दो वाली होती हैं। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि इटली में बाल कटवाने के लिए 20 हजार लीरा तक आपको देने पड़ेंगे।

ट्यूरिन के लोग इटालियन भाषा बोलना पसंद करते हैं। यहां शिक्षा भी इटालियन भाषा में दी जाती है। इटालियन भाषा के कुछ शब्द तो भारतीय बोलचाल की भाषा से काफी मिलतेल्जुलते हैं। जैसे कमीज को कमीचा, आज को ओज्जी व तुम को तू बोला जाता है। आधुनिकता के मामले में यहां के लोग अन्य यूरोपीय देशों से पीछे नहीं हैं।

ट्यूरिन पहाड़ियों से घिरा हुआ है। इनमें प्रमुख है आल्पस। इटली के दक्षिण भाग में स्थित सिसली में विश्व प्रसिद्ध एटन नामक ज्वालामुखी है। यहां के लोग संगीत के शौकीन हैं। यहां लगभग हर घर में प्यानो होता है। यहां का मौसम अन्य यूरोपीय देशों की तरह परिवर्तनशील है। यहां पांच दिनों का सप्ताह होता है।

यहां के चौराहे बड़ेल्बड़े हैं जिन्हें प्रियात्सा कहा जाता है। यहां कई प्राचीन मीनारें हैं इनमें प्रसिद्ध पालातिनि टावर, प्रियात्सा कास्तेलो स्थित पलाजो मदामा व पुराने महलों में विक्टोरिया अमीदियो द्वारा बनाए गए हंटिंग लाज प्रसिद्ध हैं। ट्यूरिन का वानस्पतिक उद्यान बोटेनिकल गार्डन ट्यूरिन विश्वविद्यालय के मत्तीओली मार्ग पर है।

ट्यूरिन एक हराभरा शहर भी है। यहां पर अनेक पार्क और बागल्बगीचे हैं। उदाहरण के लिए वेलेंटिना पार्क जो पिछली शताब्दी के मध्य में इटली का पहला पार्क था। शहर के बाहरी छोर पर ला मंदरीना पार्क भी है इसका क्षेत्रफल 6,500 हेक्टेयर है।

ट्यूरिन के दर्शनीय स्थलों में यहां के संग्रहालय सबसे आकर्षक हैं। इंजिप्शियन संग्रहालय में लगभग 30 हजार देखने योग्य चीजें हैं। यह विश्व का दूसरा सबसे बड़ा संग्रहालय है। रायल आरमोरी यूरोप के बड़े संग्रहालयों में से एक है जिसमें 14 से 20वीं शताब्दी तक के हथियार रखे हुए हैं।

यहां का आटोमोबाइल संग्रहालय लगभग 10 हजार वर्गमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। इसकी विशेषता यह है कि इसमें पुरानी से पुरानी कारों का इतिहास है। इसमें इटली की पहली कार भी रखी हुई है। ट्यूरिन इटली का ऐतिहासिक शहर है जोकि विश्व भर के सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र है।



## वर्ल्ड फूड इंडिया में एक सौ फुट के डोसे का प्रदर्शन

नई दिल्ली। वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 के दौरान इस बार एक सौ फुट से अधिक लम्बे डोसा का प्रदर्शन किया जायेगा जो खाद्य प्रेमियों के लिए आकर्षण का केन्द्र होगा। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय वर्ल्ड फूड इंडिया का आयोजन कर रहा है। इसका आयोजन यहां प्रगति मैदान तीन से पांच नवम्बर के बीच होगा। श्री पटेल ने बताया कि इस समारोह के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया गया है तथा समापन समारोह में राष्ट्रपति हिस्सा लेंगी। इस आयोजन में 80 से अधिक देश हिस्सा लेंगे और नीदरलैंड सहयोगी देश है। जापान और वियतनाम को फोकस देश बनाया गया है। इसमें नौ देशों के मंत्री स्तरीय प्रतिनिधि मंडल और छह देशों के अधिकारी स्तरीय प्रतिनिधि मंडल हिस्सा लेगा। कुल 23 राज्यों और 11 मंत्रालय भी इसमें हिस्सा लेगा। इसमें 950 से अधिक प्रदर्शक हिस्सा लेंगे। इसके दौरान विभिन्न विषयों पर 48 सत्र आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान खरीद बिक्री तथा समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किये जायेंगे। पिछली बार वर्ष 2017 में वर्ल्ड फूड इंडिया का आयोजन किया गया था। इसके बाद कोविड के कारण इसका आयोजन नहीं हो सका था।

## विशेष अदालत ने बलात्कार मामले में भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन के खिलाफ जारी समन पर रोक लगाई

नई दिल्ली। बलात्कार और आपराधिक धमकी का आरोप लगाने वाली एक महिला की शिकायत पर यहां एक मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन के खिलाफ जारी समन पर एक विशेष अदालत ने रोक लगा दी है। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने मजिस्ट्रेट अदालत के उस आदेश के खिलाफ हुसैन द्वारा दायर याचिका पर आदेश पारित किया जिसमें उनसे 20 अक्टूबर को पेश होने को कहा गया था। न्यायाधीश ने 17 अक्टूबर को पारित आदेश में शिकायतकर्ता को एक नोटिस भी जारी किया और आठ नवंबर तक उससे जवाब मांगा। उन्होंने कहा, 'याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील द्वारा दी जा रही दलीलों के मद्देनजर, निर्देश दिया जाता है कि तब तक, मामले में लागू आदेश और आगे की कार्यवाही पर रोक रहेगी।' हुसैन ने अपनी याचिका में दावा किया कि मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ने 'केवल शिकायतकर्ता द्वारा सीआरपीसी की धारा 164 के तहत दिए गए एक बयान के आधार पर संज्ञान लिया, हालांकि यह दिखाने के लिए रिकॉर्ड पर पर्याप्त अन्य मौखिक या दस्तावेजी सबूत हैं कि नशे या शिकायतकर्ता से बलात्कार की वास्तव में कोई घटना नहीं हुई।' इससे पहले, मजिस्ट्रेट अदालत ने कथित अपराध का संज्ञान लिया था और पूर्व केंद्रीय मंत्री को 20 अक्टूबर को अपने सामने पेश होने का निर्देश दिया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि अप्रैल 2018 में राष्ट्रीय राजधानी स्थित एक फार्महाउस में हुसैन ने उसे नशीला पदार्थ खिलाने के बाद उससे बलात्कार किया था।

## दिल्ली में न्यूनतम तापमान 17.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, वायु गुणवत्ता 'मध्यम'

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री ऊपर, 17.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि शहर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 'मध्यम' श्रेणी में था। शहर में रविवार और सोमवार को वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में थी। वायु गुणवत्ता में सोमवार रात शहर के हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने से सुधार हुआ है। वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान तथा अनुसंधान प्रणाली (सफ़र) के अनुसार, समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक बुधवार को 130 दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिन में आसमान साफ रहने का अनुमान जताया है। सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आद्रता 82 प्रतिशत दर्ज की गई। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है। एक्यूआई के 500 से अधिक होने पर इसे 'अत्यंत गंभीर' माना जाता है।

## दो दिनों तक निलंबित रहने के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बहाल

श्रीनगर। बारिश और भूस्खलन के कारण दो दिनों तक निलंबित रहने के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को यातायात बहाल कर दिया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि राजमार्ग से भूस्खलन का मलबा हटाने के बाद सड़क पर यातायात बहाल कर दिया गया है। सोमवार को बनिहाल के शालगिरी इलाके में भूस्खलन के बाद राजमार्ग बंद कर दिया गया था। सड़क जाम के कारण सैकड़ों वाहन फंसे रहे। मार्ग खुलने के बाद केवल फंसे वाहनों को ही आगे जाने की अनुमति दी गई है। यातायात पुलिस ने कहा कि श्रीनगर-सोनमर्ग-गुमरी सड़क भी वाहनों की आवाजाही के लिए भी खुली है। हालांकि, दक्षिण कश्मीर में शोपियां को राजौरी और पुंछ जिलों से जोड़ने वाली मुगल रोड बर्फ जमा होने के कारण अभी भी बंद है।

## पाकिस्तान की गोलीबारी में बीएसएफ के दो जवान घायल

जम्मू। जम्मू जिले के अरनिया सेक्टर की अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास विक्रम पोस्ट पर मंगलवार देररात पाकिस्तान की गोलीबारी में बीएसएफ के दो जवान घायल हो गए। घायल जवानों को जम्मू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पाकिस्तान की गोलीबारी में एक जवान के पेट तथा दूसरे के हाथ में गोली लगी है। विक्रम पोस्ट पर बीएसएफ की 120 बटालियन तैनात है। बीएसएफ तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया है। किसी को भी अंतरराष्ट्रीय सीमा की ओर जाने की इजाजत नहीं दी जा रही।

## तेलंगाना विधानसभा चुनाव : राहुल, प्रियंका बस यात्रा के साथ प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे

हैदराबाद। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा बुधवार को तेलंगाना में बस यात्रा के साथ विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी के प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। तेलंगाना में विधानसभा चुनाव के लिए 30 नवंबर को मतदान होगा और मतगणना तीन दिसंबर को होगी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के दोनों नेता विशेष विमान से दोपहर साढ़े तीन बजे बेगमपेट हवाईअड्डा पहुंचेंगे और हेलीकॉप्टर से रामप्पा मंदिर के लिए रवाना होंगे। मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद वे बस यात्रा शुरू करेंगे और इसके बाद एक रैली को संबोधित करेंगे। इस दौरान दोनों नेता महिलाओं के साथ बातचीत भी करेंगे। उन्होंने बताया कि रैली के बाद प्रियंका दिल्ली लौट जाएंगी लेकिन राहुल राज्य में होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुलुगु से कांग्रेस विधायक दानासारी अनसूया ने बताया कि राहुल गांधी आज रात भूपालपल्ली में रुकेंगे। दानासारी अनसूया सीथक्का के नाम से मशहूर हैं। उन्होंने कहा, 'राहुल और प्रियंका साढ़े चार बजे रामप्पा मंदिर पहुंचेंगे और करीब पांच बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद भूपालपल्ली तक करीब 30 किलोमीटर की बस यात्रा होगी।' कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, 18 अक्टूबर से शुरू होने वाली यह तीन दिवसीय यात्रा आठ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से गुजरेगी। राहुल 19 अक्टूबर को सरकारी खनन कंपनी सिंगरेनी कोलियरीज के कर्मचारियों से मिलेंगे और पेद्दापली एवं करीमनगर में सार्वजनिक बैठकों में भाग लेंगे। वह करीमनगर में ही रात्रि विश्राम करेंगे। कांग्रेस नेता 20 अक्टूबर को जगतियाल में किसानों की एक बैठक में भाग लेंगे और आर्मूर एवं निजामाबाद सहित अन्य स्थानों पर कार्यक्रमों में भाग लेंगे। तेलंगाना दौरे के दौरान राहुल गांधी के बोधन में निजाम चीनी मिल का दौरा करने और आर्मूर में हल्दी एवं गन्ना किसानों के साथ बातचीत करने की संभावना भी है।



# अडानी ने किया 32000 करोड़ रुपए का घोटाला : राहुल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उद्योगपति गौतम अडानी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि उन्होंने (श्री अडानी) कोयला घोटाला किया है, जिसके कारण बिजली की कीमतें बढ़ी हैं और बिजली दरें बढ़ाकर जनता के 32000 करोड़ रुपए डकारे गए हैं।

श्री गांधी ने बुधवार पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहले हम 20,000 करोड़ के घोटाले की बात कर रहे थे, लेकिन अब एक अखबार ने रिपोर्ट छपी है कि 12,000 करोड़ रुपए का और घोटाला हुआ है और इस तरह से अडानी समूह ने पूरा 32,000 करोडट रुपए का घोटाला किया है।

उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि घोटाले के दस्तावेज मौजूद हैं, लेकिन मोदी सरकार अपने प्रिय उद्योगपति के खिलाफ किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उनका कहना था कि अडानी के खिलाफ कार्रवाई इसलिए नहीं हो रही है, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उन्हें संरक्षण प्राप्त है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि जब अडानी के खिलाफ दस्तावेज हैं, तो श्री मोदी और उनके नेतृत्व वाली सरकार इस उद्योगपति के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करती, जबकि इसको लेकर कांग्रेस सांसद से सड़क तक सवाल उठा रही है और इस घोटाले के सबूत भी दे रही है। उनका कहना है कि अडानी ने हिंदुस्तान की जनता की पॉकेट से 12,000 करोड़ रुपए निकाले हैं और इस तरह से अडानी ने देश में 32,000 करोड रुपए का कोयला घोटाला किया है।



उन्होंने कहा, 'इस घोटाले का पैसा देश की जनता की जेब से बिजली की कीमतें बढ़ाकर वसूला गया है। बिजली की कीमतें बढ़ने की वजह कोयला घोटाला कर अडानी द्वारा आपकी जेब से निकल गए 12,000 करोड़ है जो बढ़कर अब 32000 करोड रुपए का घोटाला हो गया है।'

गांधी ने कहा, 'कांग्रेस सरकार मध्य प्रदेश, कर्नाटक आदि राज्यों में बिजली में सब्सिडी देकर लोगों को राहत दे रही है लेकिन असली मुद्दा बिजली की कीमतें बढ़ने का है जो अडानी के कोयला घोटाले की वजह से बढ़ रहीं है।'

## प्रधानमंत्री मोदी महाराष्ट्र में 511 ग्रामीण कौशल विकास केंद्रों की शुरुआत करेंगे



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से, महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिवंगत नेता प्रमोद महाजन के नाम पर 511 ग्रामीण कौशल विकास केंद्रों की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि महाराष्ट्र के समूचे 34 ग्रामीण जिलों में इन केंद्रों की स्थापना की जाएगी। बयान में कहा गया है कि ये केंद्र ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के वास्ते विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करेंगे। बयान के अनुसार, 'हर केंद्र पर कम से कम दो व्यावसायिक पाठ्यक्रम में करीब 100 युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद के तहत सूचीबद्ध उद्योग भागीदारों और एजेंसियों द्वारा प्रदान किया जा रहा है।' बयान के मुताबिक, ये एजेंसियां इस क्षेत्र को अधिक सक्षम और कुशल मानव कौशल सृजित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति करने में मदद करेंगी। प्रमोद महाजन भाजपा के एक प्रमुख राष्ट्रीय नेता थे और उनका 56 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था।

# बिहार में चौथे कृषि रोड मैप का राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने किया शुभारंभ

**पटना/नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने बुधवार को पटना के बापू सभागार मे चौथे कृषि रोड मैप 2023 की दीप प्रज्जवलित कर इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अरलेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अलावे, कृषि, सहकारिता, उद्योग, वन एवं पर्यावरण समेत इससे जुड़े 12 विभागों के मंत्री,अफसर मौजूद रहें।

इसके अलावे बड़ी संख्या में किसान, कृषि वैज्ञानिक भी इस कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं। बिहार के लगभग 93.60 लाख हेक्टेयर भूमि में 79.46 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य है। राज्य में आज भी 74 प्रतिशत लोग आजीविका के लिए कृषि पर ही निर्भर है। राज्य के जीडीपी में कृषि का करीब 20 प्रतिशत योगदान। पशुधन का करीब 6 प्रतिशत योगदान है। सबको देखते हुए नीतीश ने कृषि रोड मैप लाने का फैसला लिया।



नीतीश सरकार ने पहले कृषि रोड मैप में बीज उत्पादन के साथ किसानों की उत्पादकता बढ़ाने की कोशिश की उसके बाद चावल के उत्पादन में बिहार को काफी सफलता मिली। पहले कृषि रोड मैप में बीज उत्पादन के साथ किसानों की उत्पादकता बढ़ाने की कोशिश हुई थी। चावल के उत्पादन में बिहार को काफी सफलता मिली। पहला कृषि रोडमैप का बजट आकार बेहद छोटा था।दूसरा कृषि रोड मैप 2012 में लागू किया गया। उसके लिए 2011 में नीतीश सरकार ने 18 विभागों को शामिल कर कृषि कैबिनेट का गठन किया था।

बिहार को दूसरे किसी रोड मैप में कई पुरस्कार भी मिले। 2012 में चावल उत्पादन के लिए कृषि कर्मण पुरस्कार मिला। 2013 में गेहूं उत्पादन के क्षेत्र में कृषि कर्मण पुरस्कार मिला। 2016 में मक्का के उत्पादन के क्षेत्र में कृषि कर्मण पुरस्कार। तीसरा कृषि रोडमैप 2017 में लागू किया गया। कोरोना काल के कारण रोडमैप को एक साल बढ़ाया गया। तीसरे कृषि रोड मैप में ऑर्गेनिक खाद पर जोर दिया गया। किसानों को खेतों तक बिजली पहुंचाने में सरकार सफल रही। इसमें बिहार में हरित पट्टी बढ़ाने पर जोर दिया गया। राज्य में फिलहाल 15 प्रतिशत हरित पट्टी है।

## दिल्ली सरकार औद्योगिक प्रदूषण से निपटने के लिए अभियान शुरू करेगी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को कहा कि दिल्ली सरकार औद्योगिक प्रदूषण से निपटने के लिए 20 अक्टूबर से एक महीने तक अभियान चलाएगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि राजधानी में 1,700 से अधिक औद्योगिक इकाइयों में इस्तेमाल होने वाले ईंधन पर नजर रखने के लिए 66 टीम गठित की गई हैं।

राय ने कहा, 'हालांकि ये इकाइयां प्राकृतिक गैस पर स्थानांतरित हो गई हैं, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उनकी ओर से कोई ढिलाई न बरती जाए।' मंत्री ने मंगलवार को केंद्र से मांग की थी कि वायु प्रदूषण से निपटने के लिए पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए और पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में केवल सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों की आवाजाही की अनुमति दी जाए।

राय ने केंद्र में अपने समकक्ष भूपेन्द्र यादव को लिखे पत्र में कहा था कि दिल्ली सरकार ने सर्दियों के मौसम के दौरान वायु प्रदूषण से निपटने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, 'लेकिन ये कदम तब तक प्रभावी नहीं होंगे जब तक हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की ओर से एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण के स्रोतों से निटपने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाये जाते।'

उन्होंने कहा कि स्वतंत्र पर्यावरण थिंक टैंक 'सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट' की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि दिल्ली में 31 प्रतिशत प्रदूषण राष्ट्रीय राजधानी के स्रोतों से होता है, जबकि 69 प्रतिशत एनसीआर राज्यों के स्रोतों से होता है। राय ने मांग रखी कि केंद्र राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए समाधान पर चर्चा के वास्ते एक आपातकालीन बैठक बुलाए। दिल्ली के मंत्री ने कहा कि एनसीआर के राज्यों को पूरे क्षेत्र में पटाखों और पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना चाहिए और केवल सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों को अनुमति देनी चाहिए।

## ऑपरेशन अजय की पांचवीं फ्लाइट इजरायल से पहुंची नई दिल्ली, लगे भारत माता की जय के नारे



**-इस विमान से 286 लोगों को सुरक्षित लाया गया, इनमें 268 भारतीय और 18 नेपाल के नागरिक**

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** हमास के इजारयल पर हुए हमले के बाद वहां फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी के लिए केंद्र की मोदी सरकार के ऑपरेशन अजय के तहत पांचवीं फ्लाइट मंगलवार रात 11 बजे पालम एयरपोर्ट पहुंची। स्पाइसजेट के इस विमान से 286 लोगों को लाया गया। इन लोगों ने इस मौके पर भारत माता की जय के नारे लगाए। इनमें 268 भारतीय और 18 नेपाली नागरिक शामिल हैं। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री एल मुरुगन ने एयरपोर्ट पर सभी की अगवानी की। सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री एल मुरुगन और विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यह खुशखबरी एक्स पर साझा की है। बताया गया है कि स्पाइसजेट के इस विमान (ए 340) में रविवार को तेल अवीव में उतरने के बाद तकनीकी समस्या आ गई थी। इस वजह से विमान को जार्डन ले जाया गया। इसे पहले सोमवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी लौटना था। एल मुरुगन ने कहा है कि सरकार स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है। वह उन सभी भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है जो अपने वतन लौटना चाहते हैं। उन्होंने कहा है कि ऑपरेशन अजय के तहत अब तक1100 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी कराई जा चुकी है।

## छत्तीसगढ़ विस चुनाव: रमन सिंह ने दूसरे चरण के मतदान की तारीख आगे बढ़ाने की मांग की

**रायपुर (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग से छठ पूजा त्योहार को देखते हुए 17 नवंबर को होने वाले, छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान की तारीख को आगे बढ़ाने का आग्रह किया।

सिंह ने कहा है कि त्योहार के कारण बड़ी संख्या में मतदाता मतदान में हिस्सा नहीं ले सकेंगे।90 सदस्यीय छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए सात और 17 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा तथा मतगणना तीन दिसंबर को होगी। छठ का त्योहार इस वर्ष 17 से 20 नवंबर तक मनाया जाना है।



सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है, 'छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण (17 नवंबर) के निकट छठ पूजा का पर्व आने से बड़ी संख्या में मतदाता इस निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बन पायेंगे।' उन्होंने लिखा है, 'मैं भारत निर्वाचन आयोग से आग्रह करता हूँ कि दूसरे चरण के मतदान को आगे बढ़ाने की कृपा करें, जिससे अधिक से अधिक संख्या में मतदाता इस चुनाव से जुड़कर अपने मताधिकार का उपयोग कर पाएं।'

राज्य के रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, जगदलपुर, कोरबा और अन्य शहरों में रहने वाले बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोग बड़ी संख्या में प्रति वर्ष छठ पर्व भव्य तरीके से मनाते हैं। इससे पहले राज्य में विधानसभा चुनाव लड़ रही आम आदमी पार्टी (आप) ने भी ऐसी ही मांग की थी। भाजपा ने विधायक रमन सिंह को उनकी पारंपरिक सीट राजनांदगांव से चुनाव मैदान में उतारा है। राज्य में पहले चरण में राजनांदगांव के साथ 19 अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। दूसरे चरण में अन्य 70 सीटों पर मतदान होगा।

# विधानसभा चुनावों में नहीं बन पा रही बात, फिर 2024 में बीजेपी का मुकाबला कैसे करेगा विपक्ष

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले तीन-चार महीने से देखें तो देश की राजनीति दिलचस्प रही है। ऐसा लगा कि भाजपा के खिलाफ विपक्षी दल पूरी तरीके से एकजुट हो रहे हैं और यह भगवा पार्टी के लिए पूरी तरीके से खतरे की घंटी है। 26 से ज्यादा दलों ने भाजपा के खिलाफ इंडिया गठबंधन बनाया है। इन दलों का दावा है कि वह लोकतंत्र की रक्षा करने और भाजपा को हराने के लिए मिलकर चुनाव लड़ेंगे। पिछले महीने जब उत्तर प्रदेश के घोसी में उपचुनाव हुए थे तब कहा गया था कि इंडिया गठबंधन की यह पहली परीक्षा है। उस परीक्षा में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार की जीत हुई थी और कांग्रेस सहित सभी छोटे दलों ने सपा का समर्थन किया था। इंडिया गठबंधन बनने के बाद इस बात की संभावना जताई जा रही थी कि साल के आखिर में जिन पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने हैं, वहां भी सभी विपक्षी दल मिलकर एक साथ भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे।

**वर्तमान स्थिति-** मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव होने हैं। राजस्थान और तेलंगाना को छोड़ दें तो बाकी राज्यों के लिए मतदान की तारीख में 1 महीने से भी काम का समय बचा है। हालांकि, किसी भी राज्य में विपक्ष एकजुट होकर लड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। पूरा का पूरा फोकस अगर राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश पर करें जहां भाजपा मजबूत है, वहां भी विपक्षी एकजुटता दिखाई नहीं दे रही है। हालांकि, इन राज्यों के विधानसभा चुनाव को लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन के लिए लिटमस टेस्ट माना जा रहा था। लेकिन ऐसा लग रहा है कि विपक्षी दल की पर्टियां राज्यों में गठबंधन से कतरा रही हैं। अलग-अलग दलों के नेताओं की ओर से इन राज्यों में साफ तौर पर कहा जा रहा है कि हमारा गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए हुआ है। ऐसे में सवाल यह है कि कि बिना सेमीफाइनल मैच खेले इंडिया गठबंधन सीधे फाइनल मुकाबले में भाजपा को कितनी चुनौती दे पाएगा।

**मध्य प्रदेश-** मध्य प्रदेश में देखा जाए तो कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच बातचीत शुरू हुई थी। हालांकि किसी नतीजे पर पहुंचने से पहले ही यह खत्म हो चुकी है। दोनों राजनीतिक दलों ने अपने-अपने रास्ते अलग कर लिए हैं। इसके बाद दोनों ओर से शब्द बाण भी एक-दूसरे के खिलाफ चलाए जा रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि सपा-कांग्रेस गठबंधन पर ब्रेक लगने से अखिलेश यादव नाराज है। उन्होंने यह तक कह दिया है कि मध्य प्रदेश में अगर यह गठबंधन नहीं हुआ तो भविष्य में प्रदेश स्तर पर गठबंधन नहीं होगा। कमलनाथ ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का ध्यान लोकसभा चुनाव पर है और अगर यह गठबंधन मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में होता है तो अच्छा होता। कमलनाथ ने कहा कि चुनावी साझेदारी (सहयोगियों के साथ) में कुछ जटिलताएं हैं क्योंकि कांग्रेस को स्थानीय स्थिति पर विचार करना होगा। आप भी वहा अपने दम पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। मध्य प्रदेश में सपा-कांग्रेस गठबंधन नहीं होने के बाद जयंत चौधरी की पार्टी आरएलडी भी कांग्रेस पर आक्रामक हो गई है और इसका सीधा कनेक्शन राजस्थान से है।

**राजस्थान-** राजस्थान में भी इंडिया गठबंधन की कोई बात नहीं हो रही है। कांग्रेस वहां भी अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। आम आदमी पार्टी भी राजस्थान में कई सीटों पर अपनी उम्मीदवार उतार रही है। राजस्थान में देखें तो अभी कांग्रेस और आरएलडी का गठबंधन है। जयंत चौधरी कांग्रेस से राजस्थान में अधिक सीटों की डिमांड कर रहे हैं। यही कारण है कि आरएलडी की ओर से साफ तौर पर कहा जा रहा है कि कांग्रेस को बड़ा दल दिखाना होगा।

**छत्तीसगढ़-** छत्तीसगढ़ में भी किसी तरीके का गठबंधन दिखाई नहीं दे रहा है। वहां भी आम आदमी पार्टी अपनी उम्मीदवार उतार रही है। इससे कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। यही कारण है कि कांग्रेस की ओर से आम आदमी पार्टी को भाजपा की भी टीम बताया जा रहा है। फिर सवाल यह उठ रहा है कि अगर आम आदमी पार्टी भाजपा की बी टीम है तो फिर उसे इंडिया गठबंधन में क्यों रखा गया है। बघेल ने आम आदमी पार्टी (आप) पर छत्तीसगढ़ में बी टीम के रूप में काम करने और राज्य में सत्ताधारी दल में सेंध लगाने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

कुल मिलाकर देखें तो विपक्षी दलों ने गठबंधन बनाने को लेकर जितनी जल्दी कवायद की, अब वह उस रफ्तार से बढ़ता दिखाई नहीं दे रहा है। मध्य प्रदेश के भोपाल में होने वाले इंडिया गठबंधन की रैली रद्द होने के बाद भी अब तक किसी जगह का चयन नहीं किया गया है। इसके अलावा कई राजनीतिक दल सीट बंटवारे को लेकर निर्णय जल्दी चाहते हैं। लेकिन इस पर भी सहमति नहीं बन पा रही है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि इंडिया गठबंधन का भविष्य क्या रहता है?

## इजरायल में बढी यहूदियों की जनसंख्या

जेरुसलेम। हाल के सालों में इजरायल में यहूदियों की जनसंख्या बढ़ी है, लेकिन इसकी रफ्तार बहुत धीमी है। साल 2021 के मुकाबले 2022 में इजरायल में यहूदियों की संख्या महज 1 प्रतिशत बढ़ी थी। चौतरफा दुश्मनों से घिरा इजरायल यहूदी आबादी बढ़ाने के लिए तमाम प्रयास कर रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल सरकार, यहूदियों की नई पीढ़ी को बच्चे पैदा करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए तमाम स्कीम भी चला रही है। मसलन- अगर आप आईवीएफ के जरिए बच्चा चाहते हैं, पहले दो बच्चों का आईवीएफ पूरी तरह निशुल्क है। आपको कोई पैसा नहीं देना होगा और सारा खर्च सरकार उठाएगी। इजरायल, तमाम देशों के मुकाबले प्रति व्यक्ति आईवीएफ में भी बहुत आगे है। इजरायल में हर महिला की औसत तीन संतानें हैं। बच्चों को शुरू से कड़ी ट्रेनिंग दी जाती है और अपने पैरों पर खड़ा होना सिखाया जाता है। यही कारण है कि तमाम पश्चिमी और यूरोपीय देशों के मुकाबले इजरायली बच्चों का इम्यून सिस्टम मजबूत होता। एलर्जी व दूसरी बीमारियों से लड़ने की क्षमता भी कहीं अधिक होती है। इजरायल की सड़कों पर 4-5 साल के बच्चे अकेले घूमते या स्कूल जाते मिल जाते हैं। दुनिया भर में करीबन 15.7 मिलियन (1.57 करोड़) यहूदी हैं। इनमें से करीब 72 लाख यहूदी (कुल यहूदी जनसंख्या के करीब 46 फीसदी) अकेले इजरायल में ही रहते हैं। अमेरिका दूसरा ऐसा देश है, जहां इजरायल के बाद सर्वाधिक 60 लाख के आसपास यहूदी जनसंख्या है। इसके बाद फ्रांस, कनाडा और ब्रिटेन का नंबर आता है। इजरायल की कुल आबादी पर नजर डालें तो यह करीब 9,795,000 के आसपास है। इजरायल के सेंट्रल ब्यूरो स्टेटिक्स के मुताबिक इनमें से 73 फीसदी यहूदी हैं। जबकि 21 फीसदी अरब और 6 फीसदी ईसाई और अन्य हैं। हाल के सालों में इजरायल में रहने वाली अरब जनसंख्या या मुसलमानों की तादाद तेजी से बढ़ी है। इजरायल इस बात को लेकर चिंतित है। बता दें कि इजरायल कई मामलों में अनूठा है। इजरायली नागरिकों, खासकर यहूदियों ने अपनी जिजीविषा के बूते पूरी दुनिया में अलग पहचान बनाई है। चाहे टेक्नोलॉजी की बात हो या लाइफस्टाइल की, हर मोर्चे पर आगे हैं।

## पाकिस्तान का नया दांव- चीन के साथ कर रहा युद्ध अभ्यास

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में दूसरे देशों की सेनाएं युद्ध अभ्यास कर रही हैं। जिसमें दुनिया के 14 देश शामिल हुए है। रविवार से शुरू हुए इस हवाई अभ्यास में अजरबैजान, बहरीन, चीन, मिस्र, जर्मनी, हंगरी, इंडोनेशिया, ईरान, इटली, कुवैत, मोरक्को, ओमान, पाकिस्तान, कतर, सऊदी अरब, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात और उज्बेकिस्तान हिस्सा ले रहे हैं। माना जा रहा है कि पाकिस्तान इस युद्धाभ्यास से दुनिया को अपनी ताकत का एहसास कराना चाहता है। पाकिस्तान वायु सेना ने रविवार को अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर बताया कि पाकिस्तान वायु सेना का 14 राष्ट्रों का हवाई युद्ध अभ्यास 'इंडस शील्ड 2023' वायु सेना के डीजीपीआर एयर बेस पर पूरे जोरों-शोरों से चल रहा है। पाकिस्तान में 14 देशों का जुटान हुआ है और वह भी एक बड़े युद्धाभ्यास के लिए। दरअसल, पीएएफ यानी पाकिस्तान की वायु सेना द्वारा अपने एक परिचालन अड्डे पर आयोजित एक युद्ध अभ्यास में चीन और सऊदी अरब सहित 14 राष्ट्रों की वायु सेना इकाइयां हिस्सा ले रही हैं। खबरों के मुताबिक इस युद्ध अभ्यास के जरिए पीएएफ का मकसद अपनी क्षमता का प्रदर्शन करना और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाना है। पाकिस्तानी समा टीवी की खबर के मुताबिक, 'यह अभ्यास पाकिस्तान के वृहद हवाई युद्ध अभ्यासों में से एक है और इसे अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने के साथ-साथ अपनी हवाई क्षमताओं को बढ़ाने के लिए पीएएफ की प्रतिबद्धता को साकार करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जाता है.'

## मुझे, मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी मिली : न्यूजर्सी के सिख महापौर ने कहा

न्यूयॉर्क। अमेरिकी राज्य न्यू जर्सी के होबोकेन शहर के भारतीय मूल के सिख महापौर ने कहा है कि उनको ऐसे कई पत्र मिले जिनमें उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई थी। सीबीएस न्यूज ने मंगलवार को कहा कि पिछले साल रवि भल्ला को जो पत्र मिले थे, पहले उनमें उनसे इस्तीफा देने के लिए कहा गया, लेकिन फिर सिख धर्म को लेकर उन्हें निशाना बनाते हुए उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी जाने लगी। भल्ला ने सीबीएस न्यूज़ के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि वह और उनका परिवार मजबूती से खड़े हैं तथा उनके शहर में नफरत की कोई जगह नहीं है। वह पहली बार 2017 में होबोकन के महापौर पद के लिए चुने गए थे। उन्होंने कहा-'मुझे सिख पृष्ठभूमि के एक अमेरिकी के रूप में इस शहर का नेतृत्व करने पर बहुत गर्व है।' भल्ला 2021 में फिर से निर्विरोध निर्वाचित हुए।

## जिनपिंग ने बेल्ट ऐंड रोड फोरम की बैठक में कहा-टकराव की कोई बात नहीं

बीजिंग। चीन की राजधानी बीजिंग में बेल्ट ऐंड रोड फोरम की बैठक में 130 देशों के प्रतिनिधियों के बीच विचार-विमर्श जारी है। बैठक में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी मौजूद हैं। फोरम चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि ब्लाक टकराव की फैलाई गई बात मनगढ़ंत है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस मौके पर जिनपिंग ने अपने संबोधन में आर्थिक जबरदस्ती और ब्लॉक टकराव की बात को सिरे से खारिज कर दिया। जिनपिंग ने बुधवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बातचीत की है। जिनपिंग ने इस दौरान चीन और रूस के बीच गहरे होते विश्वास की सराहना की। रिपोर्ट्स के अनुसार इस फोरम को शी जिनपिंग की विदेश नीति का केंद्र बिंदु माना जाता है।

## पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस कंगाली की कगार पर, ईंधन खत्म, 24 उड़ानें रद्द

रावलपिंडी। पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) कंगाली की कगार पर है। हाल यह है कि ईंधन के लिए भी उसके पास पैसे नहीं हैं। वह बकाया राशि का भुगतान भी नहीं कर पा रही है। पिछले 24 घंटे से वह उड़ानों का ठीक से संचालन नहीं कर पा रही। घाटे में चल रही पीआईए को बुधवार को 16 अंतरराष्ट्रीय और आठ घरेलू उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। कुछ उड़ानों में देरी होने की आशंका भी बढ़ गई है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पीआईए को मंगलवार को भी 11 अंतरराष्ट्रीय और 13 घरेलू उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। रिपोर्ट्स में पीआईए के प्रवक्ता के हवाले से कहा गया है कि दैनिक आधार पर और परिचालन कारणों से पीआईए विमानों के लिए सीमित ईंधन आपूर्ति के कारण उड़ानें रद्द कर दी गईं। कुछ उड़ानों के प्रस्थान को पुनर्निर्धारित किया गया है। घरेलू उड़ानों के अलावा रद्द की गई कुछ उड़ानें दुबई, मस्कट, शारजाह, अबू धाबी और कुवैत के लिए उड़ान भरने वाली थीं। पीआईए ने दावा किया कि रद्द की गई उड़ानों के यात्रियों को वैकल्पिक उड़ानों में समायोजित किया गया।

## कनाडा में हिंदूफोबिया के खिलाफ शुरू अभियान को मिला जबरदस्त समर्थन

ओटावा। कनाडा में हिंदूफोबिया के खिलाफ शुरू की गई याचिका को जबर्दस्त समर्थन मिला है। इसके पक्ष में 25 हजार लोगों ने हस्ताक्षर किया है, जबकि कनाडा सरकार के पास भेजने के लिए मात्र 500 लोगों के हस्ताक्षर की ही जरूरत थी। यह याचिका 19 जुलाई को लांच हुई और मंगलवार को इसका आखिरी दिन था। इस सिविल एंड ह्यूमन राइट्स कैटेगरी में रखा गया था। इस याचिका को सांसद मेलिसा लैंट्समैन लेकर आई थीं, जो कि हाउस ऑफ कॉमंस में विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी की उपनेता हैं। इस याचिका की शुरुआत एक भारतीय-कनाडाई संस्थान, कनाडियन ऑर्गेनाइजेशन फॉर हिंदू हेरिटेज एजुकेशन द्वारा की गई थी। याचिका को मिले प्रतिसाद पर खुशी जताकर संस्थान के निदेशकों में से एक विजय जैन ने कहा कि यह अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की पहली याचिका है। इसके पक्ष में 25000 से अधिक लोगों के सिग्नेचर, जो कुल आबादी का 2.5 प्रतिशत से अधिक है, यह दर्शाता है कि यह बड़ी चिंता का विषय है। हम समुदाय से इस तरह की शानदार भागीदारी देखकर बहुत खुश हैं। यह अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के मानवाधिकारों का मामला है। जैन ने कहा कि इस साल की शुरुआत में ब्रैम्पटन में नगर परिषद ने सर्वसम्मति से हिंदूफोबिया को मान्यता देने वाला एक ऐसा ही प्रस्ताव पारित किया था। उन्होंने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि यह संघीय संसद में भी पारित हो जाएगा। याचिका में सदन से मांग की गई है कि हिंदूफोबिया को मानवाधिकार संहिता की शब्दावली में एक शब्द के रूप में मान्यता दी जाए।

# चीन के तियानगोंग को टक्कर, क्या है स्पेस स्टेशन, जिसे बनाने का टारगेट मोदी ने इसरो को दिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चंद्रयान-3 चंद्रमा मिशन की सफलता के बाद भारत ने अपने लिए एक बड़ा नया लक्ष्य निर्धारित किया है। 2035 तक एक अंतरिक्ष स्टेशन बनाना भारत का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के बारे में बताया। मोदी ने गगनयान मिशन पर इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ की ब्रीफिंग के दौरान अपने निर्देश दिए। ऐसे में आइए जानते हैं कि अंतरिक्ष स्टेशन क्या है? किस देश के पास अपना स्टेशन है।

**अंतरिक्ष स्टेशन क्या है-** ब्रिटानिका के अनुसार, अंतरिक्ष स्टेशन एक कृत्रिम संरचना है जिसे कक्षा में भेजा जाता है और जो वहीं रहता है। एक अंतरिक्ष स्टेशन में मानव जीवन को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक उपकरण होते हैं। इसमें दबावयुक्त घेरा, बिजली और पर्यावरण प्रणालियाँ शामिल हैं। अंतरिक्ष स्टेशन पर कई गतिविधियाँ संचालित की जा सकती हैं जिनमें अंतरिक्ष में वस्तुओं, सूर्य और चंद्रमा जैसे ग्रहों का अवलोकन करना, पृथ्वी का अध्ययन करना और मानव शरीर पर अंतरिक्ष के दीर्घकालिक प्रभावों की जांच करना शामिल है। छोटे अंतरिक्ष स्टेशनों को आमतौर पर एक टुकड़े में इकट्ठा किया जाता है और फिर कक्षा में लॉन्च किया जाता है। हालाँकि, बड़े अंतरिक्ष स्टेशनों को आमतौर पर टुकड़ों में भेजा जाता है और फिर कक्षा में इकट्ठा किया जाता है। अंतरिक्ष स्टेशन आमतौर पर सौर पैनलों और बैटरी के संयोजन पर चलते हैं।



**अंतरिक्ष स्टेशनों के महत्व पर नासा का क्या कहना है?-** अंतरिक्ष स्टेशन ने लोगों के लिए अंतरिक्ष में निरंतर उपस्थिति को संभव बना दिया है। पहले दल के आने के बाद से मनुष्य हर दिन अंतरिक्ष में रह रहा है। इसमें कहा गया है कि एक अंतरिक्ष स्टेशन चालक दल को ऐसे अनुसंधान करने की अनुमति देता है जिससे मानव जाति को लाभ होता है जिसे पृथ्वी पर कहीं भी आयोजित नहीं किया जा सकता है। ऐसे शोध के परिणामों को स्पिनऑफ़ का लेबल दिया जाता है। वैज्ञानिक यह भी अध्ययन कर रहे हैं कि जब लोग लंबे समय तक माइक्रोग्रैविटी में रहते हैं तो शरीर में क्या होता है। नासा की वेबसाइट बताती है कि नासा और उसके साझेदारों ने सीख लिया है कि अंतरिक्ष यान को अच्छी तरह से कैसे काम में रखा जाए। ये सभी पाठ भविष्य के अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए महत्वपूर्ण होंगे।

**किन देशों के पास अंतरिक्ष स्टेशन है?-**चीन अब तक एकमात्र ऐसा देश है जिसके पास अंतरिक्ष स्टेशन है। बीजिंग का स्व-निर्मित तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन - जिसे सेलेस्टियल पैलेस या हेवेनली पैलेस के रूप में जाना जाता है। 2022 के अंत से पूरी तरह से चालू हो गया है। यह वर्तमान में तीन अंतरिक्ष यात्रियों दो पुरुष और एक महिला की मेजबानी करता है और 450 किलोमीटर तक की कक्षीय ऊंचाई पर स्थित है। मेंगटियन या सेलेस्टियल ड्रीम तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के लिए दूसरे प्रयोगशाला मॉड्यूल के रूप में वेंटियन या क्वेस्ट फॉर द हेवन्स में शामिल हो गया। दोनों तियान्हे कोर मॉड्यूल से जुड़े हैं जहां इसका चालक दल रहता है और काम करता है। कुल मिलाकर, स्टेशन में लगभग 110 क्यूबिक मीटर (3,880 क्यूबिक फीट) दबावयुक्त आंतरिक स्थान होगा, जिसमें मेंगटियन द्वारा जोड़ा गया 32 क्यूबिक मीटर (1,130 क्यूबिक फीट) भी शामिल है। चीन 2023 में जुंटियन अंतरिक्ष दूरबीन लॉन्च करने की योजना बना रहा है, जो तियांगोंग का हिस्सा नहीं है, लेकिन स्टेशन के साथ क्रम में परिक्रमा करेगा और रखरखाव के लिए कभी-कभी इसके साथ डॉक कर सकता है। अंतरिक्ष स्टेशन में भविष्य में किसी अन्य बदलाव की सार्वजनिक रूप से घोषणा नहीं की गई है।

**2025 में भारत की पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान-** बैठक के बाद पीएमओ के एक बयान में कहा गया कि भारत की पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान अब 2025 में उड़ान भरने की उम्मीद है। बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री ने भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण प्रयासों के भविष्य की रूपरेखा तैयार की और वैज्ञानिकों से वीनस ऑर्बिटर मिशन और मार्स लैंडर सहित अंतरग्रहीय मिशनों की दिशा में काम करने और चंद्रमा का अधिक विस्तार से पता लगाने का आग्रह किया।

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इजराइल-गाजा संघर्ष को लेकर कई नेताओं से फोन पर बातचीत की

लंदन। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने पश्चिम एशिया में व्यापक संघर्ष को खत्म करने के प्रयास के तहत मंगलवार को विश्व के कई नेताओं के साथ बातचीत की और ब्रिटेन की कैबिनेट ने इजराइल-गाजा मुद्दे पर चर्चा की। यहां तक मीडिया में आई अपुष्ट खबरों में दावा किया गया है कि भारतीय मूल के नेता इस सप्ताह के आखिर में क्षेत्र का दौरा करने की योजना बना रहे हैं। प्रधानमंत्री और सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान के बीच फोन पर हुई बातचीत में सुनक ने संकट के शांतिपूर्ण समाधान के पहलू पर चर्चा की। इसके बाद उनकी कतर के आमिर शेख तमिम बिन हमद अल-थानी से फोन पर बात हुई जिसमें ब्रिटेन एवं कतर के बीच सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा हुई। इस दौरान गाजा को मानवीय सहायता में मदद के लिए लोगों को सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराने और बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए तत्काल प्रयासों पर भी चर्चा की गई। सुनक ने ट्वीट किया, 'मैंने इजराइल और गाजा में हालात पर इससे पहले युवराज मोहम्मद बिन सलमान से बात की थी। हम दोनों ने पश्चिम एशिया में पूर्व में हुए व्यापक संघर्ष के विनाशकारी परिणामों को भी स्वीकार किया।' उन्होंने कहा, 'हम ईरान के छद्म युद्ध से भड़की अस्थिरता सहित तनाव बरकरार रहने पर करीब से कार्य करेंगे।' ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय और उनके आधिकारिक निवास '10 डाउनिंग स्ट्रीट' ने कहा कि सुनक ने सऊदी अरब के नेता को इस बात की पुष्टि की कि सऊदी अरब, जॉर्डन और मिस्र समेत क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ ब्रिटेन गाजा में फलस्तीनियों के लिए मानवीय सहायता उपलब्ध कराएगा और फलस्तीनी लोगों की राज्य के दर्जे की वैध आकांक्षाओं का समर्थन करना जारी रखेगा।

# अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन पहुंचे तेल अवीव, गाजा पट्टी के निकट बजे खतरे के सायरन

**तेल अवीव (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन युद्ध क्षेत्र की असाधारण यात्रा पर आज इजराइल की राजधानी तेल अवीव पहुंच गए। तेल अवीव के हवाई अड्डे पर बाइडन के उतरने के कुछ ही मिनट बाद गाजा पट्टी के निकट किबुतज किसुफिम में खतरे के सायरन बजने लगे। इसके बाद बाइडन का सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया गया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हमास और इजराइल के बीच जारी युद्ध में अब तक 4300 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। गाजा के अल-अहली अरब अस्पताल पर मंगलवार रात हुए हमले से मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया है। बाइडन का यह दौरा इजराइल के प्रति उनके समर्थन और एकजुटता को दर्शाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिलिस्तीनियों को आश्रय देने वाली गाजा पट्टी के इस अस्पताल में हुए विनाशकारी विस्फोट के बाद गाजा को मानवीय सहायता सुनिश्चित करने, संघर्ष को और बढ़ने से रोकने और अमेरिकी रक्षा के लिए राजनयिक प्रयास पटरी से उतर गए हैं। जॉर्डन के अम्मान में अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के साथ अरब नेताओं के शिखर सम्मेलन को भी रद्द कर दिया गया है। राष्ट्रपति बाइडन के तेल अवीव पहुंचने पर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने उनकी अगवानी की। दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से मुलाकात कर राष्ट्रपति बाइडन को गले लगाया। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति का काफिला रवाना हुआ।



रिपोर्ट्स के अनुसार यह महत्वपूर्ण है कि राष्ट्रपति बाइडन की इजराइल की यात्रा के मद्देनजर जमीन तैयार करने के लिए अमेरिका के विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन मध्य पूर्व की यात्रा कर चुके हैं। ब्लिंकन ने सोमवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी मुलाकात की थी।

## न्यूयॉर्क सिटी के मेयर एडम्स ने किया दुनिया में अंधकार को दूर कर रोशनी फैलाने का आह्वान

**न्यूयॉर्क (अमेरिका) (एजेंसी)।** न्यूयॉर्क सिटी के मेयर एरिक एडम्स ने कहा है कि दिवाली हम सभी को अंधकार को चीरकर प्रकाश की ओर बढ़ने की याद दिलाती है। उन्होंने लोगों से भगवान राम, देवी सीता और महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात करने तथा बेहतर मानव बनने का आह्वान किया।


अपने न्यूयॉर्क आवास 'ग्रेसिया मैंशन' पर आयोजित वार्षिक दिवाली समारोह में एडम्स ने लोगों से दुनिया में अंधकार को दूर कर रोशनी फैलाने का आह्वान किया। एडम्स ने कहा, 'दिवाली सिर्फ एक छुट्टी नहीं है। यह हम सभी को याद दिलाती है कि हमें दुनिया से अंधकार को मिटाना होगा और प्रकाश फैलाना होगा। 'रोशनी का त्योहार' इसी बारे में है।'

इस वार्षिक समारोह में सैकड़ों भारतवंशी अमेरिकी और दक्षिण एशियाई समुदाय के नागरिक तथा अन्य देशों से आए प्रवासियों का समुदाय एवं सरकारी अधिकारी शामिल हुए। एडम्स ने कहा कि दिवाली मोमबत्ती या दिए जलाने से कहीं अधिक 'हमारे जीवन को प्रकाशमान' करने के बारे में है।

उन्होंने कहा, 'दुनिया में बहुत अधिक अंधकार है जो हम हर दिन देखते हैं। इसलिए अगर हम वास्तव में रामायण के जीवन, सीता के जीवन, गांधी के जीवन में विश्वास करते हैं तो हमें निश्चित रूप से गांधी के नक्शे कदम पर चलना होगा।'

एडम्स ने कहा कि ऐसे वक्त में जब दुनियाभर में अंधकार छाया हुआ है और दुनिया बेकसूर लोगों की मौत का गवाह बन रही है, ऐसे में 'हम इसे (अंधकार को) हमारे भविष्य को और मानवता को निगलते' हुए नहीं देख सकते।

## इजराइल से नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए नेपाल ने जताया भारत का आभार



**काठमांडू, (एजेंसी)।** भारत सरकार की तरफ से चलाए जा रहे ऑपरेशन अजय के तहत भारतीयों के साथ-साथ नेपाल के नागरिकों को भी युद्धग्रस्त क्षेत्र से सुरक्षित वापस लाने पर नेपाल सरकार ने भारत के प्रति आभार व्यक्त किया है।

नेपाल के विदेश मंत्री एनपी साउद ने भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर को संबोधित करते हुए ऑपरेशन अजय के तहत नेपाली नागरिकों की सुरक्षित वापसी पर आभार व्यक्त किया है। सोशल मीडिया एक्स पर भारतीय विदेश मंत्री के उस पोस्ट पर नेपाल के विदेश मंत्री ने धन्यवाद दिया है, जिसमें उन्होंने नेपाली नागरिकों को इजरायल से दिल्ली लाने की जानकारी दी थी। नेपाल के विदेश मंत्री ने एक्स पर लिखा कि इस संकट की बेला में नेपाली नागरिकों की सुरक्षित वापसी पर सम्पूर्ण नेपाली जनता और नेपाल सरकार आभार व्यक्त करती है।

इससे पहले भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने ऑपरेशन अजय के तहत इजराइल से भारतीय नागरिकों के साथ 18 नेपाली नागरिकों को भी दिल्ली सुरक्षित लाए जाने की जानकारी दी थी। दिल्ली स्थित नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर शर्मा ने भी नेपाल सरकार की तरफ से भारत के विदेश मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हुए वापस लाए गए नेपाली नागरिकों को दिल्ली से नेपाल तक पहुंचाने की व्यवस्था किए जाने की जानकारी दी है।

# गाजा अस्पताल पर हमास का राकेट गिरा, ना कि इज़रायल का : इज़रायली राजदूत

### -गाजा में अस्पताल पर हुआ हमला, हमास व इजरायली एक-दूसरे पर मढ़ रहे आरोप



**यरूशलम/नई दिल्ली (एजेंसी)।** इज़रायल ने फिलिस्तीनी क्षेत्र में गाज़ा के एक अस्पताल में कल रात एक रॉकेट गिरने की घटना पर आज वीडियो प्रमाण देने के साथ स्पष्टीकरण दिया कि उक्त रॉकेट हमास आतंकवादियों द्वारा दागा गया था जो निशाना चूक कर अपने ही क्षेत्र में जा गिरा था और फिलिस्तीनी पक्ष इस हमले को लेकर मनगढ़ंत एवं बेबुनियाद आरोप लगा रहा है।

भारत में इज़रायल के राजदूत राजदूत नाओर गिलोन ने आज यहां गाज़ा अस्पताल पर हमले को लेकर हमास के प्रचार का जवाब देने के लिए एक बयान जारी किया और इस बारे में तकनीकी विवरण और वीडियो फुटेज भी साझा किये। गिलोन ने कहा कि गाज़ा स्थित अल अहली अस्पताल दरअसल फ़िलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के एक रॉकेट का शिकार हुआ है। उन्होंने कहा कि लड़ाई की शुरुआत से, 450 से अधिक फ़िलिस्तीनी-गोले रॉकेट निशाना चूक कर गाजा पट्टी के अंदर गिरने की घटनाएं हुईं हैं।

उन्होंने कहा, 'वे हमारे बच्चों को मारने की कोशिश करते हैं, लेकिन रास्ते में, अपने ही बच्चों को मार देते हैं। अंतर्राष्ट्रीय दुष्प्रचार तंत्र तुरंत इज़राइल पर आरोप लगाता है। यह वास्तव में एक है दुख की बात है कि दुनिया भर में कई लोग उनके साथ दे रहे हैं। लेकिन, हमारी तकनीकी दुनिया में, सब कुछ प्रलेखित है, और हमारे पास स्पष्ट सबूत हैं कि यह एक फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद रॉकेट था।÷ इज़रायली राजदूत ने कहा कि फिलिस्तीनी आतंकवादी और उनके सहयोगी तुरंत पीड़ित कार्ड निकाल लेते हैं। कायरतापूर्ण हत्या, अपहरण और असहाय इजरायली नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार करने के बाद, वे इज़रायली फौज का सामना करने से डरते हैं।

वे हमें कार्रवाई से रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हमें यह सुनिश्चित करने से कोई नहीं रोक सकता कि ये हत्यारे अपने अत्याचारों को अब कभी दोहरा नहीं पाएंगे। श्री गिलोन ने कहा कि हमास को अपहृत इज़रायली एवं विदेशी नागरिकों को रिहा करना चाहिए और अपनी आबादी के पीछे छिपना बंद कर, सामने से इज़रायली फौज का मुकाबला करना चाहिए।

उन्होंने भारतीय मीडिया के उपयोग और मूल्यांकन के लिए दो वीडियो साझा किये। पहला अल जज़ीरा वीडियो है जिसे मंगलवार को ठीक 18ः59 बजे पीआईजे रॉकेट विफलता का दस्तावेजीकरण करते हुए लाइव शूट किया गया था। गाजा पर विस्फोट पर ध्यान दें। आईडीएफ आयरन डोम, प्रक्षेप पथ के कारण गाजा पर अवरोधन नहीं करता है। रॉकेट स्पष्ट रूप से दो भागों में विभाजित हो गया है।

सबसे पहले ढांचा गिरा जिससे प्रणोदक में मामूली विस्फोट हुआ, दूसरे वारहेड के अस्पताल के मैदान में गिरने से विस्फोट हुआ और आग लग गई, जैसा कि फिलिस्तीनी वारहेड में होता है। इज़रायली फौज का दूसरा वीडियो अस्पताल की इमेजिंग दिखाता है। यह अस्पताल के पार्किंग स्थल और जली हुई कारों पर हुए हमले की तस्वीर दर्शाता है।

यह कोई गड्ढा भी नहीं दिखाता है जो इज़रायली हथियार के कारण बना है। वीडियो के अंत में ऐसे क्रेटर (गड्ढा) का एक उदाहरण है और संलग्न फोटो में अस्पताल के पार्किंग स्थल की तुलना आईडीएफ आयुध क्रेटर से की गई है।

इज़रायली दूतावास के प्रवक्ता ने कहा कि हमले के चंद क्षणों में ही हमास ने यह खबर फैला दी और कुछ ही मिनटों में दावा किया कि सैकड़ों (करीब 500) लोगों की हत्या कर दी गई और उन्हें जला दिया गया। इन आंकड़ों को निश्चितता के साथ व्यक्त करने में आम तौर पर अधिक समय लगता है। हम 12 दिनों के बाद भी सात अक्टूबर हमले से मृतकों की संख्या की पहचान और समेकित कर रहे हैं। इस प्रकार हमास का बयान संदेहास्पद है और संभवतः पूरी तरह से मनगढ़ंत है।

# पाकिस्तान ने किया 'अबाबील' बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण, भारत भी जद में

### -भारतीय एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम के जवाब में खुद को मजबूत करना है मकसद

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान सशस्त्र बलों ने बुधवार को सतह से सतह पर मार करने वाली मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अबाबील' का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। इस मिसाइल की 'घोषित' मारक क्षमता 2,200 किमी. है, जिसकी जद में भारत भी आता है। इसका उद्देश्य भारतीय एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम के जवाब में बढ़ते क्षेत्रीय बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) वातावरण में पाकिस्तान की बैलिस्टिक मिसाइलों की क्षमता बढ़ाना है।

पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मिसाइल का घोषित उद्देश्य भारतीय बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणालियों से आगे निकलना है। सैद्धांतिक रूप से इसका उपयोग भारत के परमाणु शस्त्रागार को नष्ट करने के लिए जवाबी हमले में भी किया जा सकता है। मिसाइल की लंबाई 21.5 मीटर और व्यास 1.7 मीटर है और इसे पारंपरिक और परमाणु हथियार दोनों ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें कई स्वतंत्र रूप से लक्षित रीएंट्री वाहन (एमआईआरवी) हैं, जो दक्षिण एशिया के पहले एमआईआरवी पेलोड का प्रदर्शन करते हैं। इसकी अधिकतम मारक सीमा 2,200 किलोमीटर यानी 1,400 मील है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान के पास इतनी क्षमता वाली पहली मिसाइल होगी। यह कुल 1,500 किलोग्राम (3,307 पाउंड) हथियार ले जा सकती है, जिसमें 500 किलोग्राम (1102.3 पाउंड) के तीन मानक हथियार या 300 किलोग्राम (661.4 पाउंड) के 5 या 185 किलोग्राम (408 पाउंड) वजन के 8 अधिकतम हथियार हो सकते हैं। अबाबील को शाहीन-III एयरफ्रेम और ठोस-ईंधन मोटर्स का विकास कहा जाता है लेकिन यदि यह वास्तव में शाहीन-3 मिसाइल का विकास है तो इसकी हथियार ले जाने की क्षमता बढ़ गई है,



लेकिन सीमा 2,750 किमी (1,709 मील) से घटकर 2,200 किमी (1,400 मील) हो गई है। इस मिसाइल का पहला सार्वजनिक रूप से घोषित परीक्षण लॉन्च 24 जनवरी, 2017 को किया गया था।

# एकदिवसीय विश्वकप में आज भारत और बांग्लादेश में होगा मुकाबला

**पुणे (एजेंसी)।** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम गुरुवार को एकदिवसीय विश्व कप क्रिकेट मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत के इरादे से मैदान में उतरेगी। अब तक अपने तीनो ही मैच जीतने से भारतीय टीम जहां अंक तालिका में शीर्ष पर है। वहीं उसका मनोबल भी बढ़ा हुआ है। भारतीय टीम ने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया, दूसरे में अफगानिस्तान और तीसरे में पाकिस्तान को हराया है। अब भारतीय टीम का लक्ष्य बांग्लादेश को हराकर टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत दर्ज करना रहेगा। हाल में जिस प्रकार इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका को नई टीमों से हार का सामना करना पड़ा है उसे देखते हुए भारतीय टीम बांग्लादेश को हल्के में लेने की भूल नहीं करेगी। वैसे भी बांग्लादेश ने पिछले चार एकदिवसीय में से तीन में भारत को हराया है। इसमें एशिया कप का एक मैच भी शामिल है।

भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित अपना आक्रामक रुख बरकरार रखेंगे। वहीं शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल और विराट कोहली भी इस मैच में बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। रोहित ने पिछले दो मैचों में 86 और 131 रनों की शानदार पारी अब तक भारत की ओर से सबसे अधिक रन बनाये हैं। उन्होनें पाक के खिलाफ 86 और अफगानिस्तान के खिलाफ 131 रनों की शतकीय पारी खेली।

भारत अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर है और उनका लक्ष्य इसके बनाये रखना होगा। रोहित के जोड़ीदार शुभमन भी विश्वकप में बड़ी पारी खेलकर अपने को साबित करना चाहेंगे। इस साल की शुरुआत से ही वह अच्छी लय में हैं। पाकिस्तान के खिलाफ विराट रन नहीं बना पाये पर पहले दो मैच में उन्होंने अर्धशतक लगाये थे। विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 85 और अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 55 रन बनाये।

वहीं मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद अर्धशतक लगाकर भारतीय बल्लेबाजी की गहरायी को बढ़ा दिया है। बल्लेबाजी पिच पर भारतीय टीम को रोकना बांग्लादेशी गेंदबाजों के लिए आसान नहीं होगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो इस मैदान पर भारतीय टीम सात में से अपने चार मैच ही जीत पाई है, ऐसे में टीम यहां अपनी ओर से कोई कसर नहीं रखेगी। गेंदबाजी की कमासन जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव के पास रहेगी। अब तक भारतीय गेंदबाजों के सामने इस विश्वकप में बल्लेबाजों के लिए रन बनाना बेहद कठिन रहा है।

वहीं दूसरी ओर बांग्लादेश के गेंदबाजों के लिए रोहित को रोकना सबसे कठिन रहेगा। रोहित अब तक शानदार फार्म में हैं। बांग्लादेश के लिए राहत की बात ये है कि उनके कप्तान शाकिब अल हसन अपनी चोट से उबर गये है और खेलने के लिए तैयार हैं। विश्व कप के पहले मैच में जीत और उसके बाद मिली दो हार से बांग्लादेश का मनोबल गिरा है। अब वह लगातार तीसरे मैच में नहीं हारना चाहेगी। इसके उसके लिए सेमीफाइनल में की राह मुश्किल हो जाएगी। पहले तीन मैचों में विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास और मेहदी हसन मिराज अर्धशतक लगाये पर नजमुल हसन शंटो और तौहीद हृदय जैसे युवा बल्लेबाज असफल रहे। मध्यक्रम में मुशफिकुर रहीम ही अब तक बड़ी पारी खेल पाये हैं। गेंदबाजी की बात करें तो अनुभवी तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान को लय नहीं मिल पायी है। जो टीम के लिए परेशानी की बात है। ऐसे में बांग्लादेश के लिए भारतीय बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना कठिन हो जाएगा।




### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** –रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, विराट कोहली, एस अय्यर, एचएच पंड्या, केएल राहुल (विकेटकीपर), आरए जड़ेजा, शार्दुल ठाकुर, जेजे बुमरा, मोहम्मद सिराज, केएल यादव

**बांग्लादेश** – शाकिब अल हसन (कप्तान), नजमुल हुसैन शांतो, तौहीद हृदोय, तंजीद हसन, मेहदी हसन मिराज, , महमूदुल्लाह, लिटन दास, मुश्फिकुर रहीम (विकेटकीपर), मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम, तस्कीन अहमद।

# शेन बांड ने मुंबई इंडियंस से नाता तोड़ा, चार बार खिताबी जीत में रहे साथ



**मुंबई (एजेंसी)।** पिछले 9 साल से मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच रहे न्यूजीलैंड के पूर्व स्टार तेज गेंदबाज शेन बांड ने इस आईपीएल टीम से नाता तोड़ लिया है। बांड 2015 में मुंबई टीम से जुड़े थे और उनके गेंदबाजी कोच रहते टीम चार आईपीएल खिताब जीत चुकी है। उन्होंने मुंबई इंडियंस अमीरात के मुख्य कोच के पद से भी इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने टीम द्वारा जारी एक बयान में कहा, 'मैं पिछले नौ सत्र में मुंबई इंडियंस परिवार का हिस्सा बनने के लिए अंबानी परिवार को धन्यवाद देता हूं। यह बेहतरीन अनुभव रहा और मैदान के भीतर तथा बाहर काफी अच्छी यादें रही।' उन्होंने कहा, 'इतन महान लोगों, खिलाड़ियों और स्टाफ के साथ काम करने का मौका मिलन सौभाग्य की बात रही। मुझे उन सभ की कमी खलेगी। भविष्य के लिए शुभकामनाएं।'

बांड 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताब जीतने के समय मुंबई इंडियंस के साथ थे। मुंब ने इस साल अगस्त में श्रीलंका के लसिथ मलिंगा को गेंदबाजी कोच बनाया है। वह मुंबई के लिये खेल भ चुके हैं। न्यूजीलैंड के लिये 18 टेस्ट, 82 वनडे और 20 टी20 खेल चुके बांड ने मुंबई इंडियंस के युवा गेंदबाज को तैयार करने में अहम भूमिक निभाई है।

# महिला क्रिकेट का घरेलू सत्र गुरुवार से, महाराष्ट्र की ओर से खेलेंगी मंधाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना के घरेलू सत्र में महाराष्ट्र की ओर से खेलने की संभावना है। ये 19 अक्टूबर से अगले साल 26 जनवरी तक आयोजित होगा इसी कारण मंधाना महिलाओं की बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में भी नहीं खेलेंगी।मंधाना ने आगामी घरेलू सत्र और व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम को देखते हुए डब्ल्यूबीबीएल में अपना नाम नहीं भेजा था। वहीं डब्ल्यूबीबीएल के लिए 122 खिलाड़ियों की सूची में कुल 18 भारतीय खिलाड़ी हैं जिसमें हरमनप्रीत (मेलबर्न रेनेगेड्स) और जेमिमा (मेलबर्न स्टार्स) की टीम में बनी रहेंगी। वहीं मंधाना पिछले साल भी डब्ल्यूबीबीएल में शामिल नहीं हुई थीं। वह आगामी घरेलू सत्र पर ध्यान लगाना चाहती हैं और साथ ही आगे के व्यस्त अंतरराष्ट्रीय वर्ष के लिए अपने कार्यभार का प्रबंधन करना चाहती हैं।



रिपोर्ट के अनुसार मंधाना जबकि डब्ल्यूबीबीएल 19 अक्टूबर से दो दिसंबर तक चलेगा। इंग्लैंड विदेशी खिलाड़ियों के ड्राफ्ट पूल में सबसे आगे हैं जिसकी 35 खिलाड़ी इसमें शामिल हैं। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका 20 खिलाड़ियों से दूसरे नंबर पर है जिसमें करिश्माई सलामी बल्लेबाज लौरा वोलवार्ट, लिजेल ली और शबनीम इस्माइल मौजूद हैं।

# आईसीसी वनडे रैंकिंग में रोहित शर्मा को फायदा, छठे पायदान पर पहुंचे भारतीय कप्तान

**दुबई (एजेंसी)।** विश्व कप में शानदार लय में चल रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में पांच स्थान के सुधार के साथ बल्लेबाजों की सूची में छठे पायदान पर पहुंच गये हैं। रोहित ने अफगानिस्तान के खिलाफ 131 रन की आक्रामक पारी खेलने के बाद चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 63 गेंद में 86 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली।

दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक लगातार दो शतकीय पारियों (श्रीलंका के खिलाफ 100 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 109) के बाद छठे से तीसरे स्थान पर पहुंच गये। उन्होंने टीम के साथी खिलाड़ी रासी वैन डर डुसेन को चौथे स्थान पर खिसका दिया। डिकॉक इस सूची में और ऊपर चढ़ने में नाकाम रहें क्योंकि नीदरलैंड के खिलाफ वह महज 20 रन की पारी ही खेल सके। इस सूची में बड़ा सुधार करने वालों में अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (19 स्थान के सुधार के साथ 18वें पायदान) और नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स (16 स्थान के सुधार के साथ 27वें पायदान पर) शामिल है।



इन दोनों बल्लेबाजों ने क्रमशः इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। रैंकिंग में शुभमन गिल दूसरे जबकि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम शीर्ष पर मौजूद है। गिल बीमारी के कारण विश्व कप के शुरुआती दो मैचों को नहीं खेल सके जबकि पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 12 रन बनाये। इससे बाबर को शीर्ष पर अपनी स्थिति को और मजबूत करने का मौका मिल गया। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने के करीब है। बांग्लादेश के खिलाफ 45 रन पर दो विकेट लेने के बाद वह शीर्ष पर काबिज जोश हेजलवुड (660 रेटिंग अंक) से महज एक अंक पीछे है।

अफगानिस्तान के करिश्माई स्पिनर राशिद खान दो स्थान के सुधार के साथ गेंदबाजों में चौथे स्थान पर है। केशव महाराज ने सात स्थान का सुधार किया और वह अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर है। तेज गेंदबाजों में भारत के जसप्रीत बुमराह (सात स्थान ऊपर) और दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा (एक स्थान ऊपर) 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि लुंगी एनगिडी छह स्थान ऊपर 16वें स्थान पर आ गये हैं। बांग्लादेश के अनुभवी शाकिब अल हसन 343 रेटिंग अंकों के साथ वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर कायम हैं।

# ब्राजील के विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में घुटने की चोट के बाद रोते हुए बाहर गए नेमार

मोंटेवीडियो (उरूग्वे)। उरूग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में 2.0 से मिली हार के दौरान पहले हाफ में घुटने में चोट लगने के कारण ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार रोते हुए मैदान से बाहर गए। 31 वर्ष के नेमार 44वें मिनट में दौड़ते हुए गिर गए। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उन्हें घेर लिया जब वह घुटना पकड़कर बैठे थे। उन्हें जब स्ट्रेचर पर ले जाया गया तो उन्होंने अपने हाथों से चेहरा ढक लिया था। उनकी जगह रिचार्लिसन ने मैच खेला। वह बैसाखियों के सहारे स्टेडियम से बाहर गए। ब्राजील के डॉक्टर रौद्रिगो लसमार ने कहा कि अभी यह कहना मुश्किल है कि उनकी चोट किस स्तर की है। उन्होंने कहा, 'हमने टेस्ट किए हैं और कल फिर करेंगे। इन 24 घंटों में पता चलेगा कि चोट कैसी है।'



# रोहित भारतीय टीम की कप्तानी के लिए सबसे बेहतर : पोंटिंगे



नई दिल्ली। दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनकी कप्तानी में भारतीय टीम अपनी धरती पर दूसरी बार विश्वकप जीत सकती है। भारतीय टीम ने अब तक दो बार विश्वकप जीता है पर पहली बार उसने ये खिताब इंग्लैंड में जीता था। पोंटिंग ने कहा कि निडर और चिंतारित खेल रोहित की सफलता का कारण है। साथ ही कहा कि वह टीम पर किसी प्रकार का दबाव भी नहीं बनाते। इससे भी टीम और बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहती है। पोंटिंग ने कहा कि भारतीय टीम की कप्तानी के लिए रोहित सबसे उपयुक्त हैं। वहीं विराट कोहली से तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि विराट जज्बाती खिलाड़ी है जो दूसरे खिलाड़ियों को जवाब देने के साथ ही कठिन हालातों में दबाव में आ जाता है जबकि रोहित शांत रहकर काम करता है।

पोंटिंग ने आईसीसी ने, रोहित बहुत शांत स्वभाव का है। वह जो कुछ भी करता है उसमें बहुत शांत रहता है। आप उसके खेलने के तरीके से भी यह देख सकते हैं। वह मैदान के अंदर और बाहर भी इसी तरह का है। पोंटिंग ने कहा कि विश्व कप में भारत का नेतृत्व करने के लिए रोहित सबसे अच्छे व्यक्ति हैं जिससे कोहली को बल्लेबाजी की अपनी भूमिका पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्होंने कहा कि रोहित के लिए कप्तानी में कोई कठिनाई नहीं है। इससे कोई दिक्कत नहीं होगी। वह एक शानदार व्यक्ति हैं और लंबे समय से एक महान खिलाड़ी रहे हैं।

# फीफा विश्व कप क्वालीफायर: पाकिस्तान ने कंबोडिया को हराकर पहली जीत दर्ज की



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने मंगलवार को यहां कंबोडिया को 1-0 से हराकर 2026 फीफा विश्व कप एशियाई क्वालीफायर में अपनी पहली जीत दर्ज की। जिन्ना स्पोर्ट्स स्टेडियम में 67वें मिनट में हारुन हामिद ने पाकिस्तान के लिए विजयी गोल किया।

पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन के अनुसार, यह पहली बार है कि पाकिस्तान ने फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग राउंड मैच जीता है। इस महीने की शुरुआत में कंबोडिया में दोनों पक्षों के बीच पहला चरण गोलरहित बराबरी पर समाप्त हुआ था। पाकिस्तान क्वालीफायर के दूसरे दौर में ग्रुप जी में सऊदी अरब, जॉर्डन और ताजिकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

विश्व रैंकिंग में 197वें स्थान पर रहने वाले पाकिस्तान ने 2018 के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं जीता था। फीफा द्वारा अप्रैल 2021 में अनुचित तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के कारण पाकिस्तान को 15 महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था, जो चार वर्षों में उनका दूसरा प्रतिबंध था।

पिछले हफ्ते, स्टीफ़न कॉन्सटेंटाइन को टीम का नया कोच नियुक्त किया गया था और उन्हें टीम के 13 मैचों की हार के सिलसिले को खत्म करने का काम सौंपा गया था। जून 2019 के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय खेल नहीं खेलने के बाद, पाकिस्तान ने नवंबर 2022 और जून 2023 के बीच आठ मैच खेले, जिसमें पांच मैत्री मैच शामिल थे, लेकिन वे सभी हार गए - इस प्रक्रिया में टीम ने 18 गोल खाए और केवल एक गोल किया।

# भारतीय-अमेरिकी मूल के अर्जुन निम्माला ने रचा इतिहास, 'इंडियन बेसबॉल ड्रीम्स' डॉक्यूमेंट्री-सीरीज में आएंगे नजर

**मुंबई (एजेंसी)।** मेजर लीग बेसबॉल और डिज्नी स्टार ने आईएमजी और एम्पेड पिक्चर्स के साथ मिलकर 'इंडियन बेसबॉल ड्रीम्स' नाम का डॉक्यूमेंट्री-सीरीज प्रोड्यूस किया है। इसमें पहली पीढ़ी के भारतीय अमेरिकी अर्जुन निम्माला की प्रेरणादायी कहानी के बारे में बताया गया है। जुलाई में टोरंटो ब्लू जेज द्वारा एमएलबी एमेच्योर ड्राफ्ट के पहले राउंड में निम्माला को शामिल किया गया था। इसी के साथ चार प्रमुख अमेरिकी पेशेवर खेलों में से किसी एक में इतने हाई पोजीशन पर चुने जाने वाले पहली पीढ़ी के भारतीय अमेरिकी के रूप में निम्माला ने इतिहास रच दिया था। डॉक्यूमेंट्री सीरीज दर्शकों को निम्माला के साथ एक ऐसी यात्रा पर ले जाती है, जहां वह अपने माता-पिता के गृहनगर विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) में अपनी जड़ों का पता लगाने के लिए निकले और भारत की खेल संस्कृति को उजागर किया। इस दौरान दोस्ताना क्रिकेट मैच के लिए निम्माला का भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रह चुके अजिंक्य रहाणे से मिलना एक बड़ी घटना थी। निम्माला क्रिकेट का अभ्यास करते हुए बड़े हुए हैं। पूरी डॉक्यूमेंट्री के दौरान अर्जुन निम्माला भारत की उभरती बेसबॉल प्रतिभाओं से मिलते हैं और इसमें इन युवा खिलाड़ियों की कहानियां भी दिखाई गई हैं। चार भाग वाली डॉक्यूमेंट्री सीरीज 18 अक्टूबर, 2023 को स्टार स्पोर्ट्स सिलेक्ट 1 और स्टार स्पोर्ट्स सेलेक्ट 2 पर लॉन्च की जाएगी और इसका अंतिम एपिसोड 21 अक्टूबर, 2023 को प्रसारित किया जाएगा। साथ ही इसका दोबारा प्रसारण 26 अक्टूबर, 2023 तक जारी रहेगा। इंडियन बेसबॉल ड्रीम्स' नवंबर में डिज्नी हॉटस्टार पर देशभर में लॉन्च होगा।

यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज एमएलबी और डिज्नी स्टार के बीच विस्तारित साझेदारी के रिन्यूअल का हिस्सा है। वर्ल्ड सीरीज के प्रसारण के साथ-साथ (जैसा कि 2020 से हो रहा है), स्टार स्पोर्ट्स पहली बार स्टार स्पोर्ट्स सिलेक्ट 1 और 2 पर मेजर लीग बेसबॉल पोस्ट सीजन के एक्स्ट्रा राउंड अक्टूबर और नवंबर में लाइव प्रसारित कर रहा है। ये प्रसारण विशेष रूप से भारतीयों के लिए तैयार किए गए हैं। पहली बार भारतीय बाजार में इसका प्रसारण किया गया और एमएलबी की सर्वश्रेष्ठ टीमों को दिखाया गया क्योंकि वे विश्व सीरीज खिताब के लिए प्रयास कर रहे हैं। स्टार स्पोर्ट्स के प्रवक्ता ने कहा, इंडियन बेसबॉल ड्रीम्स 17 वर्षीय भारतीय अमेरिकी बेसबॉल खिलाड़ी अर्जुन निम्माला के बारे में बताया है, जिनका लक्ष्य एक प्रमुख अमेरिकी खेल के पहले राउंड में चुने गए पहली पीढ़ी के भारतीय अमेरिकी एथलीट बनकर इतिहास बनाना है। यह सीरीज अर्जुन पर प्रकाश डालती है। यह सीरीज उनकी असाधारण प्रतिभा, समर्पण और सीमाओं से परे बेसबॉल के बढ़ते प्रभाव के बारे में बताती है।

# रबाडा ने एकदिवसीय में 150 विकेट पूरे किये

धर्मशाला। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने नीदरलैंड के खिलाफ विश्वकप मुकाबले में दो विकेट लेने के साथ ही एकदिवसीय प्रारुप में अपने 150 विकेट पूरे किये। रबाडा ने यह उपलब्धि केवल 95 पारियों में ही हासिल कर ली जबकि स्टेन ने 96 पारियां में ये विकेट लिए थे। इसी के साथ ही उन्होंने अपने ही देश के तेज गेंदबाज डेल स्टेन का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। रबाडा ने नीदरलैंड्स के खिलाफ 56 रन देकर 2 विकेट लिए थे। अब तक दक्षिण अफ्रीकी टीम की ओर से तीन खिलाड़ियों ऐलन डोनाल्ड, मोर्ने मार्केल और इमरान ताहिर ने 89 पारियां में ही सबसे तेजी से अपने 150 विकेट पूरे हैं। एकदिवसीय प्रारुप में सबसे तेज 150 विकेट लेने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज मिचेल स्टार्क का है। स्टार्क ने 77 पारियों में ही यह रिकॉर्ड बनाया था। इसके बाद पाकिस्तान के सकलेन मुश्ताक ने 78 पारियों और फिर अफगानिस्तान के राशिद खान ने 80 पारियों में इतने विकेट लिए थे।



# डच कप्तान एडवर्ड्स बोले, हम केवल आनंद लेने नहीं जीतने आये हैं

धर्मशाला। नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने अपनी टीम को विश्वकप क्रिकेट के लीग मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली जीत पर खुशी जतायी है। इस मैच में डच टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 38 रनों से हराकर विश्वकप में दूसरा उलटफेर किया है। इससे पहले अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को हराकर सबको हैरान कर दिया था। नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका पर मिली जीत के साथ ही पहली बार विश्व कप में किसी टेस्ट खेलने वाले देश पर जीत दर्ज की है। नीदरलैंड ने इससे पहले गत वर्ष टी20 विश्व कप में भी अफ्रीकी टीम हराया था। इस मैच में 78 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले एडवर्ड्स ने कहा कि उनकी टीम केवल भाग लेने नहीं बल्कि अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने आई है। उन्होंने कहा, टूर्नामेंट में प्रवेश हासिल करने के बाद से तय था कि हम इस टूर्नामेंट में क्या करना चाहते हैं। हम यहां केवल खेल का आनंद लेने नहीं आए हैं। हम यहां जीतने के साथ ही अपने को अगले चरण में पहुंचाने का प्रयास करेंगे।



# शमी को इस कारण नहीं मिल पा रही टीम में जगह



### –सिराज को आराम देने की हालत में ही मिलेगा अवसर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को इस बार विश्वकप में अब तक हुए तीन मुकाबलों में जगह नहीं मिल पायी है। माना जा रहा है कि इस बार टीम प्रबंधन अंतिम ग्यारह में शामिल सदस्यों की भूमिका को लेकर अधिक स्पष्ट है और यही कारण है कि शमी को जगह नहीं मिल पा रही है। शमी ने विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मैच में पांच विकेट लिए थे। इसके बाद भी उन्हें टीम में जगह नहीं मिलना दिखाता है कि प्रबंधन टीम में शामिल खिलाड़ियों पर पूरा भरोसा जता रहा है।

तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी जसप्रीत बुमराह के साथ मोहम्मद सिराज ने संभाली है जबकि ऑलराउंडर की हार्दिक पांड्या तीसरे तेज गेंदबाज की भूमिका ठीक से निभा रहे हैं। इसके अलावा एक अन्य गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने भी अब तक सपाट पिच पर चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका से प्रबंधन को संतुष्ट किया है। वहीं अगर चेन्नई की तरह पिच स्पिनरों के लिए सहायक हो तो फिर कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के साथ तीसरे स्पिनर के रूप में आर अश्विन को अंतिम एकादश में जगह मिल रही है। वहीं पिछले विश्वकप की अपेक्षा इस बार बल्लेबाजी में भी अधिक स्पष्टता नजर आ रही है। श्रेयस अय्यर चौथे नंबर पर उतर रहे हैं। इसी कारण आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को भी अंतिम एकादश में जगह नहीं मिल रही। कप्तान रोहित शर्मा की कुशल कप्तान में इस इस समय भारतीय टीम अजेय नजर आ रही है हालांकि टीम प्रबंधन को तय करना होगा कि क्या वह हार्दिक पंड्या को तीसरे तेज गेंदबाज की भूमिका दी जा सकती है या नहीं।

चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष एमएसके प्रसाद ने कहा, 'उनकी रणनीति परिस्थितियों के अनुसार खेलने की है और अभी तक यह सफल रही है। शमी को तभी जगह मिलेगी जब वह सिराज को रोटेट करना चाहेंगे।

# शादाब की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल करें : शोएब मलिक

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शोएब मलिक ने कहा है कि विश्वकप में अब तक स्पिनर शादाब खान का प्रदर्शन खराब रहा है। इसलिए उन्हें टीम से बाहर कर देना चाहिये। पाक का अब 20 अक्टूबर को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया से खेलना है। मलिक ने कहा कि इस मैच में कप्तान बाबर आजम शादाब की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल करें क्योंकि शादाद अब तक प्रभावी नहीं रहे हैं और उनके खिलाफ बल्लेबाजों ने काफी रन बनाये हैं। मलिक ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं कि शादाब एक बहुत अच्छा गेंदबाज है पर वह संघर्ष कर रहा है। साथ ही कहा कि शादाब से टीम उससे चार या छह नहीं बल्कि दस ओवर की उम्मीद करती है पर जिस प्रकार अब तक के मैचों में उन्होंने रन दिये हैं। उन्हें ये ओवर नहीं दिये जा सकते इसलिए मुझे लगता है कि उन्हें बदला जाना चाहिए। वहीं पूर्व तेज गेंदबाज वहाब रियाज का मानना है कि शादाब और दूसरे स्पिनर मोहम्मद नवाज को एक साथ लाइनअप में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। रियाज ने कहा, शादाब और नवाज को एक साथ रखना फायदेमंद नहीं है।



# बिना बड़े स्टार्स के फिल्में नहीं होती हैं हिट!

20 अक्टूबर को यारियां-2 रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म को राधिका राव और विनय सप्रू ने डायरेक्ट किया है। हाल ही में फिल्म की कास्ट ने दैनिक भास्कर से खास बातचीत की। दिव्या खोसला कुमार ने बताया कि वे फिल्म की रिलीज को लेकर नर्वस हैं। मीजान जाफरी ने कहा कि वे फिल्म में अपने किरदार शिखर रंधावा से असल जिंदगी में काफी अलग हैं। पर्ल वी पुरी ने सीरियल और फिल्मों की शूटिंग के बारे में बताया।

## फिल्म में बड़े स्टार्स का ना होना डराता है

फिल्म इंडस्ट्री में अक्सर फिल्में दोस्तों के बॉन्ड पर बनती हैं, ऐसे में यारियां-2 का कजिन बॉन्ड का आइडिया कैसा लगा? इस पर दिव्या खोसला कुमार ने कहा, ऑडियंस ने मुझे आजतक लीड रोल में बड़े पर्दे पर नहीं देखा है। इस फिल्म में मेरा किरदार बहुत अच्छा लिखा गया है, और मैंने बहुत काम किया है। मैं बहुत नर्वस हूं और चाहती हूं कि ऑडियंस हमारी फिल्म को एक्सेप्ट कर ले। आजकल के दौर में ऑडियंस बड़े स्टार्स की फिल्मों को बहुत पसंद कर रहे हैं। हालांकि हमारी फिल्म में बड़े स्टार्स नहीं हैं लेकिन, हम सब ने बहुत मेहनत की है। मीजान जाफरी अपने किरदार से असल जिंदगी में काफी अलग हैं मीजान जाफरी ने फिल्म में अपने किरदार शिखर रंधावा के बारे में बताया कि शिखर बहुत चुप रहता है, लेकिन मीजान बहुत बातें करता है, स्माइल करता है, एक्स्ट्रोवर्ट है, लोगों से मिलता-जुलता है।

## फिल्मों में हमें वक्त ज्यादा मिल जाता है

पर्ल वी पुरी ने टीवी सीरियल की शूटिंग और फिल्मों की शूटिंग के बारे में अंतर बताते हुए कहा, टीवी में, मैं 12-13 घंटे और कई बार 14-15 घंटे भी काम किया करता था, लेकिन यहां मैं 30-35 घंटे काम करता हूं। फर्क सिर्फ इतना होता है कि हमें टीवी में 12 घंटों में 22 मिनट का कंटेंट निकाल के देना होता है और फिल्मों में हमें 12 घंटों में 2 मिनट का कंटेंट निकाल के देना होता है। फिल्म रिलीज के वक्त होने वाली गुड़-गुड़ को लेकर दिव्या ने बताया कि उनको बोर्ड एग्जाम वाली फीलिंग है क्योंकि 20 अक्टूबर को फिल्म रिलीज होगी और बॉक्स ऑफिस रिजल्ट आएगा।



# विधु विनोद चोपड़ा ने अपने अब तक के करियर में मिले बेस्ट कॉम्पलिमेंट का किया जिक्र

विधु विनोद चोपड़ा फिलहाल अपनी मच अवेटेड फिल्म 12वीं फेल की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में हैं। विधु विनोद चोपड़ा फिलहाल अपनी मच अवेटेड फिल्म 12वीं फेल की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में विधु विनोद चोपड़ा फिल्म्स ने इंडस्ट्री में 45 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस खास दिन को यादगार बनाने के लिए उनकी फिल्म खामोश की कास्ट और क्रू जिसमें नसीरुद्दीन शाह, शबाना आज़मी, सोनी राजदान और कुछ और बॉलीवुड सेलिब्रिटीज शामिल हुए। ये सभी स्टार्स इस फिल्म फेस्टिवल के ओपनिंग डे को सेलिब्रेट करने एक साथ आए थे। फिल्म फेस्टिवल के दौरान विधु विनोद चोपड़ा से उनके 45 साल के करियर में अब तक मिली सबसे अच्छी तारीफ के बारे में पूछा गया। इस सवाल का दिलचस्प जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें सबसे अच्छी तारीफ नसीरुद्दीन शाह से मिली, उनकी पिछली रिलीज़ फिल्मों के लिए नहीं बल्कि जल्द ही रिलीज़ होने वाली 12वीं फेल के लिए। इस का जिक्र करते हुए विधु विनोद चोपड़ा ने कहा, शुरुआत से ही नसीरुद्दीन मुझसे कहते थे कि मुझे फिल्में डायरेक्ट करना नहीं आता, लेकिन 12वीं फेल देखने के बाद उन्होंने कहा, हां, तुमने डायरेक्शन सीख लिया है। जहां तक 12वीं फेल की बात करे तो यह फिल्म यूपीएससी के स्टूडेंट्स के इर्द-गिर्द घूमती है और वास्तविक जीवन के अनुभवों पर आधारित है। विक्रांत मैसी स्टारर यह फिल्म विधु विनोद चोपड़ा द्वारा निर्देशित और निर्मित हैं। यह 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ में रिलीज होगी।

# अनुराग की ब्लैक फ्राइडे में अभिनय करने को बड़ी गलती मानते हैं इम्तियाज



फिल्म निर्माता इम्तियाज अली को जब वी मेट, तमाशा, रॉकस्टार और अन्य फिल्मों के लिए जाना जाता है। अनुराग कश्यप की ब्लैक फ्राइडे में इम्तियाज अली ने अहम भूमिका निभाई थी। वह फिल्म में याकूब मेमन बने थे। फिल्म में भले ही उनकी भूमिका महत्वपूर्ण थी, लेकिन व्यापक रूप से उन्हें इस भूमिका के लिए दर्शकों से प्यार नहीं मिला। अब इम्तियाज ने इस बारे में बात करते हुए कहा कि अनुराग की फिल्म में अभिनय करना उनकी एक गलती थी।

## इम्तियाज को अपने फैसले पर पछतावा

हाल ही में दिए इंटरव्यू में इम्तियाज अली ने खुलासा किया कि उन्हें अनुराग कश्यप की ब्लैक फ्राइडे में अभिनय करने के अपने फैसले पर पछतावा है। उन्होंने कहा, जब हम छोटे होते हैं तो हम सभी गलतियां करते हैं। मेरी गलतियों में से एक उनकी सलाह लेना था। अनुराग और मैंने काफी समय एक साथ बिताया और यहां तक कि एक ही बिल्डिंग में भी रहे। हम एक-दूसरे के काम में गहराई से शामिल थे। मुझे नहीं पता कि उन्होंने क्यों सुझाव दिया कि मुझे ब्लैक फ्राइडे में याकूब मेमन की भूमिका निभानी चाहिए।

## इम्तियाज ने इस वजह से फिल्म में किया काम

इम्तियाज ने खुलासा किया कि अनुराग ने फिल्म में काम करवाने के लिए उन्हें इमोशनली ब्लैकमेल किया था। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि यह अनुराग की जिद थी, वह मुझे जलील करना चाहता था। उन्होंने मुझसे कहा, मैं आपके लिए जान दे सकता हूं, आप मेरे लिए रोल नहीं कर सकते। यह बात उन्होंने बहुत भावुक होकर कही, शायद इसलिए, क्योंकि वह उस समय एक संघर्षरत अभिनेता थे। उस वक्त भी वह एक्टिंग कर रहे थे। इम्तियाज ने खुलासा किया कि अनुराग असल में अभिनेता बनना चाहते थे। उन्होंने कहा कि अनुराग अभिनेता बनना चाहते थे। मैंने पहली बार कोई पोर्टफोलियो तब देखा था, जब अनुराग ने मुझे अपना पोर्टफोलियो दिखाया था। उस समय मुझे नहीं पता था कि मैं निर्देशक बनूंगा और भविष्य में कई पोर्टफोलियो देखूंगा, लेकिन अनुराग का पहला पोर्टफोलियो था। इसमें उनकी मसल्स दिखाने वाली तस्वीरें थीं। जब मैं एक टीवी शो की प्रोडक्शन टीम का हिस्सा था, जिसकी शूटिंग दिल्ली यूनिवर्सिटी में होनी थी, तब उन्होंने मुझसे संपर्क किया। अनुराग हंसराज कॉलेज में थे, जब मैं हिंदू कॉलेज में था तो वह मेरे हॉस्टल में मुझसे मिलने आए और अपना पोर्टफोलियो दिखाया। मैं उनकी मेहनत से बहुत प्रभावित था।

# केआरके ने किया ट्वीट फ्लॉप होगी सलमान खान की टाइगर-3

सलमान खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'टाइगर 3' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म के ट्रेलर को काफी पसंद किया जा रहा है। ट्रेलर ने फैंस के बीच फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। जहां फिल्म के टीजर में सिर्फ सलमान खान की झलक देखने को मिली थी। वहीं अब ट्रेलर में सलमान खान के अलावा कटरीना कैफ और इमरान हाशमी की झलक भी देखने को मिली है। ट्रेलर में सलमान खान एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। अब फिल्म का ट्रेलर आने के बाद जाने-माने फिल्म क्रिटिक और बॉलीवुड एक्टर ने दावा किया है कि फिल्म में अधिकतक स्टंट सलमान खान के डुप्लीकेट ने किए हैं। इसके अलावा उन्होंने भविष्यवाणी भी की है कि फिल्म फ्लॉप हो जाएगी।

## केआरके ने ट्वीट कर क्या लिखा

कमाल राशिद खान ने ट्वीट करते हुए लिखा कि फिल्म 'टाइगर 3' का ट्रेलर देखने के बाद मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि 95 प्रतिशत शूट डुप्लीकेट ने किए हैं और 5 प्रतिशत ओरिजनल एक्टर ने किए हैं। निर्देशक ने वीएफएक्स के जरिए एक बुढऊ को 30 साल के युवा जैसा दिखा दिया है। यह फिल्म निश्चित रूप से फ्लॉप होगी। इसके अलावा कमाल खान ने अपने अगले ट्वीट में लिखा कि मैंने फिल्म टाइगर 3 का ट्रेलर देखा और मैं कहूंगा कि परवेज़ काजी (डुप्लिकेट) अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में हैं। उन्होंने जबरदस्त एक्शन किया है। परवेज भाई को भविष्य की फिल्मों के लिए शुभकामनाएं।

## यूजर्स की प्रतिक्रियाएं

केआरके का ट्वीट सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया यूजर्स कमाल खान के ट्वीट पर अपनी प्रतिक्रियाएं देते नजर आ रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि यही बात आपने पठान के समय पर भी बोली थी। 300 करोड़ तो फिक्स हैं, कमा लेगी।' एक अन्य यूजर ने लिखा कि 'सलमान खान ने बिग बॉस में आपको बहुत लताड़ा था, कहीं ये उसी का गुस्सा तो नहीं है।'

## कब रिलीज होगी फिल्म

वहीं टाइगर 3 की रिलीज की बात करें तो फिल्म दिवाली के मौक पर 12 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म में सलमान खान के अलावा कटरीना कैफ और इमरान हाशमी अहम भूमिका में हैं।



# शाहरुख खान नहीं करेंगे लव स्टोरी फिल्में!

करण जौहर के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म कुछ कुछ होता है आज से 25 साल पहले 16 अक्टूबर को ही रिलीज हुई थी। रविवार की रात करण जौहर फिल्म की लीड स्टार कास्ट के साथ पीवीआर में आयोजित स्पेशल स्क्रीनिंग में पहुंचे। शाहरुख खान और रानी मुखर्जी को साथ में देखना फैंस के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं था, इस मौके पर किंग खान ने बताया कि इस फिल्म का लोगों की जिंदगी में क्या इंपॉर्टेंस है। हालांकि इवेंट का हाइलाइट वो पल रहा जब शाहरुख खान ने कहा कि अब वो लव स्टोरी मूवीज जवान बच्चों के लिए छोड़ रहे हैं। कुछ कुछ होता है की स्पेशल स्क्रीनिंग में शाहरुख खान ने कहा, इस फिल्म का हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण मकाम है हमारी जिंदगी में, हमारे दिलों में। आप लोग थोड़ा बहुत समझते हो, पूरा नहीं समझोगे क्योंकि कुछ कुछ होता है। शाहरुख खान की अगली लव स्टोरी फिल्मों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, अब पता नहीं लव स्टोरी करूं या ना करूं, अब जवान बच्चों को करने दो।



# कुछ फिल्में करने का ऋचा चड्ढा को आज तक है अफसोस

ऋचा चड्ढा इन दिनों अपनी फिल्म फुकरे 3 की वजह से चर्चा में हैं। ऋचा चड्ढा ने इंडस्ट्री में कई चर्चित फिल्मों में काम किया है। हाल ही में वह अपनी करियर यात्राा पर बात करती नजर आईं। इस दौरान उन्होंने कहा कि कुछ फिल्मों में काम करने का उन्हें काफी मलाल है। इसके अलावा ऋचा ने टॉक्सिक माहौल में काम करने का भी अपना अनुभव साझा किया। हाल ही में एक मीडिया वेबसाइट को दिए इंटरव्यू के दौरान जब ऋचा से फिल्मों को लेकर उनकी चॉइस के बारे में पूछा गया तो उन्होंने खुलासा किया कि वह शुरुआत से इस मामले में काफी सलेक्टिव रही हैं। ऋचा ने यह भी कहा कि करीब पांच-छह फिल्में ऐसी हैं, जिन्हें करने का उन्हें काफी मलाल है। ऋचा ने हालांकि उन फिल्मों का नाम नहीं लिया, लेकिन इनमें काम करने पर एतराज जताया। ऋचा ने कहा, मैं फिल्मों को लेकर काफी सलेक्टिव हूं। शुरुआत से ही मैं काफी सतर्क रही हूं। लेकिन, इसका यह मतलब नहीं कि मैंने गलतियां नहीं की हैं। मैंने कई ऐसी फिल्में की हैं, कि उनकी तरफ मुड़कर देखने पर काफी खराब महसूस होता है। मैं खुद हैरान होती हूं कि मैंने इसके लिए सहमति कैसे दे दी थी। हालांकि, जब आपको कोई स्क्रिप्ट मिलती है, तो आप हमेशा यह अनुमान नहीं लगा सकते हैं कि यह खराब रहेगी या अच्छी साबित होगी। ऋचा ने आगे कहा, जब आप पूरी तरह प्रतिबद्ध होते हैं, तो आप यह मानते हैं कि आप कुछ बेहतर और शानदार कर रहे हैं। आप यही समझते हैं कि यही सबसे बेहतर चुनाव है। इसलिए, ऐसे भी कई फैसले मैंने लिए, जिनका आज अफसोस है। हालांकि, आज जब मैं प्रोडक्शन के कामकाज में भी शामिल हूं तो कोशिश करती हूं कि इस किस्म के अफसोस अब न हों।

# शाहरुख से कुछ खास चोरी करना चाहते हैं राजकुमार राव

बॉलीवुड में नॉन फिल्मी बैकग्राउंड होने के बावजूद अपने अभिनय से खास जगह बनाने वाले अभिनेताओं में राजकुमार राव का नाम भी शामिल है। अपने फिल्मी करियर में किए गए किरदारों के जरिए एक्टर ने कम ही समय में लोगों के दिलों में खास जगह बना ली है। यही वजह है कि राजकुमार राव अब इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता में शामिल हो चुके हैं। जहां उनके अभिनय के सभी फैंस हैं, वहीं राजकुमार राव खुद भी स्टार्स के फैन हैं। राजकुमार राव के चहेते सितारों में शाहरुख खान का नाम भी शामिल है। वह अक्सर शाहरुख की तारीफ करते नजर आते हैं, लेकिन हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अभिनेता ने उस चीज का खुलासा किया जिसे वह किंग खान से चोरी करना चाहते हैं। इन दिनों अपनी स्त्री 2 और मिस्टर एंड मिसेज माही जैसी फिल्मों के लिए सुर्खियां बटोर रहे राजकुमार राव एक बार फिर चर्चाओं में हैं। इस बार उनके चर्चा में आने की वजह उनका दिया लेटेस्ट इंटरव्यू है। अभिनेता को हाल ही में लैक्मे फैशन वीक में जलवा बिखेरते हुए देखा गया। रैंप पर धमाल मचाने के बाद राजकुमार राव ने मीडिया संस्थानों से बात की और कई खुलासे किए। इस दौरान अभिनेता ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि वह अपने साथी कलाकारों और यहां तक कि अपने आदर्श शाहरुख खान से क्या चोरी करना चाहते हैं। हाल ही में दिए गए इस इंटरव्यू में राजकुमार राव ने कई खुलासे किए। लेकिन इसमें सबसे खास खुलासा शाहरुख खान से जुड़ा था, जिसमें उन्होंने यह बताया कि आखिर वह ऐसी क्या चीज है जिसे वह किंग खान से चुराना चाहते हैं। राजकुमार राव ने खुलासा करते हुए कहा, मैं शाहरुख खान से पूछना चाहता हूं कि वह उनके द्वारा छैया-छैया गाने में पहनी गई लाल जैकेट कहां रखी है? मैं उसे पाना चाहूंगा। जब उनसे पूछा गया कि वह रणवीर सिंह से कौन सी चीज चुराएंगे, तो अभिनेता ने तुरंत जवाब दिया कि उनकी एक्सेसरीज। अभिनेता ने आगे कहा, मुझे लगता है कि अभिषेक के पास जूतों का बहुत अच्छा कलेक्शन है, सलमान खान डेनिम काफी अच्छे से कैरी करते हैं और विजय वर्मा उनके दोस्त और क्लासमेट हैं, इसलिए मुझे उनसे कुछ चुराने की जरूरत नहीं है।



